ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • आश्विन कृष्ण पक्ष 15 • विक्रम संवत 2080 • शनिवार, 14 अक्टूबर 2023 • वर्ष-24 • अंक- 251 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



प्रभास की फिल्म से डर रहे हैं शाहरुख ...

पेज 10 पर

**आईसीसी वर्ल्ड कप 2023**

न्यूजीलैंड - 248/2 (42.5 ओवर)

बांग्लादेश - 245/9 (50 ओवर)

**आज का मैच**

भारत बनाम पाकिस्तान अहमदाबाद (2 बजे से)

## गागर में सागर

### पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 19 को



**रांची।** अवैध खनन मामले के आरोपित पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर शुक्रवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान ईडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए दोबारा समय देने का आग्रह किया गया, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। अदालत ने ईडी को अगली सुनवाई में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत ने अगली सुनवाई की तिथि 19 अक्टूबर निर्धारित की है। इससे पहले तीन अक्टूबर को भी मामले में सुनवाई हुई थी। इस दौरान भी ईडी के अधिवक्ता ने समय की मांग की थी । पंकज मिश्रा इसी केस में रांची ईडी कोर्ट से जमानत के लिए याचिका दायर कर चुके हैं, लेकिन अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उन्होंने हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन वहां से भी उन्हें कोई राहत नहीं मिली थी। पंकज मिश्रा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि हैं।पंकज मिश्रा को ईडी ने 19 जुलाई 2022 को गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान ईडी पंकज मिश्रा, दाहू यादव और उनके सहयोगियों के 37 बैंक खातों में जमा 11.88 करोड़ रुपये भी जब्त कर चुकी है।

### गिरिडीह में 20 हजार रुपये रिश्वत लेते कर्मचारी गिरफ्तार



**गिरिडीह।** जिला शिक्षा अधीक्षक ऑफिस के कर्मी मिथलेश गौतम को एसीबी की टीम ने शुक्रवार को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एसीबी की टीम गौतम को अपने साथ धनबाद ले गयी है। बताया जाता है कि डीएसई विनय कुमार के कार्यालय में कार्यरत मिथिलेश गौतम एक शिक्षक से पेंशन की स्वीकृति दिलाने के नाम पर 20 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी, जिसके बाद शिक्षक ने इस मामले की शिकायत एसीबी धनबाद से की थी। एसीबी धनबाद की टीम ने गिरिडीह के पपरवाटांड स्थित समाहरणालय में स्थित डीएसई के कार्यालय में गौतम को गिरफ्तार कर लिया।

### परिवार वालों पर बहू की हत्या का आरोप, तीन गिरफ्तार

**लोहरदगा।** जिले के कुडू थाना क्षेत्र के कुंदों गांव में एक महिला की हत्या करने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मृतका के पति, सास तथा ससुर को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका के पिता के बयान पर कुडू थाना में मामला दर्ज किया गया है। बताया जाता है कि कुडू निवासी योगेन्द्र साहू के पुत्र नितिंजय साहू की शादी 28 अप्रैल, 2016 को भंडरा थाना क्षेत्र के कुम्हरिया गांव निवासी राजेश साहू की पुत्री ज्योति देवी के साथ हुई थी। शादी के समय राजेश साहू ने दहेज के रूप में नकद तीन लाख रुपये तथा एक ग्लैमर बाईक दिया था। शादी के बाद ज्योति देवी तथा नितिंजय साहू से दो पुत्री हुईं, जिसमें एक पुत्री की मौत हो गई। पुत्र नहीं होने से ज्योति देवी के ससुराल वाले हमेशा प्रताड़ित करते थे तथा दूसरी शादी करने की बात कहते हुए मारपीट करते थे। राजेश साहू ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि गुरुवार को उसका साला कैरो थाना क्षेत्र के नरौली गांव निवासी बलराम साहू के मोबाइल में नितिंजय साहू ने फोन कर कहा कि ज्योति की मौत हो गई है।

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का किया अनावरण, बोले**

# हमारे खिलाड़ी खनिज संपदा से ज्यादा मूल्यवान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकताओं में खेल एक अहम हिस्सा है। खेलों में झारखंड एक मजबूत शक्ति के रूप में उभरे। यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग मुकाम हासिल करें। इसके लिए खेलों से जुड़ी व्यवस्थाओं और संसाधनों को मजबूत कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि देश में राष्ट्रीय स्तर पर कोई भी खेल के लिए टीम तैयार हो उसमें झारखंड के खिलाड़ी हमेशा शामिल रहें।

मुख्यमंत्री ने यह बात शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में आयोजित वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी-2023 के इवेंट मैस्कोर्ट जूही और ट्रॉफी का अनावरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि झारखंड के खिलाड़ियों ने देश और दुनिया में सभी खेलों में अपनी अलग पहचान बनाई है। यदि हम क्रिकेट खेल की भी बात करें तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाने वाले महेंद्र सिंह धोनी भी हमारे राज्य से ही आते हैं। राज्य में विमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी-2023 की शुरूआत 27 अक्टूबर से हो रही है। आने वाले दिनों में अन्य राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का मेजबानी झारखंड करेगा, ऐसा मुझे पूरा विश्वास है।

हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड खनिज संपदा के लिए अधिक जाना जाता रहा है। यहां सभी तरह के खनिज का मिलना आम बात है। यह राज्य देश को अलग ताकत प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने इस क्रम में एजुकेशन, हेल्थ आधारभूत संरचना, पर्यटन तथा खेल के विकास के लिए कार्य करने की पूरी योजना तैयार की। राज्य सरकार की ओर से जब यहां के खिलाड़ियों को तराशने का कार्य प्रारंभ हुआ तब पता चला कि खिलाड़ियों को तराशना यहां की खनिज संपदा से कहीं अधिक मूल्यवान है।

**हॉकी इंडिया के प्रति जताया आभार**

मुख्यमंत्री ने झारखंड राज्य में वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी-2023 का आयोजन करने के लिए हॉकी इंडिया के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इस आयोजन से खिलाड़ियों के बीच नई रोशनी फैलेगी। मैं हॉकी फेडरेशन को आश्वस्त करता हूं कि इस आयोजन में किसी तरह की कमी नहीं रहेगी। चैंपियन ट्रॉफी में सरकारी व्यवस्था का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। आयोजन से राज्य के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन भी मिलेगा। मुख्यमंत्री ने विशेष तौर पर अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के अध्यक्ष मोहम्मद तैयब इकराम एवं उनकी पूरी टीम को सहृदय धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के अध्यक्ष मोहम्मद तैयब इकराम, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की, राज्य के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, खेल सचिव मनोज कुमार, हॉकी इंडिया के सेक्रेटरी जनरल भोलानाथ सिंह, कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरन सहित कई पूर्व ओलंपियन हॉकी खिलाड़ी, वर्तमान खिलाड़ी सहित अन्य मौजूद थे।

**दुर्गा पूजा से पहले मुख्यमंत्री ने की विधि व्यवस्था को लेकर बैठक, कहा**

# सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हों




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य में दुर्गा पूजा और आगामी अन्य पर्व-त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न हों। कहीं भी किसी भी प्रकार की कोई हिंसा और उपद्रव की घटना नहीं हो, इसे सभी जिलों के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक सुनिश्चित करें। इस क्रम में सारी प्रशासनिक तैयारियां समय पर हो जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री राज्य मंत्रालय में शुक्रवार को दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ महापर्व समेत अन्य पर्व-त्योहारों के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर वरीय अधिकारियों एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर रहे थे। उन्होंने सुरक्षा, साफ सफाई, स्वच्छता, बिजली-पानी, यातायात व्यवस्था, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड आदि की व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों से जानकारी लेने के साथ उन्हें कई अहम निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान संवेदनशील और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में विशेष सतर्कता बरते। विशेष कर पूजा पंडालों और आसपास के क्षेत्र में असामाजिक तत्वों पर निगरानी की व्यवस्था होनी चाहिए। महिलाओं के साथ छेड़खानी की घटनाएं नहीं हो, ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो, इसका पूरा ध्यान रखें।मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्व-त्योहारों के दौरान कई बार पावर कट की वजह से दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है । ऐसे में सभी हाई मास्ट और स्ट्रीट लाइट्स दो दिनों के अंदर दुरुस्त हो जानी चाहिए। उन्होंने जिलों के उपायुक्त से कहा कि बिजली आपूर्ति को लेकर वैकल्पिक व्यवस्था भी तैयार रखें। बेहतर होगा कि इसके लिए जनरेटर की व्यवस्था रखें। उन्होंने कहा कि सभी महत्वपूर्ण और बड़े पूजा पंडालों और जुलूस विसर्जन मार्ग में सभी सीसीटीवी फंक्शनल होनी चाहिए ताकि यहां की गतिविधियों की सतत निगरानी हो सके। इसके साथ पूजा पंडालों में जवानों की 24 घंटे तैनाती रहनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विसर्जन जुलूस मार्ग में कहीं भी ईंट-पत्थर जमा नहीं रहना चाहिए। डिवाइडर में लगे लोहे के तार भी दुरुस्त कर लिए जाएं।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वे विभिन्न पूजा समितियां को इको फ्रेंडली पूजा आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित करें। पूजा के दौरान प्रदूषण नहीं हो, इसके लिए जागरूक करें। यह भी योजना बनाएं कि जो पूजा समिति सरकार के गाइडलाइन का पालन करेंगी उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। मुख्यमंत्री कहा कि सोशल मीडिया पर पूरी नजर रखें। यदि कोई सोशल मीडिया पर अफवाह या भ्रम फैलाने की कोशिश करता शेष पृष्ठ 11 पर

**हाईकोर्ट से सीएम हेमंत को झटका**

# ईडी के समन के खिलाफ याचिका हुई खारिज




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की बेंच ने शुक्रवार को ईडी के समन के खिलाफ हेमंत सोरेन की याचिका खारिज कर दी।

हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने अपनी दलील में कहा कि सीएम सोरेन ने समन का पहले ही उल्लंघन किया है। वे ईडी के किसी भी समन पर उपस्थित नहीं हुए। ऐसे में उनका समन को चुनौती देने का कोई औचित्य नहीं है, इसलिए उन्हें राहत नहीं दी जा सकती। ईडी की ओर से यह भी कहा गया कि प्रार्थी ने जो पीएमएलए एक्ट की धारा 50 और 60 को चुनौती दी है, उसे सुप्रीम कोर्ट विजय मदन लाल चौधरी के केस में डिसाइड कर चुका है। इसके तहत एजेंसी को समन और बयान लेने का अधिकार है। ऐसे में हाई कोर्ट इस मामले में कोई आदेश नहीं दे सकता। वहीं सीएम की ओर से वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि सीएम के खिलाफ किसी तरह का कोई मामला दर्ज नहीं है। ऐसे में उन्हें ईडी द्वारा समन दिया जाना उचित नहीं है। बता दें कि ईडी ने जमीन घोटाला मामले में पूछताछ के लिए हेमंत सोरेन को पांच समन भेजे थे, लेकिन वे किसी भी समन पर उपस्थित नहीं हुए। उन्होंने बीते 23 सितंबर को ईडी की ओर से जारी शेष पृष्ठ 11 पर

## सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़, कई नक्सली घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सल प्रभावित गोइलकेरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ में दोनों तरफ से भीषण गोलीबारी में कई नक्सली घायल हो गए। हाथीबुरू कुरिया के जंगली क्षेत्र में मुठभेड़ होने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार सुबह सुरक्षा बलों के जवानों ने एंटी नक्सल अभियान शुरू किया। इस दौरान माओवादियों ने एकतरफा फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षाबलों की जबाबी कार्रवाई में कई माओवादी घायल हो गए है। फिलहाल मुठभेड़ जारी है। पश्चिमी सिंहभूम जिला के एसपी आशुतोष शेखर से संपर्क न हो पाने की वजह से सही स्थिति का पता नहीं चल पाया है।



### चाईबासा में सुरक्षाबलों ने नष्ट किए तीन आईईडी

सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन के दौरान जिले के चाईबासा में तीन इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) और स्पाइक होल बरामद किया। इनको मौके पर नष्ट कर दिया गया। एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि सुरक्षाबलों ने पांच-छह केजी के दो और तीन-चार केजी का एक आईईडी बरामद किया। इस दौरान एक स्पाइक होल भी मिला। सुरक्षाबलों की चौकसी से बड़ी अनहोनी टल गई। शेखर ने शेष पृष्ठ 11 पर

# जेल का भरोसा नहीं, पुलिस अब खुद रखेगी अंदर बाहर वालों पर नजर, नोडल अफसर हुए तैयार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जेल की सूचना के भरोसे अब रांची पुलिस नहीं रहेगी। अपराधियों के जेल के अंदर बाहर होने की सारी जानकारी अब पुलिस खुद जुटाएगी, इसके लिए रांची के सभी थानों में एक एक नोडल अफसर बनाया गया है यह नोडल अफसर अपने-अपने थाना क्षेत्र से जेल जाने वाले और जेल से निकलने वाले अपराधियों का डेटाबेस तैयार कर उन पर नजर रखेंगे।

**क्या-क्या जानकारी लेनी है**

रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा के द्वारा नोडल अफसर सभी थानों में नियक्त किए जा चुके है। सभी अपना काम भी शुरू कर चुके है। नोडल अफसर को जो सूचना जुटानी है उनमें :-

- जेल से जमानत पर कौन अपराधी निकला
- एक सफ्ताह के बीच उससे मिलने कौन कौन आया
- जेल में रहने के दौरान अपराधी का आचरण कैसा था
- जेल से निकलने के बाद अपराधी से थाना हाजिरी निश्चित करवाना
- पूरे परिवार के साथ सभी पहचान पत्र और सभी मोबाइल नम्बर जमा करना

### अपना डेटाबेस जरूरी

जेल में बंद अपराधी कब जमानत पर बाहर निकलते हैं या फिर उनसे मिलने कौन-कौन लोग जाते हैं ,जेल से निकलने के बाद उनकी गतिविधियां कैसी है इसकी जानकारी अगर पुलिस के पास रहे तो अपराध पर एक हद तक काबू पाने में पुलिस को मदद मिलती है। लेकिन लाख प्रयास के बावजूद जेल प्रशासन की तरफ से पुलिस को यह जानकारी सही समय पर नहीं मिल पाती है कि कौन सा अपराधी जमानत पर बाहर निकल रहा है, या फिर किस अपराधी की सजा खत्म हो गई है। जेल में अपराधियों से मिलने आने वाले मुलाकातियों की सूचना भी पुलिस को नहीं मिल पाती है। ऐसे में अब रांची में सभी 44 थाना और टीओपी में एक-एक नोडल अफसर बनाए गए हैं, नोडल अफसर अब हर दिन जेल और पुलिस कोर्ट ऑफिस में जाकर अपराधियों के बारे में जानकारी इकट्ठा करेंगे।

### कुख्यात पर कड़ी नजर

राजधानी के वैसे अपराधी जो किसी भी तरह के अपराध के लिए कुख्यात क्यों ना हो उन पर विशेष नजर रखी जाएगी।

हत्या, डकैती, लूट, छिनतई जैसे अपराध में लिप्त अपराधी थाना को बिना सूचना दिए शहर नही छोड़ेंगे, सभी को नोडल अफसर की मौजूदगी में थाना हाजिरी लगानी होगी।

### एक दूसरे के सम्पर्क में रहेंगे नोडल अफसर

सभी थानों के नोडल अफसर एक दूसरे के संपर्क में रहेंगे , इसके लिए उनका एक संयुक्त रूप से व्हाट्सएप ग्रुप भी बना दिया गया है। एक दूसरे के क्षेत्र के अपराधियों के बारे में भी वे सूचना साझा करेंगे ताकि शहर का कोई भी अपराधी जेल से बाहर निकले तो उसकी शेष पृष्ठ 11 पर

**डिजिटल शिक्षा की दिशा में झारखंड सरकार की पहल**

# गुरूजी ऐप से पढ़ेंगे स्कूलों के बच्चे



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड सरकार निजी स्कूलों के तर्ज पर राज्य के सरकारी स्कूल को इन दिनों आधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ शिक्षा देने की तैयारी में जुट गई है। सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के खोले जाने के बाद अब राज्य सरकार ऑनलाइन डिजिटल शिक्षा देने पर जुटी है। इसी कड़ी में 16 अक्टूबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरूजी ऐप की शुरूआत करेंगे।

झारखंड शिक्षा विभाग द्वारा तैयार गुरूजी ऐप मोबाइल ऐप सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को ऑनलाइन शिक्षा मुहैया करायेगा। खास बात यह है कि इस ऐप में बच्चों को स्कूल के साथ साथ घर में भी ऑडियो वीडियो के साथ डिजिटल स्क्रिप्ट के साथ पढ़ाई कर सकेंगे।

शिक्षा सचिव के रवि कुमार के अनुसार आम तौर पर सरकारी स्कूलों के बच्चे कई तरह के ऑनलाइन ऐप सब्सक्राइब नहीं कर पाते थे, जिस वजह से नयी टेक्नोलॉजी के साथ पढ़ाई से वे वंचित रह जाते थे। इस ऐप में ऐसे कई फीचर्स हैं जिसमें वे पढ़ाई के साथ साथ मूल्यांकन भी कर सकेंगे। इस ऐप की खासियतः इस ऐप के माध्यम से डिजिटल कंटेंट के साथ ऑडियो-वीडियो माध्यम से बच्चे पढ़ाई कर सकेंगे। पढ़ाई के साथ साथ बच्चे खुद का मूल्यांकन भी कर सकेंगे। गलत उत्तर की समुचित व्याख्या के साथ सही उत्तर इस ऐप के जरिए मिलेगा। छुट्टी के दिन घर बैठे यूजर पासवर्ड के माध्यम से बच्चे लॉगिन कर पढ़ाई कर सकेंगे। स्कूली बच्चों की पढ़ाई और मूल्यांकन की मॉनिटरिंग टीचर कर सकेंगे। गुरूजी ऐप स्मार्ट फोन के प्ले स्टोर से बिल्कुल मुफ्त डाउनलोड किया जा सकता है।

डिजिटल शिक्षा देने को लेकर सरकार के द्वारा की गई इस तैयारी से झारखंड के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के लाभान्वित होने की उम्मीद जताई जा रही है। जिसे ध्यान में रखते हुए 16 अक्टूबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरूजी ऐप लॉन्च करने जा रहे हैं। नयी टेक्नोलॉजी के साथ शुरू होने वाली शिक्षा को शेष पृष्ठ 11 पर

# राज्यपाल राधाकृष्णन ने बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विवि के वीसी को किया पदमुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सह झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद के कुलपति प्रो सुखदेव भोई को कुलपति के पद से पदमुक्त करने का आदेश दिया है। राजभवन से शुक्रवार को मिली जानकारी के अनुसार प्रो सुखदेव भोई के विरुद्ध विभिन्न स्तरों से कई गंभीर शिकायतें कुलाधिपति कार्यालय को प्राप्त हुई, जिस पर राज भवन की ओर से जांच का आदेश दिया गया। उच्च शिक्षा विभाग की ओर से आरोपों की जांच के लिए एक टीम गठित की गई। राज्यपाल के निर्देश के बाद टीम की ओर से गहन जांच कर जांच प्रतिवेदन समर्पित किया, जिसमें बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद के कुलपति की ओर से प्रशासनिक एवं वित्तीय अनियमितता बरतने की कई गंभीर शिकायतों की पुष्टि की गई। समीक्षा के बाद कुलपति का आचरण और कृत्य विश्वविद्यालय के हित में नहीं पाया गया। इसके राज्यपाल महोदय ने प्रो० सुखदेव भोई को कुलपति पद की गरिमा के विरुद्ध कार्य करने के लिए पदमुक्त करने का आदेश दिया। राज्यपाल ने कहा कि राज्य के किसी भी विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार क्षम्य नहीं है, उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। राज्यपाल ने कहा कि राज्य के विश्वविद्यालयों में किसी भी तरह का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## गागर में सागर

### सांसद व विधायक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की तीन सड़कों की रखेंगे आधारशिला




**सिल्ली/मुरी।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के फेज -3 अंतर्गत सिल्ली प्रखंड की तीन प्रमुख सड़कों की आधारशिला कल सांसद संजय सेठ एवं विधायक सुदेश कुमार महतो संयुक्त रूप से रखेंगे। इसकी जानकारी भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने दी। श्री महतो ने कहा कि तीन प्रमुख सड़क जिसकी आधारशिला रखी जानी है उनमें से टुटकी से धरमपुर 8 किलोमीटर पथ, चोरडेरा (रामडेरा) से सिंगपुर तक 7.95 किलोमीटर पथ, छोटाचांगड़ू से बनटोला (भाया बड़ाचांगड़ू तुंईकु, मुरहू, सालगाढीपा, कांशीपीड़ी) तक 16 किलोमीटर सड़क शामिल है। इन सड़कों के निर्माण में लगभग 28 करोड़ 14 लाख 34 हजार लागत आयेगी। उपरोक्त सड़क निर्माण की ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग थी जो अब पूरा हो रहा है।सड़क निर्माण की खबर से आसपास के लोगों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने सांसद संजय सेठ एवं विधायक सुदेश कुमार महतो का आभार जताया है।

### बाईक के आगे कुत्ते के आ जाने से युवक गिरकर हुआ घायल, अस्पताल पहुंचाया गया


**मांडर।** मांडर बेड़ो मुख्य पथ पर कंजिया बांध स्थित पुल के समीप बाईक के आगे कुत्ते के आने से एक बाईक सवार गिरकर बेहोश हो गया था।मांडर पुलिस ने सूचना मिलते ही उसे मांडर रेफरल अस्पताल ईलाज के लिए पहुंचाया। घायल युवक चान्हो प्रखंड के ताला पंचायत के चलियो बरवाटोली निवासी 45 वर्षीय मंगरा उरांव पिता गिरजा उरांव अपनी बाईक में अपना घर वापस अपना काम निपटा कर घर लौट रहा था।इसी दौरान उक्त दुर्घटना घट गई।मांडर पुलिस की तत्परता से युवक को समय से ईलाज कराकर उसकी जान बचाने में सफलता मिली।मांडर रेफरल अस्पताल में लाने के बाद डॉक्टर और कम्पाउंडर और नर्सो ने बेहोश हो चुके लाये घायल मरीज की ईलाज में सक्रियता दिखाते हुए ईलाज किया और उसे सही सलामत परिजनों के साथ घर भेज दिया।

### केंद्रीय विवि में 'मेरी माटी-मेरा देश' कार्यक्रम में पौधरोपण कर बनाया अमृत वाटिका



**रांची।** केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड में 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के अंतर्गत एनएसएस विद्यार्थियों ने शुक्रवार को पौधरोपण कर अमृत वाटिका बनाया। अपने-अपने घर से लाई गई मिट्टी को घड़े में लेकर पूरे परिसर में अमृत कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के बाद विद्यार्थियों ने पंच प्रण शपथ लेते हुए उनके द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें परिवहन आपातकाल जागरूकता, विभिन्न प्रदेशों की सांस्कृतिक झलक, देशभक्ति गीत इत्यादि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मार्गदर्शक एवं संरक्षक विश्वविद्यालय के कुलपति क्षिति भूषण दास ने मेरी माटी मेरा देश अभियान को राष्ट्रीय एकता और अखण्डता को बनाए रखने में एक मुख्य अभियान के रूप में देखने को प्रेरित किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. केके राव ने भारतीय संस्कृति की विविधता उसकी उपजाऊ मिट्टी को मातृत्व के रूप में पोषक करने वाली है कहते हुए कार्यक्रम की सराहना की। एनएसएस सह समन्वयक डॉ प्रज्ञा शुक्ला ने स्वागत संबोधन में मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत हुए विभिन्न कार्यक्रम को विस्तार से बताया। एनएसएस समन्वयक डॉ सुभाष बैठा ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. विजय ने कार्यक्रम में सहभागिता कर रहे सभी विद्यार्थियों एवं उपस्थित सभी शिक्षकों, कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य तभी सफल होगा जब हम अपने हाथों में जो अपनी मिट्टी लेकर शपथ लेते हुए वचन कहे उनका अनुसरण करें।

# ध्यान-योग से सभी पापों का नाश होता है : स्वामी गंगाधर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची जिला संतमत सत्संग समिति के तत्वावधान में महर्षि मेंही आश्रम चुटिया, रांची में चल रहे पक्ष ध्यान साधना शिविर में शुक्रवार को तेरहवें दिन के सत्संग में दूर-दूर से पधारे साधको एवं भक्तों को ऋषिकेश आश्रम से आये हुए पूज्य स्वामी गंगाधर जी महाराज, आश्रम के वरिष्ठ स्वामी श्री निर्मलानंद जी महाराज व चतरा आश्रम के स्वामी डॉ रविन्द्रनाथ ने संबोधित किया पूज्य स्वामी गंगाधर जी महाराज ने कहा कि ध्यान भारतीय मनोवियों की एक अनुपम देन है। शुन्यगत मन को ध्यान कहते हैं। ध्यान के माध्यम से साधक अपने मन पर नियंत्रण करते हैं। मन की चंचलता के कारण मनुष्य को सुख और शान्ति नहीं मिलती है ध्यान के द्वारा मनोनिरोध किया जाता है। मन पर विजय प्राप्त होने से सभी इन्द्रियों पर विजय प्राप्त हो जाता है। आगे उन्होंने कहा कि ध्यान योग के अतिरिक्त इस संसार में पाप का नाश करने कोई दूसरा तत्व नहीं है। महर्षि मेंही आश्रम के स्वामी पूज्य श्री निर्मलानंद जी महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि संसार के प्रायः सभी धर्मों में ध्यान की पद्धति है `वैदिक धर्मावलम्बी इसे ध्यान, इस्लाम धर्मावलम्बी इसे मराकवाह और ईसाई धर्म वाले इसे मेडिटेशन कहते हैं। मन को वश में करने के लिए इश्वरवाचक नाम का जप एवं नाम से संबंधित रूप का ध्यान किया जाता है। स्थूल से सूक्ष्म में प्रवेश करने के लिए बिंदु ध्यान और शब्द साधना की आवश्यकता है। संत सद्गुरु महर्षि मेंही परमहंस जी महाराज ने इसी को मानस जप, मानस ध्यान, दृष्टि योग और नादानुसंधान कहते हैं` आगे उन्होंने कहा कि ध्यान में सफलता के लिए गुरुकृपा, सच्ची लगन व दृढ अभ्यास की आवश्यकता है। संतों ने मानवमात्र के लिए इसे उपयोगी कहा है। संतमत सत्संग के द्वारा अंतर्साधना करने की प्रेरणा हो जाती है जिसे करने पर ही मानव अपना परम कल्याण कर सकते हैं। ज्ञात हो कि शिविर में प्रतिदिन स्तुति प्रार्थना, भजन गायन, सत्संग योग एवं रामचरितमानस का पाठ एवं प्रवचन के कार्यक्रम होते हैं। साधकों एवं साधू संतों के लिए प्रतिदिन भंडारे की व्यवस्था होती है। शहर एवं अन्य जगहों के श्रद्धालु गण इस कार्यक्रम में भाग लें रहे हैं` कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु समिति के पदाधिकारी गण पूरी तत्परता से कार्य कर रहे हैं।

## बुलेट में आग : बीच सड़क पर मची अफरा-तफरी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** कांग्रेस विधायक जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह के सरकारी आवास के पास खड़ी की गई एक बुलेट मोटरसाइकल में शुक्रवार की दोपहर अचानक आग लग गई।आग पर काबू पाने के लिए विधायक खुद अपने घर से बाहर निकले और आग पर काबू पाया।

**क्या है पूरा मामला :** कांग्रेस विधायक जय मंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह के कचहरी चौक स्थित सरकारी आवास के बाहर खड़ी एक बुलेट में अचानक आग लग गई। कोई कुछ समझ पाता उससे पहले ही आज की लपटों ने बुलेट को पूरी तरह से अपने आगोश में ले लिया। इसी बीच बुलेट से निकली आग के लपटे बिजली के तारों को जलाने लगे, आग की वजह से बिजली की तार टूट कर नीचे गिरने लगे, मौके पर अफरा तफरी मच गई लोग इधर से उधर भागने लगे ट्रैफिक को भी बीच में रोक दिया गया। इसी बीच अचानक विधायक अनूप सिंह अपने बॉडीगार्ड के साथ बाहर निकले और आग पर काबू पाने में लग गए। अपने घर से अग्निशमन यंत्र लेकर निकले अनूप सिंह काफी देर तक आग पर काबू पाने की कोशिश करते रहे। आखिरकार विधायक और उनके बॉडीगार्ड के प्रयास से आग पर का अबू पाया गया।

**ट्रैफिक रोका, बिजली कटवाई :** दरअसल जिस वक्त आग लगी उस वक्त सड़क पर काफी ट्रैफिक था। आग की वजह से बिजली पोल से लगे हुए तार टूट टूट कर जमीन पर गिरने लगे थे जिनमें करंट दौड़ रहा था। सबसे पहले विधायक अनूप सिंह के द्वारा बिजली विभाग को फोन कर इलाके की बिजली कटवाई गई उसके बाद अपने बॉडीगार्ड और अपने दूसरे कर्मचारियों के साथ विधायक ने पानी और अग्निशमन यंत्र के माध्यम से आग पर काबू पाया। इस दौरान यह भी ध्यान रखा गया कि कहीं कोई राहगीर बिजली के चपेट में आने से या फिर आग की चपेट महीने से घायल ना हो जाए इसके लिए कुछ देर के लिए ट्रैफिक भी रोक दिया गया।

### राधा कृष्ण मंदिर में धूमधाम से मनाया जाएगा नवरात्र महोत्सव



**रांची।** राधा कृष्ण मंदिर कृष्णा नगर कॉलोनी नवरात्र महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर परिसर को विशेष तौर से सजाया गया है एवं 14 अक्टूबर को सुंदरकांड का सामूहिक पाठ शाम 4:00 बजे से भक्तों के द्वारा किया जाएगा। वहीं, 15 अक्टूबर से प्रातः 7.00 बजे पंडितों के द्वारा मां की पूजा अर्चना एवं कलश स्थापना मां की अखंड ज्योति प्रज्वलित की जाएगी। 11 भक्तों के द्वारा 11 मां की अखंड ज्योत प्रज्वलित की जाएगी। दुर्गा स्तुति का सामूहिक पाठ 8:00 बजे से सामूहिक रूप से भक्तों के द्वारा किया जाएगा उसके उपरांत आरती अरदास जाएगी एवं प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस कार्यक्रम की तैयारी में मुख्य रूप से कमेटी के प्रधान मनोहर लाल जसुजा रामचन्द्र तलेजा, चन्द्रभान तलेजा, केसर पपनेजा नंदकिशोर अरोड़ा, अरुण जसुजा ,हरीश अरोरा सुशील गेरा, निखिल घेई, हरीश मनुजा,किशोरी मुंजाल,चन्द्रभान तलेजा, सुनील कटारिया, गौरी शंकर मादनपोत्रा, किशोरी पपनेजा, मनोज किंगर रौनक मिड्ढा,पंकज गखड़, महेश कुक्कड़, चंद्रभान मनुजा ललित किंगर विशाल अरोड़ा जिमी अरोड़ा, विकाश घई विशाल, नरेश खत्री, विनीत अरोड़ा सहयोग कर रहे थे।

## सिल्ली थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

सिल्ली थाना परिसर में शुक्रवार को दुर्गा पूजा को लेकर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रेणु बाला की अध्यक्षता में शांति समिति का बैठक किया गया। बैठक में दुर्गा पूजा शांति व सौहादपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर बीडीओ रेणु बाला ने सभी पूजा समितियों के लिए कई तरह के दिशा-निर्देश जारी किये। जिसमें पूजा पंडाल के समीप समिति का गठन करने,प्राथमिक उपचार की व्यवस्था, साफ सफाई की व्यवस्था, अग्नीशामक बालू रखना, बिजली का तार खुला नहीं रखना,पर्याप्त मात्रा प्रकाश की व्यवस्था, पूजा पण्डाल के समिति के पदाधिकारियों का एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन का दुरभाष संख्या एवं नाम का प्रदर्शित करना, ध्वनी को सीमा के अंदर उपयोग करना, रात्रि के 10 से सुबह 6 बजे तक डी. जे. का प्रयोग नहीं करना, पण्डाल के अंदर आरती के समय सावधानी बरतना, पेयजल की व्यवस्था, पण्डाल या मेला के समीप शराब एवं जुआ को प्रतिबंधित करना, विर्सजन मे किसी प्रकार का नशा करके शामिल नहीं होना। किसी प्रकार की अगर कोई परेशानी करता है तो इसकी सुचना तुरंत स्थानीय प्रशासन को दे। इस मौके पर इंस्पेक्टर नीरज कुमार, सिल्ली थाना प्रभारी आकाशदीप, मुरी ओपी प्रभारी विपुल ओझा, राजकीय रेल थाना प्रभारी जमादार मुंडा, आरपीएफ के एसआई पवन कुमार, अनूप टोप्पो, अजय कुमार, सिल्ली प्रमुख जितेंद्र बडाईक, जयपाल सिंह, मोहम्मद फारूक, पुष्पेंद्र नाथ, विनोद साहू, राजेश साहू, गणेश महतो, समेत बुद्धिजीवी एवं शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

### अवैध तरीके से प्रैक्टिस कर रहे डॉक्टरों के खिलाफ राज्य मेडिकल बोर्ड सख्त

**रांची।** झारखंड राज्य मेडिकल बोर्ड अब आधुनिक चिकित्सा का इलाज करने वाले उन डॉक्टरों को नोटिस जारी करेगा, जिन्होंने अपना रजिस्ट्रेशन किसी दूसरे राज्य में कराया है और झारखंड में मरीजों का इलाज कर रहे हैं। झारखंड राज्य मेडिकल बोर्ड के रजिस्ट्रार डॉ बिमलेश सिंह ने कहा कि नियम के मुताबिक, दूसरे राज्यों में रजिस्ट्रेशन कराने वाले ऐसे डॉक्टरों के लिए राज्य में मरीजों का इलाज करना वैध नहीं है। झारखंड राज्य मेडिकल बोर्ड के रजिस्ट्रार डॉ बिमलेश सिंह के मुताबिक, राज्य में करीब 14-15 हजार एलोपैथिक डॉक्टर हैं, लेकिन राज्य रजिस्ट्रेशन बोर्ड में सिर्फ 8900 डॉक्टरों ने ही रजिस्ट्रेशन कराया है। काउंसिल को यह भी पता है कि लगभग 02 हजार डॉक्टरों ने पूर्ववर्ती एमसीआई (एनएमसी) के साथ पंजीकरण कराया है, वे राज्य में प्रैक्टिस करने के लिए वैध हैं। लेकिन 04 हजार डॉक्टर ऐसे हैं जो दूसरे राज्यों के मेडिकल बोर्ड से पंजीकृत हैं। डॉ. बिमलेश सिंह के मुताबिक यह कहीं से भी वैध नहीं है। ऐसे में कई बार मौका देने के बाद भी झारखंड राज्य मेडिकल बोर्ड से रजिस्ट्रेशन नहीं कराने वाले डॉक्टरों को नोटिस भेजा जायेगा। इसके बाद भी यदि वे राज्य मेडिकल बोर्ड में निबंधन नहीं कराते हैं तो आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### ओबीसी को चाहिए 50% आरक्षण 27% की मांग करने वाले अपरिपक्व : राजेश गुप्ता

**रांची।** वैसे सामाजिक संगठन जो अब भी ओबीसी के 27 % आरक्षण की मांग करते हैं। वे ओबीसी समुदाय के साथ धोखा कर रहे हैं, समाज को गुमराह कर रहे हैं। उक्त बातें शुक्रवार को प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि जब राज्य में अनुसूचित जाति/ जनजाति की जितनी आबादी है उतना आरक्षण क्रमशः 10% व 26% दी जा रही है। सामान्य वर्ग की आबादी,जिनकी जनसंख्या 10% भी नहीं है के बावजूद उन्हें एहर के नाम पर 10% आरक्षण दी जा रही है। वहीं ओबीसी समुदाय जिनका राज्य में 55% आबादी है ,उनके लिए 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग करना अब ओबीसी समुदाय के साथ धोखेबाजी है। या कहे अपरिपक्वता की निशानी है। वैसे संगठन जिनको सामाजिक, राजनीतिक, संवैधानिक समझ ना हो वैसे सामाजिक संगठन को ओबीसी का नेतृत्व करने का काम छोड़ देना चाहिए। ज्ञात हो कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग जो एक संवैधानिक संस्था है।

**कार्यालय,**
**जिला परिषद सिमडेगा**

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित Offline निविदा सूचना सं0 –04/2023-24 (PR No.–307912 Rural Development 2023-24) को अपरिहाय कारणों से तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है।

उप विकास आयुक्त,–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
PR 309035 Simdega(23-24)#D जिला परिषद, सिमडेगा

**कार्यालयः– जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा**

**अतिअल्पकालीन आवेदन आमंत्रण**

एतद् द्वारा झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के राज्यदेश सं0 49 रा0(वि0), दिनांक– 31.03.2021 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2020–21 में सिमडेगा जिला को कुल 13–13 हे0 (तेरह–तेरह हे0) नया ग्रो आउट तालाब निर्माण योजना एवं नया निर्मित ग्रो आउट तालाब निर्माण मिश्रित मत्स्य पालन हेतु इनपुट योजना का लक्ष्य प्राप्त था जिसमें से 6–6 हे0 (छः–छः हे0) का लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया है तथा अनुसूचित जनजाति कोटि हेतु दोनों योजनाओं में 07–07 (सात–सात हे0) का लक्ष्य अप्राप्त है। अतः हेतु उक्त योजनाओं का लाभ लेने हेतु सिमडेगा जिला के अनुसूचित जनजाति कोटि के मात्स्यिकी से जुड़े कृषकों अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने हेतु इच्छुक व्यक्तियों के लिए जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा में अतिअल्पकालीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। इच्छुक आवेदक दिनांक 19.10.2023 तक किसी भी कार्यालय अवधि में जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा में वांछित कागजातों के साथ आवेदन समर्पित कर सकते हैं।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
सिमडेगा

PR 309057 (Fish)23-24*D

**झारखण्ड सरकार, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति,**
**अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग**
**डॉ0रामदयाल मुण्डा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, राँची- 834008**
**दूरभाष-0651–2551824, E-mail- tri.directorate@gmail.com/dir-triran@gov.in**

पत्रांक : 2066 दिनांक : 13.10.2023

**अतिअल्पकालीन निविदा**

डॉ0 रामदयाल मुण्डा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, राँची के कार्यालय उपयोग हेतु निम्नलिखित इलेक्ट्रोनिक उत्पादों का क्रय किया जाना है। इन उत्पादों की आपूर्ति निम्नलिखित विशिष्टताओं (Specifications) के अनुरूप की जानी है।

| S. No. | Item | Specification | Quantity |
|---|---|---|---|
| 1 | Laptop | **Processor Generation:** 11.0 Or higher; **Processor Description:** Intel Core i5 or higher; **Operating System:** Windows 11 Professional; **RAM Size (GB):** 8 or higher; **Total SSHD Capacity:** 1000 GB; **Essential Software:** MS Office Professional | 2 |
| 2 | Multimedia Projector | **Type:** Standard Throw (0.91 to 2.5); **Native Resolution**: 1280 x 720 (HD) or higher; **Type of Light Source**: UHP / UHE / UHM; **Optical zoom**: 200 or higher; **Control system**: Remote & Manual; **Technology:** LCD | 3 |
| 3 | Photocopier Machine | **Speed:** 28 Pages Per minute; **Scan speed**: 25 SPM; **Function**: Copy, Print & Scan; **Memory**: 512Mb; **Paper Capacity**: 250+100 sheets; **DF Capacity**: 50 sheets; **Zoom**: 25-400%; **Wi-Fi**: Yes; **Processor**: 500 MHz; **Operating System**: Windows/Linux/Mac; **Duplex**: Yes | 1 |

**कार्यक्रम**

- निविदा समर्पित की अंतिम तिथि–20.10.2023 को अपराह्न 4:00 बजे तक है।
- तकनीकी बीड खोलने की तिथि–27.10.2023 को अपराह्न 3:00 बजे तक है।
- वित्तीय बीड खोलने की तिथि–27.10.2023 को अपराह्न 4:00 बजे तक है।

निविदा समर्पित करने का स्थान डॉ0 रामदयाल मुण्डा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, राँची में कार्य दिवस के अपराह्न 4:00 बजे तक है।

अंतिम तिथि के बाद समर्पित निविदा पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी संस्थान के सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है। अधोहस्ताक्षरी को निविदा को किसी भी स्तर पर बिना कारण रद्द करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा।

PR 309120 Schedule Tribe, Schedule Caste, Minority and Backward Class Welfare Department (23-24)_D

ह0/–
उप निदेशक

## प्रतिमा निर्माण में स्टील और एल्यूमिनियम का हो रहा है इस्तेमाल

**खूंटी।** एक समय था कि जब खूंटी के लोग दुर्गा पूजा के दौरान पंडाल और प्रतिमाओं के दर्शन के लिए रांची जाते थे, पर खूंटी में ही इस तरह के भव्य और आकर्षक पंडाल और मूर्तियां बनाई जा रही, जिसकी सुदंरता देखते ही बनती है। वैसे जिला मुख्यालय खूंटी के शहरी क्षेत्र में 11 स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं, लेकिन इन पूजा पंडालों में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति भगत सिंह चौक का पूजा पंडाल अपनी विशिष्ट पहचान और खास शैली के लिए जाना जाता है। प्रति वर्ष दुर्गा पूजा में भव्य पंडाल और आकर्षक साज सज्जा के कारण इस पूजा पंडाल की चर्चा जिले ही नहीं, बल्कि जिले के बाहर भी होती है। इस वर्ष भी पूजा समिति अपनी खास और अलग अंदाज में थाईलैंड के बौद्ध मंदिर के प्रारूप में भव्य पंडाल का निर्माण करा रही है। पंडाल के निर्माण में स्टील और एल्यूमिनियम का उपयोग किया जा रहा है, जो श्रद्धालुओं के लिए खास आकर्षण का केंद्र होगा।

# विश्व कैंसर माह पर टाटा ट्रस्ट ने स्तन कैंसर को लेकर जागरूकता कार्यक्रम गांठ पे ध्यान किया लॉन्च




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विश्व स्तन कैंसर जागरूकता माह के उपलक्ष्य में टाटा ट्रस्ट्स ने रांची में एक अनोखे कार्यक्रम 'गांठ पे ध्यान' को लॉन्च किया है, जो अपने आप में एक अनूठी पहल है। 'गांठ पे ध्यान' कार्यक्रम दरअसल टाटा ट्रस्ट्स द्वारा बड़े पैमाने पर चलाए जा रहे 'कैसे का कैंसर' अभियान का एक हिस्सा है, जिसका उद्देश्य इस विषय पर जागरूकता फैलाना, खुली बातचीत को प्रोत्साहित करना तथा जमीनी स्तर पर महिलाओं के बीच खुद से स्तन की जांच करने की अहमियत को बढ़ाकर स्तन कैंसर के प्रति सामुदायिक कार्रवाई को आगे बढ़ाना है, जिसके लिए इस विषय को 'भोजन में गांठ' के व्यावहारिक उदाहरण के तौर पर प्रस्तुत किया गया है। भारत में स्तन कैंसर से प्रभावित महिलाओं का अनुपात असमान रूप से ज्यादा है, तथा देश में स्तन कैंसर के 50 प्रतिशत से अधिक मामलों का पता इसके अंतिम चरण में चल पाता है। इस विषय पर जागरूकता की कमी की वजह से ही इसके डायग्नोसिस और इलाज में देरी होती है, और अगर जल्दी पता न लगाया जाए तो यह जानलेवा हो सकता है। टाटा ट्रस्ट्स महिलाओं के साथ सीधे जुड़कर, और उन्हें शुरूआती चरण में ही इसका पता लगाने अहमियत के बारे में जानकारी देकर, इस पर काबू पाया जा सकता है। देश की ज्यादातर महिलाओं, खास तौर पर ग्रामीण इलाकों की अधिकांश महिलाओं के लिए अपने परिवारों के लिए भोजन पकाना उनकी रोजमर्रा की जिंदगी का सबसे अहम हिस्सा है। महिलाएं खाना पकाते समय हर चीज का बारीकी से ध्यान रखती हैं, और पकाए जाने वाले भोजन में गांठों को बनने से रोकने के लिए विशेष सावधानी बरतती हैं और इसी बात से प्रेरित होकर 'गांठ पे ध्यान' अभियान की शुरूआत की गई है। यह अभियान बड़े शानदार तरीके से एक विचार का बीज बोता है, जो महिलाओं से अपनी सेहत के लिए भी उतनी ही तत्परता बरतने तथा गांठ के किसी भी लक्षण के लिए नियमित रूप से अपने स्तनों की खुद से जांच करने का आग्रह करता है, जो कैंसर से संबंधित हो सकता है। रांची कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (आरसीएचआरसी) में जमशेदपुर की प्रमुख शेफ एवं उद्यमी, प्रिया गुप्ता के साथ मिलकर 'गांठ पे ध्यान' पहल का लॉन्च कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें केवल स्थानीय महिलाएं ही मौजूद थीं और इस दौरान परस्पर बातचीत पर आधारित पाककला प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया, जिसमें शेफ गुप्ता ने त्योहारों के मौके पर बनाए जाने वाले स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए। साथ ही उन्होंने बताया कि यही बात स्तन कैंसर की गांठों पर भी लागू होती है। यही उदाहरण 'गांठ पे ध्यान' पहल का सबसे अहम हिस्सा बना। जिसके जरिये महिलाओं को खुद से स्तन की जांच करके अपने शरीर की उसी तरह से देखभाल करने और ध्यान देने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

**कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, खूँटी।**
(जिला निर्वाचन शाखा)

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 के सफल संचालन के दृष्टिगत खूँटी जिलान्तर्गत 59– तोरपा (अ0ज0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के 59– तोरपा (अ0ज0जा0) के 09 (नौ) एवं 60–खूँटी (अ0ज0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के 03 (तीन) वैसे मतदान केन्द्र भवन जो क्षतिग्रस्त/जर्जर अवस्था में है, को निकट स्थित सरकारी भवन में स्थानान्तरित करने के प्रस्ताव पर भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक 64/पूर्व.अनु.–1/झार/2023 दिनांक 10.10.2023 द्वारा सहमति प्रदान की गई है, की सूची निम्नवत् है–

**जर्जर/क्षतिग्रस्त मतदान केन्द्र के भवन/स्थल परिवर्तन हेतु भेजे गए मतदान केन्द्रों की सूची**

| वि0स0क्षे0 सं0 | विधानसभा का नाम | पुराना मतदान केन्द्र भवन का नाम | नये मतदान केन्द्र भवन का नाम |
|---|---|---|---|
| 59 | तोरपा | 46– शिल्पकला केन्द्र, तोरपा | बहुउदेशीय भवन, तोरपा प्रखण्ड |
| 59 | तोरपा | 74– पूर्व पंचायत भवन, सुंदारी | राजकीयकृत मध्य विद्यालय, सुंदारी |
| 59 | तोरपा | 88– आर0 सी0 मध्य विद्यालय, रोन्हे | आँगनबाड़ी केन्द्र, रोन्हे खास |
| 59 | तोरपा | 99– आर0 सी0 प्राथमिक विद्यालय, लोहाजिमी | आँगनबाड़ी केन्द्र, लोहाजिमी |
| 59 | तोरपा | 100– राजकीय प्राथमिक विद्यालय, कालेट | मॉडल आँगनबाड़ी केन्द्र, कालेट |
| 59 | तोरपा | 106– राजकीय प्राथमिक विद्यालय, बरदा | मॉडल आँगनबाड़ी केन्द्र, बरदा |
| 59 | तोरपा | 133– आँगनबाड़ी केन्द्र, कोड़ाकेल | आर0सी0 प्राथमिक विद्यालय, कोड़ाकेल |
| 59 | तोरपा | 137– पूर्व राजकीय प्राथमिक विद्यालय, केलो | तहसील कचहरी, महुवाटोली, जयपुर |
| 59 | तोरपा | 184– रा0 प्र0 वि0, जामटोली | आँगनबाड़ी केन्द्र, जामटोली |
| 60 | खूँटी | 79–मध्य विद्यालय, बाला | आँगनबाड़ी केन्द्र, बाला |
| 60 | खूँटी | 282– लुथरेन मध्य विद्यालय, बुरजू मिशन | प्राथमिक विद्यालय, बुरजू |
| 60 | खूँटी | 284– सामुदायिक भवन, कोटना | जी0ई0एल0 प्राथमिक विद्यालय, कोटना |

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, खूँटी।

PR 309026 Election(23-24)D

## गागर में सागर

### सीएम चाहे जितने दरवाजे खटखटा लें, उनको ईडी के दरवाजे पर जाना ही होगा : भाजपा

**रांची।** भाजपा के प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने शुक्रवार को ईडी के समन के खिलाफ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका रद्द होने के बाद ने प्रतिक्रिया जारी की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चाहे कितने भी दरवाजे खटखटा लें, अंतत उनको ईडी के दरवाजे पर जाना ही होगा। वे सुप्रीम कोर्ट गए कोई रिलीफ नहीं मिली। आज हाई कोर्ट ने भी उनकी याचिका को खारिज कर दी। उन्होंने कहा कि हेमंत ईडी के समान के खिलाफ जिस तरह से भागते दिख रहे हैं, उससे क्लियर मैसेज जा रहा है कि इस प्रदेश में 70000 करोड़ का घोटाला हुआ है और उसके तार सीधे तौर पर उनसे जुड़े हुए हैं।प्रदेश भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री ईडी के समन को फेस करें। दुनिया की कोई भी एजेंसी किसी भी निर्दोष व्यक्ति को फंसा नहीं सकती।

### उपायुक्त ने सात अपराधियों के खिलाफ अभियोजन की दी स्वीकृति



**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को सुखदेवनगर थाने से संबंधित आर्म्स एक्ट के मामले में सात अपराधियों के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति दी है। इनमें संतोष राय, रवि कुमार, दीपक कुमार सिंह, अभिषेक कुमार, अल्तमस अंसारी, सूरज कुमार और सुजित कुमार शामिल हैं। बताया गया कि यह मामला 28 अगस्त का है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पंडरा बाजार समिति के एक व्यवसायी से लूटपाट करने के उद्देश्य से कई दिनों से कुछ अपराधियों के जरिये रेकी की जा रही है। सूचना के बाद वरीय अधिकारी के निर्देश पर नवाटोली चौक के पास स्थित एक घर में छापेमारी कर सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही हथियार और गोली बरामद किया गया। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे सभी पंडरा बाजार समिति के एक व्यवसायी से लूटपाट करने की फिराक में थे।

### श्रीश्री दुर्गा पूजा कमेटी काल्पनिक मंदिर करेगी निर्माण

**रांची।** रांची के कांके रोड स्थित गोंदा इलाके में श्रीश्री दुर्गा पूजा कमेटी इस वर्ष काल्पनिक मंदिर का प्रारूप तैयार कर रही है। कमेटी के सचिव नकुल तिर्की ने शुक्रवार को बताया कि बंगाल के कारीगर मां दुर्गा की प्रतिमा बनाने में जुटे हैं, जिसकी ऊंचाई 12 फीट होगी। पूरे आयोजन पर करीब 20 लाख रुपये खर्च का अनुमान है। यह पंडाल देखने में काफी आकर्षक लगेगा। इस देखने के लिए लोग काफी उत्साहित होंगे। जिस तरह से इसका निर्माण हो रहा है यह देखने में काफी अकर्षक होगा। पंडाल का उद्घाटन 20 अक्टूबर को होगा। सप्तमी को डांडिया नाइट, अष्टमी को जागरण, नवमी को भंडारा, नृत्य और शंखनाद प्रतियोगिता होगी। इसके अलावा सप्तमी से लेकर महानवमी तक भोग वितरण किया जायेगा। विजयादशमी को मां की प्रतिमा की विसर्जन शोभायात्रा निकाली जायेगी। उन्होंने बताया कि बदलते समय के साथ पूजा का स्वरूप भी बदल गया है। षष्ठी को सीसीएल के सीएमडी पंडाल का उद्घाटन करेंगे।

### ऊर्जा संचरण निगम के भ्रष्ट एमडी केके वर्मा को पदमुक्त करें मुख्यमंत्री : किसलय तिवारी

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर झारखंड ऊर्जा संचरण निगम के एमडी की अमर्यादित टिप्पणी की कड़ी निन्दा करते हुए भाजपा युवा मोर्चा ने उनके खिलाफ पूरे प्रदेश में आंदोलन की घोषणा की है। साथ ही मुख्यमंत्री से ऊर्जा संचरण निगम के भ्रष्ट एमडी केके वर्मा को पदमुक्त करने की अपील की। भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड प्रदेश में चल रही वर्तमान सरकार के लिए भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारी प्रवक्ता बन बैठे हैं। आज जब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी प्रदेश के मुख्यमंत्री सह ऊर्जा मंत्री को उर्जा विभाग में चल रहे टेंडर घोटाला की ओर ध्यान आकृष्ट कर जांच कराने के लिए पत्र लिखते हैं तो दूसरी ओर ऊर्जा संचरण निगम के भ्रष्टतम एमडी केके वर्मा झारखंड मुक्ति मोर्चा के नए प्रवक्ता बन बैठते हैं और अपने भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने के लिए अमर्यादित बयान देते हैं। केके वर्मा सेवानिवृत अधिकारी होने के बाद भी सेवा विस्तार लेकर संचरण निगम के एमडी हैं लेकिन हेमंत सोरेन की वसूली कंपनी के एमडी बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि बिना झारखंड राज्य विद्युत विनियामक आयोग के अनुमोदन के निविदा निकली जा रही हैं, कार्य का आवंटन हो रहा हैं। जो पावर परचेज एग्रीमेंट का पत्र लगाया है उसका अप्रूवल एक अलग प्रक्रिया हैं। पावर परचेज एग्रीमेंट का मतलब है कि उस प्लांट से जो बिजली का उत्पादन होगा उसमें झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड का हिस्सा पीपीए के अनुसार होगा।

# 19 महीने के बकाया वेतन की मांग को लेकर हड़ताल पर हैं एचईसी के कर्मी




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मदर ऑफ ऑल इंडस्ट्रीज के रूप में मशहूर रहे रांची स्थित एचईसी (हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन) के कर्मी 19 महीने के बकाया वेतन भुगतान की मांग को लेकर शुक्रवार को दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे। कर्मियों ने कंपनी के तीनों प्लांटों का सारा कामकाज ठप करा दिया है। हजारों कंपनी गेट पर धरना पर बैठे हैं। गुरुवार को कर्मियों ने एचईसी की ओर जाने वाले रास्तों को ब्लॉक कर दिया था। गुरुवार को एचईसी गेस्ट हाउस में एचईसी प्रबंधन और यूनियन के बीच वार्ता हुई थी। इस वार्ता में एचईसी कर्मचारी यूनियन ने एक स्वर में मोड ऑफ पेमेंट की बात रखी। इस पर एचईसी प्रबंधन ने तीन दिन का समय मांगा है। सोमवार को प्रबंधन साफ करेगा कि एचईसी कर्मियों को कब तक और कितने दिनों का वेतन मिलेगा। इस वार्ता में प्रबंधन की तरफ से पर्सनल डायरेक्टर प्रशांत और प्रोडक्शन डायरेक्टर दीपक दुबे उपस्थित थे। वहीं, यूनियन की ओर से भवन सिंह, लालदेव सिंह, रामकुमार नायक, कृष्ण मोहन सिंह, राणा संग्राम सिंह, दिलीप सिंह, प्रकाश कुमार, हरेंद्र प्रसाद यादव, एमपी रामचंद्रन, त्रिपाठी जी, विमल महली, संजय लाला, शेखर कुमार और अन्य लोग मौजूद थे।

बता दें कि करीब 22 हजार कर्मचारियों के साथ 1963 में शुरू हुई इस कंपनी में अब सिर्फ 3400 कर्मचारी-अधिकारी हैं। इनके पास भी अब रोज प्लांटों में हाजिरी दर्ज करने के सिवा कोई काम नहीं बचा है। कर्मी अमूमन हर हफ्ते अपने बकाया वेतन के भुगतान की मांग को लेकर प्लांट के समक्ष नारेबाजी-प्रदर्शन करते हैं, लेकिन उनकी बात सुनने वाला यहां कोई नहीं है। अब उन्होंने दो दिनों से कामकाज पूरी तरह ठप करा दिया है। कंपनी में पिछले दो साल से भी ज्यादा वक्त से पूर्णकालिक सीएमडी तक नहीं हैं। भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) के चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. नलिन सिंघल यहां के प्रभारी सीएमडी हैं, जो दो-तीन महीने में कभी-कभार ही यहां आते हैं।

### तिरुपति बालाजी मंदिर की तर्ज पर बनेगा रांची के बांधगाड़ी का पूजा पंडाल

**रांची।** राजधानी के बांधगाड़ी में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर तिरुपति बालाजी मंदिर के स्वरूप में 70-80 फीट ऊंचा पंडाल बनाया जा रहा है। पंडाल के अंदर भगवान विष्णु के नौ अवतार की प्रतिमा होगी और संभावित कल्कि अवतार को लेकर भी आम लोगों की उत्कंठा को भी शांत करने की कोशिश पूजा आयोजकों द्वारा की गई है। बांधगाड़ी दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश गोप ने बताया कि 1963 से लगातार यहां मां भगवती की आराधना की जा रही है। इस वर्ष करीब 30 लाख की लागत से बन रहे पूजा पंडाल को बालाजी मंदिर का स्वरूप दिया जा रहा है। मंदिर के अंदर विष्णु अवतार का दर्शन भक्तगण करेंगे। रमेश गोप ने ईटीवी भारत को बताया कि शारदीय नवरात्रि की महाषष्ठी को पट खुल जायेगा। इस बार बांधगाड़ी दुर्गा पूजा समिति के पंडाल और प्रतिमा की खासियत यह है कि सबकुछ स्थानीय कारीगरों द्वारा बनाया जा रहा है।

# बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में अमृत कलश यात्रा आयोजित




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के आह्वान पर चल रहे राष्ट्रव्यापी मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में अमृत कलश यात्रा आयोजित की गई। विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की पहल पर यात्रा बीएयू मुख्यालय स्थित स्वर्गीय कार्तिक उरांव की प्रतिमा के पास से प्रारंभ हुई और रांची कृषि महाविद्यालय भवन तक गई जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए। आगे आगे विद्यार्थीगण राष्ट्रीय ध्वज तथा अमृत कलश लेकर चल रहे थे जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा लाई गई मिट्टी एवं चावल को रखा गया था। एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डा बीके झा ने बताया कि यात्रा विश्वविद्यालय मुख्यालय के निकट राष्ट्रगान से प्रारंभ हुई तथा पंच प्रण प्रतिज्ञा के साथ पूरी हुई। समापन स्थल पर छात्र- छात्राओं ने भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ़ करने और नागरिक होने का कर्तव्य निभाने की शपथ ली।

### बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा का समापन 28 को रांची में



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 17 अगस्त से संकल्प यात्रा पर हैं।संथाल परगना के भोगनाडीह से निकली उनकी संकल्प यात्रा का समापन 28 अक्टूबर को रांची में जनसभा के साथ होगा। बाबूलाल मरांडी अब तक आठ चरण की यात्रा पूरी कर चुके हैं। संथाल से शुरू हुई उनकी संकल्प यात्रा 57 दिन में 73 विधानसभा क्षेत्रों में सभा के साथ संपन्न हो चुकी है। नौवें और आखिरी चरण की यात्रा दुर्गापूजा के बाद ईचागढ़ से शुरू होगी। बाबूलाल मरांडी 27 अक्टूबर को ईचागढ़ और उसके बाद सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में सभा करेंगे। इसके बाद 28 अक्टूबर को वे रांची पहुंचेंगे। यहां मोरहाबादी मैदान में बाबूलाल छह विधानसभा क्षेत्रों रांची, खिजरी, कांके, हटिया, मांडर और तमाड़ की सभा को संबोधित करेंगे। इसके साथ 73 दिन की यात्रा के साथ बाबूलाल मरांडी की 81 विधानसभा क्षेत्रों में संकल्प यात्रा समाप्त हो जायेगी। बाबूलाल मरांडी की सभाओं में राज्य सरकार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उनके परिवार, राज्य के मंत्रियों और अधिकारियों को मुख्य रूप से टारगेट में रहे। मुख्यमंत्री पर लगे जमीन घोटाले के आरोप, सीएनटी-एसपीटी एक्ट का उल्लंघन कर राज्य में खरीदे गये जमीनों, साहिबगंज का खनन घोटाला, मुख्यमंत्री को बार-बार ईडी का समन जैसे मामले वे अपनी हर सभा में उठाते रहे।


# हाई कोर्ट में 1984 के सिख दंगा पीड़ितों के मुआवजे पर हुई सुनवाई




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में वर्ष 1984 के सिख दंगा में झारखंड में प्रभावित लोगों को मुआवजा दिलाने एवं सिख दंगा से संबंधित केस क्रिमिनल केस की मॉनिटरिंग करने को लेकर दायर सतनाम सिंह गंभीर जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल नहीं किया जा सका। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई एक नवंबर निर्धारित की है। कोर्ट ने पूर्व में स्टेटस रिपोर्ट सरकार को बताने को कहा था कि सिख दंगा के पीड़ितों को मुआवजा देने के कमीशन की रिपोर्ट पर क्या कार्रवाई हुई है। मुआवजा की राशि किन-किन जिलों में दी जानी है। मुआवजा भुगतान को लेकर क्या पहल की जा रही है। याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि सिख दंगा को लेकर जो प्राथमिकी दर्ज हुई थी उसे पर क्या कार्रवाई हुई है, इस पर भी राज्य सरकार से स्टेटस रिपोर्ट मांगी जानी चाहिए। पिछली सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से बताया गया था की तीन जिलों रांची, पलामू और रामगढ़ में पीड़ितों को मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया शुरूआत कर दी गई है जबकि बोकारो में मुआवजा वितरण के लिए अतिरिक्त फंड की आवश्यकता है। इस पर कोर्ट ने मामले में मुआवजा भुगतान से संबंधित अपटूडेट स्टेटस रिपोर्ट राज्य सरकार से मांगा था। पूर्व में ही याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया था कि कमीशन ने चार जिलों में सिख दंगा पीड़ितों को मुआवजा भुगतान करने का राज्य सरकार को निर्देश दिया है। हाई कोर्ट के आदेश पर सिख दंगा मामले को लेकर रिटायर्ड जस्टिस डीपी सिंह की अध्यक्षता में गठित वन मैन कमीशन ने अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को दी है, जिसमें झारखंड के सिख दंगे से प्रभावित चार जिलों रांची, रामगढ़, बोकारो, पलामू के लोगों को मुआवजा देने के संबंध में आदेश पारित किया गया है।

# शिक्षक संघ और चर्च के प्रतिनिधियों ने की सीएम से मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। प्राथमिक शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने सीएम हाउस में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। प्रतिनिधियों ने देवघर जिले में 4 और 5 नवंबर को होने वाले दो दिवसीय राज्य स्तरीय महिला शिक्षक सम्मेलन में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री को बतौर मुख्य अतिथि और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन को बतौर विशिष्ट अतिथि आमंत्रित किया। सीएम से मिलने वालों में झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की महिला नेटवर्क की संयोजक मेरीला मुर्मू, दयावती मिंज और योगेंद्र तिवारी शामिल थे। सीएम से पेंटाकॉस्टेल हॉसलीनेस चर्च सोसाइटी के प्रतिनिधिमंडल ने भी मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने सीएम को 17 से 19 अक्टूबर तक गिरिडीह के बेथेग्राम में होने वाले शताब्दी समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। प्रतिनिधिमंडल में पेंटाकॉस्टेल हॉलीनेस चर्च सोसाइटी के वाइस प्रेसिडेंट बिशप अनिल रेवेन, रेवेन जेसन मार्की और रेवेन आलोक कच्छप शामिल थे।

### नवाब चिश्ती और शकील उर्फ कारू से जेल में होगी पूछताछ

**रांची।** रांची हिंसा के आरोपी नवाब चिश्ती और मोहम्मद शकील उर्फ कारू से सीआईडी (अपराध अनुसंधान विभाग) की टीम जेल में पूछताछ करेगी। कोर्ट ने इसकी इजाजत दे दी है। सीआईडी दोनों से डेली मार्केट थाना में दर्ज कांड संख्या 17/2022 से जुड़े मामले में पूछताछ करेगी। रांची हिंसा के बाद डेली मार्केट थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस केस के सूचक रांची के तत्कालीन टाउन सीओ अमित भगत हैं। उनके आवेदन के आधार पर दर्ज की गई प्राथमिकी में नदीम अंसारी, शाहबाज, शदाब, सद्दाम हुसैन, शबीर अंसारी, जमाल गद्दी समेत 22 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया। वहीं करीब आठ से दस हजार अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाया गया है। फिलहाल इस केस की जांच सीआईडी (अपराध अनुसंधान विभाग) कर रही है। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि सोची- समझी साजिश के तहत 10 जून को रांची के मेन रोड में हिंसा की गई।

# महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव कल, तैयारियां पूरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



अग्रवाल सभा के तत्वावधान में 14 अक्टूबर को शोभायात्रा एवं 15 अक्टूबर को महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया है, जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया, मंत्री मनोज चौधरी, अग्रसेन जयंती आयोजन समिति के संयोजक सज्जन पाड़िया एवं अग्रवाल सभा के प्रवक्ता प्रवक्ता संजय सर्राफ ने संयुक्त रूप से कहा है कि अग्रवाल सभा के तत्वधान में श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव सह 47 वां वार्षिकोत्सव के अंतर्गत 14 अक्टूबर को अपराहन 3 बजे महाराजा अग्रसेन जी की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा महाराजा अग्रसेन भवन से प्रारंभ होकर रांची के नगर भ्रमण कर पुनः अग्रसेन भवन में समापन होगा। ?शोभा यात्रा का संचालन अग्रवाल युवा सभा करेगा। 15 अक्टूबर को महाराजा अग्रसेन जी की जयंती के दिन प्रातः 6:30 बजे अग्रसेन चौक में महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा में पुष्पांजलि, माल्यार्पण, आरती प्रसाद एवं प्रभात फेरी का कार्यक्रम होगा। पूर्वाहन 10:30 बजे अग्रसेन भवन में हवन, कुलदेवी का पूजन एवं प्रसाद वितरण तथा अपराह्न 3 बजे से महाराजा अग्रसेन भवन में वार्षिकोत्सव, जयंती समारोह सभा, प्रतिभा प्रोत्साहन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह, तथा संध्या 7 बजे से प्रसाद एवं सहभोज का आयोजन किया गया है। अग्रसेन जयंती महोत्सव समारोह के मुख्य अतिथि भारत सरकार के महालेखाकार राजकुमार अग्रवाल होंगे, तथा मुख्य वक्ता उद्योगपति सह समाजसेवी पुनीत कुमार पोद्दार होंगे। अग्रवाल सभा ने सभी से इस पुनीत अवसर पर सभी आयोजनों में सपरिवार उपस्थित होने की अपील की है।

# स्टूडेंट्स ने इंस्टीट्यूट में किया हंगामा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हरमू रोड स्थित पंचवटी टावर के फिजिक्स वाला इंस्टीट्यूट में शुक्रवार दोपहर धार्मिक संगठनों के साथ मिलकर वहां पढ़ने वाले स्टूडेंट्स ने जमकर हंगामा किया। स्टूडेंट्स इंस्टीट्यूट के अंदर घुसकर धार्मिक नारेबाजी करने लगे। दरअसल, गुरुवार की शाम इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट्स क्लास के बाद निकल रहे थे। इस दौरान कुछ दोस्तों के साथ वे धार्मिक नारा लगाते हुए निकल रहे थे। छात्रों का आरोप है कि इंस्टीट्यूट में ही पढ़ाने वाले दूसरे समुदाय के शिक्षक स्टूडेंट्स के साथ गाली-गलौज करने लगे। बात बढ़ने के बाद शिक्षक द्वारा हिंदपीढ़ी से लड़कों को बुलाकर मारपीट कराने की धमकी भी दी गई। स्टूडेंट्स ने आरोप लगाया कि शिक्षक द्वारा जाति सूचक गालियां भी दी गईं। इधर, इस घटना से नाराज स्टूडेंट्स ने शुक्रवार को धार्मिक संगठनों के साथ मिलकर इंस्टीट्यूट व प्रबंधन पर धावा बोला। इंस्टीट्यूट पहुंचकर उन्होंने शिक्षक को संस्थान से हटाने की मांग की। प्रबंधन ने इस दौरान उन्हें समझाने की काफी कोशिश की। पर वे शांत नहीं हुए। मामले को बढ़ता देख पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति रांची की 25वीं बैठक आयोजित की गई

# केंद्र सरकार के सभी कार्यालयों में हिंदी का करें प्रयोग : कुमार संजय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




शुक्रवार को होटल रेडिसन ब्ल्यू रांची में दिन के 11:30 बजे मुख्य आयकर आयुक्त, रांची सह नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति अध्यक्ष कुमार संजय की अध्यक्षता में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रांची की 25वीं बैठक आयोजित हुई। समिति के 96 सदस्य कार्यालयों में से अधिकतर कार्यालयों के प्रतिनिधि बैठक में शामिल हुए, जिसमें लगभग 50 कार्यालय प्रमुख/ विभाग अध्यक्ष शामिल रहे। बैठक का संचालन करते हुए समिति के सचिव डॉक्टर सूर्यकांत सामल ने अध्यक्ष महोदय के साथ-साथ उपस्थित सभी विभाग अध्यक्षों एवं प्रतिनिधियों का स्वागत किया तथा सामूहिक राष्ट्रगान गया गया। कुमार संजय, अध्यक्ष व उपस्थित सदस्यों ने राष्ट्रगान उपरांत दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक का विधिवत शुभारंभ किया। बैठक संचालित कर रहे डॉक्टर सूर्यकांत सामल ने नराकास के बैठक की महत्ता एवं सदस्य कार्यालयों से प्राप्त तिमाही रिपोर्ट की समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत किया। प्रधान आयकर आयुक्त डॉ प्रभाकांत ने हिंदी भाषा एवं उसके विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी हमारे देश की संस्कृति एवं संस्कारों का प्रतिबिंब है। सूचना प्रौद्योगिकी के इस दौर में हिंदी का प्रयोग चुनौती पूर्ण है और इस चुनौती को बराबर टक्कर देने के लिए आज हिंदी प्रिंट मीडिया के साथ-साथ इंटरनेट की दुनिया में भी बढ़ रही है। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने भी हिंदी के प्रयोग को अधिक से अधिक बढ़ाने हेतु अपने-अपने सुझाव दिए। अपने अध्यक्षीय संबोधन में समिति के अध्यक्ष कुमार संजय ने कहा कि ऐसी स्थिति आज नहीं रह गई है जहां राजभाषा हिंदी में काम करना कठिन हो। केंद्र सरकार के सभी कार्यालयों में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करने की भारतीय संविधान के अनुसार व्यवस्था है । उन्होंने राजभाषा नीतियों, नियमों एवं आदेशों को लागू करने के लिए बैठक में उपस्थिति सभी सदस्यों से आग्रह किया। राजभाषा कार्यालय, कोलकाता से आए हुए अनुसंधान अधिकारी ओम प्रकाश प्रसाद ने बताया कि सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने और सरकारी कर्मचारियों की आसानी के लिए प्ले-स्टोर पर कंठस्थ 2.0 / 3.0 उपलब्ध है। सुनील कुमार सिन्हा, वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी ने बैठक में उपस्थिति सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

### झारखंड में त्योहारों को लेकर पुलिसकर्मियों की छुट्टियां हुई रद्द




**रांची।** राज्य में त्योहारों को लेकर प्रशासन के आला अधिकारी अलर्ट हो गए हैं। ऐसे में राज्य की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लगातार बैठकें चल रही है। गुरुवार को गृह सचिव अविनाश कुमार ने डीजीपी सहित पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को कई निर्देश दिए। पुलिस मुख्यालय में एक दिन पहले हुई सभी जिलों के एसपी के साथ डीजीपी की बैठक में सामने आए बिंदुओं पर भी उन्होंने विस्तार से जानकारी ली।साथ ही त्योहारों के मद्देनजर पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई है। इस संबंध में गृह सचिव अविनाश कुमार ने गुरुवार रात आदेश जारी कर दिया है।

## गागर में सागर

### गिरिडीह: सशिविमं स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन



**गिरिडीह।** गिरिडीह शाह के बरगंडा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल में आज शुक्रवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. इस वंदना सभा में प्रीसिपल शिव कुमार चौधरी ने अंबाला हरियाणा में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पदक, प्रमाण पत्र, जर्सी आदि देकर सम्मानित किया. शिव कुमार चौधरी ने बताया कि विद्या भारती ने 34वां राष्ट्रीय खेलकूद समारोह अंतर्गत 10 अक्टूबर को अंबाला हरियाणा में कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की थी. इस प्रतियोगिता में स्कूल के भैया ने बेहतर प्रदर्शन किया है और अंडर-14 में कांस्य पदक जीता. प्रीसिपल ने इस जीत का श्रेय स्कूल की कोच अनिता कुमारी व बच्चों के माता-पिता को दिया. बता दें कि विद्या भारती को स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त है. कबड्डी टीम में शामिल भैया अनिकेत कुमार कप्तान, आनंद शर्मा (उप कप्तान), ओम शर्मा, सौरभ कुमार, राहुल कुमार, जीवन दास, संतोष यादव, जयंत कुमार, प्रिंस कुमार और लक्ष्मण चौधरी ने टीम भावना से अच्छा प्रदर्शन किया. वहीं बेहतर संचलन के लिए उत्तर-पूर्व क्षेत्र को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ. प्रबंधकारिणी समिति एवं विद्यालय परिवार अपने होनहार भैया के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की.

### गिरिडीह-कोडरमा रेलखंड पर दिव्यांग का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**गिरिडीह।** पचंबा थाना क्षेत्र स्थित सलेया स्टेशन के पास न्यू गिरिडीह कोडरमा रेलखंड पर शुक्रवार सुबह एक दिव्यांग का शव बरामद हुआ है. मृतक की पहचान तेलोडीह निवासी आबिद अंसारी के रूप में हुई है. आबिद अंसारी की मौत कैसे हुई है, इसका पता नहीं चल पाया है. हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि आबिद अंसारी सुबह आठ बजे रेलवे ट्रैक पर टहल रहा था.इसी दौरान न्यू गिरिडीह कोडरमा रेलखंड में गिरिडीह-कोडरमा ट्रेन गुजर रही थी. जिसकी चपेट में आने से आबिद की मौत हो गयी. घटना की जानकारी मिलने के बाद जीआरपी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. पचंबा थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गयी है. जानकारी मिलने के बाद मृतक के परिजन भी घटनास्थल पहुंचे. मुखिया सब्बीर आलम भी सलैया स्टेशन पहुंचे हैं.

### बिल्ली को बचाने में अनियंत्रित होकर ऑटो पलटा, चार घायल

**बोकारो।** शहर के उकरीद मजारशरीफ के पास स्थित बिल्ली को बचाने के चक्कर में एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया. इस हादसे में ऑटो चालक सहित चार लोग घायल हो गये. स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सदर अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है. घायलों में बरनोनी बीवी, गोपाल तुरी, गोपन चंद्र मल्लिक शामिल हैं. गोपाल तुरी के सिर पर चोट लगी है. ऑटो चालक मो. शाहिद अंसारी ने बताया कि वो बालीडीह से पैसेंजर लेकर नयामोड जा रहा था. इसी दौरान एक बिल्ली सड़क पर दौड़ गयी. जिसे बचाने के चक्कर में ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया. स्थानीय लोगों ने सभी को बाहर निकाला और सदर अस्पताल भेजा. बोकारो सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ अरविंद कुमार ने बताया कि सभी घायलों का इलाज चल रहा है. सभी की हालत ठीक है.

### किरीबुरु : गंगदा ग्राम सभा में कई योजनाओं को स्वीकृति

**चाईबासा।** गंगदा पंचायत के गंगदा गांव में आज शुक्रवार को ग्राम सभा की बैठक आयोजित की गयी. मुंडा बिरसा सुरीन और मुखिया राजू सांडिल की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में योजनाओं का चयन सर्व सम्मति के साथ किया गया. यहां ग्रामीणों ने गंगदा व घाटकुडी गांव को विभाजित करने वाली जुमलेइकिर नाला पर दो स्पैन की पुलिया बनाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी. साथ ही जुमलेइकिर नाला से गंगदा देशाऊली तक, गंगदा के चांपिया टोला निवासी कपरा चांपिया के घर चौक से पातर केराई घर होते मुंडा टोला के जोंको तुमुई घर तक, जोंको के घर से उंतु तुमुई घर तक, बकरागुटू टोला से गोप टोला तक और कारोगुटू टोला से कारो नदी तक पीपीसी सड़क बनाने के प्रस्ताव को स्वीकृति मिली. वहीं ग्राम सभा में लांगो चांपिया की जमीन पर सांस्कृतिक भवन का निर्माण, मुंडा की जमीन पर मुंडा भवन, देशाऊली स्थल की बाउंड्री, बकरागुटू स्कूल की बाउंड्री, तितिगडा.सरकारी तालाब से पीडब्ल्यूडी सड़क तक पक्की नाली का निर्माण सहित अनेक योजनाओं को ग्राम सभा में स्वीकृति दी गयी. ग्राम सभा ने तमाम योजनाओं को जल्द धरातल पर उतारने की मांग जिला प्रशासन से की है.

# हाथियों ने घर को किया ध्वस्त फसल रौंदा, दहशत में ग्रामीण

## झुंड में 32 हाथी हैं मौजूद, समाजसेवी ने बुलाई हाथी भगाओ टीम, मुआवजे की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** दारू प्रखंड में पिछले कुछ दिनों से हाथियों का उत्पात लगातार जारी है. प्रखंड की रामदेव खरिका पंचायत के कवालू गांव में हाथियों के झुंड ने गुरुवार की रात्रि गूजन यादव के खेत में लगे आलू और धनिया के पौधों को नष्ट कर दिया. वहीं कौशल सिंह, सुंदरलाल यादव, दिनेश यादव, बाबूलाल यादव, कमल राम, राघव रवानी आदि के खेतों में धान की फसल को रौंद दिया. फसल बर्बाद करने के बाद चुरामन राम के बकरी शेड, आशु सिंह का पानी फिल्टर का टंकी और मकान का दरवाजा, शैलेश सिंह का गणपति ढाबा, वीरेंद्र यादव का पैबर ब्लॉक ईंट बनाने वाली मशीन को भी तोड़ दिया. ग्रामीणों में काफी दहशत का माहौल है.

### किसानों की बढ़ी मुश्किलें मुआवजे की मांग

रामदेव खरिका की मुखिया झरना देवी के समाजसेवी पुत्र प्रभात सिंह ने बताया कि 32 हाथियों के झुंड ने गरीब किसानों की कमर को तोड़ दी है. इस वर्ष बहुत ही मुसीबतो का सामना करते हुए किसानों ने धान की फसल को लगाया था. लेकिन बीते रात हाथियों की झुंड ने फसल को बर्बाद कर उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया. पूरे कवालु में हाथियों के आतंक के कारण लगभग 10 से 15 लाख रुपए का नुकसान हुआ है. आज अगर हाथियों की झुंड पुनः कवालु बस्ती आती है, तो उसके पहले से ही तैयारी करते हुए अपने निजी खर्च पर बड़कागांव से हाथी भागने की टीम को बुलाई जा रही है.





### अधिवक्ता इमानुएल सोरेंग का निधन

**चाईबासा।** जिला बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता इमानुएल सोरेंग का सेन टोला स्थित आवास में गुरुवार देर रात निधन हो गया. उन्होंने 86 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली. सोरेंग बीते कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे. सोरेंग के निधन पर चाईबासा बार एसोसिएशन कार्यालय में आज शुक्रवार को शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गयी. साथ ही झारखंड स्टेट बार काउंसिल के सदस्य अधिवक्ता अनिल कुमार महतो, अधिवक्ता सह समाजसेवी राजाराम गुप्ता, अंकुर चोधरी, वरिष्ठ अधिवक्ता फादर आगस्तीन कुल्लू, प्रदीप कुमार विश्वकर्मा, अमर बख्शी सहित अन्य अधिवक्ताओं ने आवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की.

### चाईबासा : राइवल क्लब ने लद्दू को हराया

**चाईबासा।** एसआर रुंगटा बी-डिविजन जिला क्रिकेट लीग के अंतर्गत शुक्रवार को खेले गए मैच में राइवल क्रिकेट क्लब गुवा की टीम के कप्तान विक्की सिंह के शानदार हरफनमौला प्रदर्शन किया. विक्की की बदौलत लद्दू उरांव क्रिकेट क्लब चक्रधरपुर को 34 रनों से पराजित कर राइवल ने पूरे चार अंक हासिल किए. स्थानीय बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राइवल क्लब ने निर्धारित 30 ओवर में नौ विकेट खोकर 201 रन बनाए.

## केरेडारी में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज

### प्रखंड की सभी 16 पंचायतों से कुल 40 टीमें ले रही भाग

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग के सदर विधायक मनीष जायसवाल के सौजन्य से आयोजित जिले का सबसे बड़ा और लोकप्रिय फुटबॉल टूर्नामेंट- 2003 का आयोजन पहली बार केरेडारी प्रखंड में हुआ. केरेडारी प्रखंड के कृषि फार्म मैदान में शुक्रवार को नमो फुटबॉल टूर्नामेंट-2023 का भव्य आगाज हुआ. मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मांडू के विधायक सह भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल और विशिष्ट अतिथि सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल, बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव और बड़कागांव के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित हुए. केरेडारी प्रखंड क्षेत्र से पहुंची कई फुटबॉल टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल में किक मारकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया. इस फुटबॉल टूर्नामेंट- में केरेडारी प्रखंड क्षेत्र की सभी 16 पंचायतों के कुल 40 टीमों ने भाग लिया. टूर्नामेंट का पहला मैच पटेल स्पोर्टिंग क्लब, खपिया (बुंडू पंचायत) बनाम संगम स्पोर्टिंग क्लब, लाजिदाग (मानतु पंचायत) के टीम के बीच खेला गया. टूर्नामेंट में निर्णायक रेफरी की भूमिका में ज्ञानी कुमार साव, दीपक दीना और लाइंसमेन के रूप में अरविंद दास, नीतीश कुमार दास, मो. कासिम और विकास कुमार हैं. मौके पर मांडू के विधायक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि नमो फुटबॉल टूर्नामेंट ने ग्रामीण इलाकों में खेल के क्षेत्र में नई क्रांति लायी. विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि यह पूरी तरह गैर राजनीतिक कार्यक्रम है और इसका एकमात्र उद्देश्य खेल प्रतिभा को बेहतर प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराकर उन्हें प्रोत्साहित करना है ताकि भविष्य में केरेडारी के सिर्फ कोयला ही नहीं, बल्कि खेल रत्न भी निकल सके. सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने कहा कि खेल के माध्यम से खिलाड़ियों में एकता और भाईचारगी के गुणों का संचार होता है. बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि युवाओं में खेल के प्रतिस्पर्धा बढ़ाने में नमो प्रतियोगिता का विशेष योगदान है.



### सदर प्रखंड में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज आज

हजारीबाग के ओरिया में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट- 2023 का आगाज शनिवार को होगा. इसमें बतौर मुख्य अतिथि मांडू विधायक जेपी भाई पटेल, बरकट्ठा विधायक अमित यादव, बरही पूर्व विधायक मनोज यादव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सदर विधायक मनीष जायसवाल और समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह शामिल होंगे.

## हजारीबाग जिला बार एसो. चुनाव की सरगर्मी तेज, नामांकन की प्रक्रिया खत्म

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिला बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है. जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे अधिवक्ता अपने-अपने पक्ष में मतदान करने के लिए वकीलों को गोलबंद करना शुरू कर दिए हैं. शुक्रवार को नामांकन का अंतिम दिन था और अबतक बार चुनाव में विभिन्न 17 पदों के लिए 71 लोगों ने नामांकन कराया है. शनिवार को नाम वापसी की अंतिम तिथि है और स्क्रूटनी होगी. वहीं 15 अक्तूबर को सिंबल और सीरियल नंबर का वितरण किया जाएगा. 20 अक्तूबर को मतदान होगा और उसी दिन मतगणना होगी. 26 अक्तूबर को प्रमाण पत्रों का वितरण होगा. नामांकन के अंतिम दिन तीन सदस्यों ने नामांकन किया. गुरुवार को सबसे अधिक 62 लोगों ने नामांकन दाखिल किया था. अध्यक्ष पद के लिए सबसे कम तीन प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है. इनमें दो पुराने चेहरे हैं और एक नए उम्मीदवार भैया संजय हैं. इसी तरह कार्यकारिणी के नौ पदों के लिए 25 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है. यह जानकारी मुख्य चुनाव पदाधिकारी कृष्णदेव शर्मा, सहायक चुनाव पदाधिकारी डॉ संतोष पांडेय और मनीष चंद्रा ने दी. उनके ही समक्ष उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया.



### बेरमो :आठ टन कोयले के साथ 12 बाइक और 10 साइकिल जब्त

**बोकारो।** सीसीएल कथारा के क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में गस्ती दल ने कोयला चोरों के खिलाफ कार्रवाई की. छापेमार दल को देखते ही कोयला चोर भाग निकले. इस दौरान 12 बाइक और 10 साइकिल छोड़ भागे. सुरक्षा कर्मियों ने वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया ताकि बाद में इससे पुनः कोयले की चोरी नहीं की जाये. इसके साथ बोरी में भरे करीब 8 टन कोयले को जब्त कर लिया गया. छापेमारी में क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभारी इबरार हुसैन के साथ नागेश्वर नोनिया, देवांशु कुमार, अशोक कुमार, कन्हाई, संजय कुमार दास, नुरुल हौदा सुरक्षा प्रभारी स्वांग कोलियरी, प्रदीप महतो, निर्मल यादव, झारखंड सशस्त्र बल एवं अन्य झारखंड के होम गार्ड के जवान भी शामिल थे.

### डीपीएस रांची में प्राचार्य सम्मेलन का आयोजन

**रांची।** दिनांक 14 अक्टूबर 2023 को, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा प्राचार्यों को सशक्त बनाने और उन्हें एनईपी 2020 पर स्पष्ट एवं महत्वपूर्ण सूचनाओं को साझा करने के उद्देश्य से दिल्ली पब्लिक स्कूल राँची में रीजनल लेवल प्राचार्य सम्मलेन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मलेन में सीबीएसई, नई दिल्ली के अधिकारी मुख्य वक्ताओं के रूप में प्राचार्यों से एनईपी - 2020- इनीशिएटिव एंड रिफॉर्म्स एवं नेविगेटिंग एनईपी 2020: ओब्जेक्टिवेस एंड इम्प्लिकेशन्स जैसे मुख्य विषयों पर विचार विमर्श करेंगे। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य एनईपी 2020 के प्रमुख उद्देश्यों और सिद्धांतों में व्यापक अंतर्दृष्टि प्रदान करना, शिक्षकों, स्कूलों और छात्रों के लिए एनईपी 2020 के निहितार्थों पर चर्चा की सुविधा प्रदान करना एवं शिक्षकों के लिए शिक्षण प्रथाओं को संरेखित करने पर विचार साझा किया जाएगा। साथ ही, इस सम्मलेन के दौरान प्रतिभागियों को उनकी शिक्षण पद्धतियों में एनईपी 2020 सिद्धांतों को एकीकृत करने और इस नीति के बारे में प्रतिभागियों को पूर्ण जानकारी भी दी जाएगी। इस सम्मलेन में झारखंड राज्य के सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के प्राचार्य भी शामिल होंगे एवं एनईपी में अपनाए जा रहे महत्वपूर्ण रुझानों से अवगत होंगे। इस महत्वपूर्ण आयोजन के संबंध में सीबीएसई सिटी कोऑर्डिनेटर एवं डीपीएस, राँची के प्राचार्य ने कहा कि ऐसे आयोजन प्राचार्यों की कार्यक्षमता में वृद्धि का गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदाय का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

### बिना छुट्टी लिये गायब रहते हैं इएसआइसी कार्यालय झुमरी तिलैया शाखा के प्रबंधक

**कोडरमा।** ईएसआईसी कार्यालय झुमरी तिलैया के शाखा प्रबंधक इंद्रजीत सिंह पिछले कई दिनों से कार्यालय से गायब हैं. इस संदर्भ में ईएसआईसी शाखा कार्यालय में कार्यरत प्रवीण कुमार कुशवाहा ने बताया कि शाखा प्रबंधक पिछले 1 अक्टूबर से छुट्टी पर हैं. वहीं सूत्रों की मानें तो शाखा प्रबंधक इंद्रजीत सिंह बिना बताए, बिना छुट्टी लिए महीनों गायब रहते हैं. इस संबंध में ईएसआईसी क्षेत्रीय कार्यालय रांची से संपर्क किया गया तो वहां से पता चला कि इंद्रजीत सिंह बिना छुट्टी लिए महीनों गायब रहते हैं. इस संबंध में ईएसआईसी के सहायक निदेशक अभिषेक कुमार ने इंद्रजीत सिंह को लेकर ईएसआईसी के प्रशासनिक विभाग को एक पत्र लिखा है. लिखे गए पत्र में सहायक निदेशक ने कहा है कि यह आए दिन बिना छुट्टी लिए गायब रहते हैं. साथ ही पिछले कई महीनों से इनका बायोमेट्रिक अटेंडेंस भी पेंडिंग है. साथ ही लिखा है कि इंद्रजीत सिंह क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा भेजे गए पत्र का भी जवाब नहीं देते हैं और अपनी मनमानी करते हैं. सहायक निदेशक ने इंद्रजीत सिंह का वेतन काटने के लिए लिखा है. उनका मानना है कि अगर इनका छुट्टी और वेतन नहीं कटौती की गई तो अन्य शाखा के प्रबंधक भी मनमानी करने से नहीं चूकेंगे. इससे दूसरे शाखा की भी मनमानी बढ़ जाएगी. एक तरफ तो ईएसआईसी शाखा झुमरी तिलैया से पता चला कि वह छुट्टी पर हैं तो वहीं दूसरी तरफ क्षेत्रीय कार्यालय रांची को उनकी छुट्टी की कोई जानकारी ही नहीं है.

### बेंगाबाद: कर्ज के दबाव में आत्महत्या करने वाली महिला के पति की भी मौत

**गिरिडीह।** नौ अक्टूबर को लोन वापसी के दबाव में आकर आत्महत्या करने वाली खंडोली की महिला जैबुन खातून के पति बबलू अंसारी की मौत दो दिनों बाद हो गई. पत्नी की मौत से उसे गहरा सदमा पहुंचा और उसने भी दम तोड़ दिया. पति-पत्नी दोनों के निधन से पूरा परिवार बिखर गया है. बच्चों के सिर से मां-बाप का साया उठ जाने से बच्चे शोक में डूबे हुए हैं. पत्नी के बाद पति की मौत की सूचना मिलते ही माले नेता राजेश यादव की अगुवाई में एक टीम पीड़ित परिवार के घर पहुंची, और शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी. माले नेता राजेश यादव ने घटना के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट की है.

### धनवार के श्रमिक की मुंबई में मौत

**गिरिडीह।** धनवार प्रखंड के ग्राम माधोखुर्द पंचायत गलवाती निवासी मोहम्मद फिरोज, पिता सलामत मियां, उम्र 26 वर्ष की मुंबई में मौत हो गई. वह वहां मजदूरी करता था. जानकारी के अनुसार वहां दुर्घटना में फिरोज की मौत हुई है. फिरोज अपने घर का इकलौता कमाने वाला था. वह अपने पीछे पत्नी और तीन छोटे बच्चों को छोड़ गया है. फिरोज के निधन से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. जानकारी के मिलने के बाद स्थानीय मुखिया और अन्य लोग फिरोज के घर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी.

## दूसरे दिन जिला परिषद से कोर्ट तक हटा अतिक्रमण, 12 दुकानें हटाई गईं



नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** दुर्गा पूजा से पहले नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान ने फुटपाथ दुकानदारों के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है. दुकानदारों का कहना है कि हम गरीबों को घर चलाना मुश्किल होता है. दुर्गा पूजा के समय नगर निगम उनकी रोजी-रोटी व खुशियों पर बुलडोजर चला रहा है. इधर, दूसरे दिन शुक्रवार की सुबह सहायक नगर आयुक्त संतोषिनी मुर्मू के नेतृत्व निगम की टीम ने जिला परिषद से कोर्ट तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चला कर 12 से अधिक दुकानों को हटा दिया. इसके साथ ही दुकानदारों पर कुल 5 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया गया. संतोषिनी मुर्मू ने कहा कि कोहिनूर मैदान में बने वेंडिंग जोन में सभी फुटपाथ दुकानदारों के लिए जगह बनाई गई है. सभी को वेंडिंग जोन में हीं दुकानें लगानी होगी. सडक का अतिक्रमण करने वाले के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी. ज्ञता हो कि नगर निगम और फुटपाथ दुकानदारों के बीच चूहे-बिल्ली का खेल चल रहा है. शुक्रवार की सुबह अतिक्रमण हटाकर निगम की टीम के जाते ही सड़क की दोनों ओर फुटपाथ पर फिर दुकानें लग गईं.

**समस्या** | चाईबासा सदर अस्पताल: गर्भवती महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी

# दो साल से बेकार पड़ी है अल्ट्रासाउंड मशीन



नवीन मेल संवाददाता

**चाईबासा।** सदर अस्पताल में पिछले दो वर्ष से अल्ट्रासाउंड मशीन बेकार पड़ी हुई है. डॉक्टर के नहीं होने से मशीन का उपयोग नहीं हो पा रहा है. इसको लेकर सदर अस्पताल के सिविल सर्जन के पास पत्राचार किया जाता रहा है. लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं किया गया है. अल्ट्रासाउंड नहीं होने के कारण गर्भवती महिलाओं के साथ-साथ पेट संबंधी बीमारियों से ग्रसित मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. मरीज को मजबूरन बाहर से ही अल्ट्रासाउंड कराना पड़ रहा है. जिसके लिए अधिक राशि खर्च करनी पड़ रही है. बाहर में मनमाना शुल्क लिया जा रहा है. अस्पताल में अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए आने वाले बीपीएल कार्डधारियों को निःशुल्क जांच होती थी. वहीं अन्य मरीज मात्र 350 रुपए भुगतान कर अल्ट्रासाउंड कर लेते थे. लेकिन अल्ट्रासाउंड बंद होने के कारण गरीब तबके के मरीजों को निजी अल्ट्रासाउंड क्लिनिकों में विवश होकर जांच करवाना पड़ रहा है. जहां तीन गुना अधिक राशि वसूल की जा रही है. वर्तमान में सदर अस्पताल परिसर में इमारतों का निर्माण हो रहा है. अस्पताल में इलाज करवाने के लिए आने वाले मरिज अनुमान लगा रहे हैं कि शायद निकट भविष्य में इलाज की व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो पाएगी. चाईबासा के समाजसेवी राजाराम गुप्ता ने कहा कि सदर अस्पताल में पूरे जिले भर के ग्रामीण क्षेत्र से गरीब मरीज पहुंचते हैं. लेकिन उनका इलाज सही से नहीं होने के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है. मरीज को मजबूरन बाहर से अल्ट्रासाउंड कराने से अधिक पैसा देना पड़ रहा है. सदर अस्पताल प्रबंधन से मांग है कि अल्ट्रासाउंड मशीन तो है, लेकिन वहां डॉक्टर नहीं हैं. इसकी स्थायी व्यवस्था की जाये.

# खेती करने के लिए अनुदान में मिला ट्रैक्टर, महिलाओं के खिले चेहरे

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** महिलाएं जो कभी गाड़ी में बैठने से भी डरती थीं, आज ट्रैक्टर चलाने को तैयार हैं. सरकार भी ऐसी महिलाओं को प्रोत्साहित कर रही है. हजारीबाग के सुदूरवर्ती बरही प्रखंड के कोल्हुवा पंचायत के बेला गांव की 12 महिलाओं के समूह को ट्रैक्टर अनुदान में दिया गया है. तमन्ना आजीविका सखी मंडल पिछले कई महीनों से समूह बनाकर अपना जीवन यापन कर रही है. मूल रूप से यह महिलाएं खेती करना चाहती हैं. लेकिन ट्रैक्टर नहीं होने के कारण बैल से इन्हें खेत जोतना होता था. ऐसे में खेत भी परती रह जाती थी और खेती भी नहीं हो पाती थी. महिलाओं के पास लगभग 20 एकड़ जमीन है. इसमें धान, गेहूं, मक्का, आलू और सब्जी की खेती होती है. महिलाएं आपस में सब्जी की खेती कर पैसे कमाती हैं और फिर उससे अपना घर परिवार चलाती हैं. हजारीबाग जिला प्रशासन ने अनुदान पर उन्हें ट्रैक्टर उपलब्ध कराया है. महज एक लाख 97 हजार 146 रुपए में उन्हें ट्रैक्टर मिल गया और 80% अनुदान सरकार ने दिया है. यह पैसे भी महिलाओं ने आपस में जमा करके बैंक को दिया. अब महिलाओं को ट्रैक्टर की चाबी मिल चुकी है और वह ऊंची उड़ान उड़ने को तैयार है. कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की ओर से कृषि यंत्रिकीकरण प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत महिलाओं को ट्रैक्टर उपलब्ध कराया गया है. ट्रैक्टर पाने वाली महिला सिद्धिका खातून बताती हैं कि ट्रैक्टर मिलने के बाद अब इसे चलाने का भी प्रशिक्षण लेंगे, ताकि खूब मेहनत करके अपने खेतों में अनाज उगाया जा सके.



# एयरफोर्स के जवान का तिरंगे में लिपटा पहुंचा पार्थिव शरीर

## बरही के लाल लक्की को दी गई सलामी, नम हो उठीं लोगों की आंखें

### बीमारी ने ले ली जान, तिरंगे को चूम फफक उठीं मां



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** एयरफोर्स के जवान लक्की कुमार का पार्थिव शरीर तिरंगे में लिपटा हुआ रांची से शुक्रवार को बरही के करसो स्थित उनके पैतृक आवास पर एंबुलेंस से पहुंचा. वीर सपूत का पार्थिव शरीर पहुंचते ही उनके अंतिम दर्शन के लिए करसो के लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा. करीब दो घंटे के इंतजार के बाद एयरफोर्स के पांच सदस्यीय जवानों की टीम भी लक्की के आवास पर पहुंचे. इस दुःखद बेला में सभी की आखें नम थीं. उसके बाद एयरफोर्स के वारेंट ऑफिसर शिवलाल सिंह ने मृतक के पार्थिव शरीर को सलामी दी. एयरफोर्स के जवानों ने उनके माता-पिता को मृतक के पार्थिव शरीर के पास बुलाया और उनके समक्ष तिरंगे से लिपटा जवान के पार्थिव शरीर से ससम्मान तिरंगे को हटाया. फिर तिरंगे को सम्मान पूर्वक उनके माता-पिता को सुपुर्द किया. मृतक जवान के माता के हाथों में तिरंगा जाते ही वह तिरंगा को चूम कर फफक पड़ीं. उसके बाद एयरफोर्स के वारंटी ऑफिसर ने लक्की के पिता के साथ विधि पूर्वक औपचारिकताओं को पूरा किया. मृतक के पार्थिव शरीर पहुंचने के पहले उनके बैच के साथी रिशु कुमार (नालंदा) भी पहुंचे हुए थे. उन्होंने बताया कि लक्की 02/21 इनटेक के सेना थे. उनकी ज्वाइनिंग फरवरी 2021 में हुई थी. ट्रेनिंग 26 मई 2022 से अप्रैल तक चला. जिसके बाद यूपी के सहारनपुर में उनकी पहली पोस्टिंग लैंडिंग एयरक्राफ्ट मैन पोस्ट पर हुआ. तीन महीने में उनकी तबीयत बिगड़ती चली गई. उनका इलाज आर.आर. हॉस्पिटल दिल्ली में किया जा रहा था. इलाज के ही दौरान सिक लीव में वह घर आए हुए थे. उसके बाद उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ने के कारण उन्हें रांची एम.एच. में भर्ती किया गया. वहीं इलाज के दौरान उनका देहांत हो गया. लक्की कुमार का संध्या पहर अंतिम संस्कार करसो नदी घाट पर किया गया. ग्रामीणों ने बताया कि उनके पिता वीरेंद्र कुमार यादव बीआरसी में विजिट का कार्य करते हैं और उनकी माता चुनकी देवी करसो भाग-2 में सेविका पद पर कार्यरत हैं. मृतक के बड़े भाई सिंटू कुमार यादव और माता-पिता हैं. लक्की की पढ़ाई भामाशाह विद्यालय बरही में हुई थी.

## गागर में सागर

### विद्यालय परिवार ने दिवंगत लक्की को किया याद, दी श्रद्धांजलि



**बरही ।** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के पूर्ववर्ती छात्र और एयर फोर्स के जवान लक्की यादव के निधन से पूरा विद्यालय परिवार मर्माहत है. प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने बताया कि विद्यालय का गौरव भैया लक्की कुमार शैक्षणिक सत्र 2018-19 में उनके विद्यालय से मैट्रिक उतीर्ण हुए थे. इसके बाद वह देश सेवा के लिए भारतीय वायु सेना में योगदान देकर विद्यालय और समाज में आदर्श स्थापित किया. जिनका निधन बीते बुधवार को कार्यस्थल पर बीमारी से हो गया. शुक्रवार को इनका पार्थिक शरीर उनके आवास करसो पहुँचा. विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित कोषाध्यक्ष रोहित कुमार साव, आचार्य प्रिंस रविशंकर प्रियदर्शी और मनीष सिन्हा ने मृतक के आवास पहुँचकर श्रद्धांजली अर्पित करते हुए पीड़ित परिवार को साहस प्रदान किया.

### दिहाड़ी मजदूरी करके लौट रहे राज मिस्त्री की सड़क दुर्घटना में हुई मौत

**बरही ।** देर संध्या कोनरा पंचायत भवन के नजदीक टैंकर की चपेट में आने से एक राजमिस्त्री की मौत हो गई. राज मिस्त्री की पहचाना रानीचुआ पंचायत अंतर्गत कुटमा निवासी संतोष हांसदा के रूप में की गई है. घंटनास्थल पर मौजूद बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी ने बताया कि उक्त मजदूर बरही चौक की ओर से अपने गांव जा रहा था. इसी क्रम में उसी दिशा से आ रही टैंकर ने मिडल स्कूल के करीब अपनी चपेट में ले लिया, जिससे मौके पर ही मौत हो गई. इस दुर्घटना में मृतक का सर पूरी तरह कुचल गया था. उसके सर के हड्डी और गुद्दे सड़क पर बिखर गए थे. घटना से जाम जैसी स्थिति हो गई थी. जानकारी मिलते ही इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह, एसआई महेंद्र बैठा, मो समसुद्दीन आदि सहित बरही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति नियंत्रण ने लग गए थे. मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सह प्रदेश प्रतिनिधि मो निजामुद्दीन अंसारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता आदि सहित कई लोग मौजूद थे. घटना की जानकारी परिजनों को दे दिया गया था. समाचार लिखे जाने तक शव सड़क पर पड़ा था.

### हथियार के साथ युवक गिरफ्तार, घर की तलाशी में मिला तमंचा

**हजारीबाग।** विष्णुगढ़ थाना अंतर्गत बरांय नौवाडीह के पंकज कुमार पिता : गल्लू मंडल को विष्णुगढ़ पुलिस ने गुरुवार की शाम संदिग्ध अवस्था में गिरफ्तार किया है. बताया गया है कि युवक बरांय के बैंक ऑफ बड़ौदा के बाहर खड़ा था. संदेह होने पर ग्रामीणों ने इसकी सूचना विष्णुगढ़ थाने को दी. सूचना पाकर पुलिस पहुंची और उसे हिरासत में ले ली. पूछताछ के बाद पुलिस ने उसके घर की तलाशी ली. तलाशी में पुलिस को उसके घर से तमंचा और गोलियां मिली हैं. उसने पुलिस के सामने अपने कई गुनाह कबूल किए हैं. शुक्रवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया.

### बरही में जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण



**बरही ।** जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के निर्देशन में बरही के कामधेनु स्वीट्स सहित आस पास के दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया. इस दौरान कामधेनु स्वीट्स से जांच हेतु पनीर के सैंपल लिए गए. जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी ने बताया कि बरही के केसरी सत्तू मिल और कोडरमा के आशा ब्रेड के द्वारा बिना मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपायरी डेट के ही प्रोडक्ट बेचे जा रहे है. जो अवैध और नियमविरुद्ध है. इस मामले में दोनो निमार्ताओं को नोटिस जारी किया जा रहा है. उन्होंने यह भी बताया कि अगले सप्ताह पुनः जांच टीम बरही के विभिन्न खाद्य दुकान, होटल, ढाबा, खोमचे वाले इत्यादि की जांच की जायेगी. उन्हे यह भी शिकायत मिली है की हरी सब्जियों में मिलाए जा रहे हैं. इसके विरुद्ध भी अभियान चलाया जाएगा. उन्होंने सभी खाद्य सामग्री विक्रेताओं से खाद्य सुरक्षा नियम के तहत सामग्री बिक्री करने की अपील किया है.

## बरकट्ठा थाना में दुर्गापूजा को लेकर शांति समिति की बैठक



**बरकट्ठा।** बरकट्ठा थाना में दुर्गा पूजा को लेकर शुक्रवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी श्रीकांत लाल मांझी एवं संचालन थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने किया। पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरा,फायर सेफ्टी को लेकर उचित व्यवस्था, महिलाओं के लिए अलग से बेरीकेटिंग,वाहन पार्किंग आदि की व्यवस्था के लिए पूजा कमेटी को निर्देश दिया गया। बैठक में थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने दुर्गा पूजा को आपसी सौहार्द और शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की ।कहा कि कोई भी भ्रामक खबर न फैलाएं। ऐसे लोगों पर पैनी नजर पुलिस की रहेगी तथा मामला संज्ञान में आने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।वहीं सरकारी गाइडलाइन की जानकारी पूजा समिति के पदाधिकारियों को दी गई।इस अवसर पर विभिन्न पूजा समिति के उपस्थित लोगों ने अपने-अपने विचार प्रकट किया।

### रामगढ़ कॉलेज बचाओ समिति ने ज्ञापन सौंपा

**रामगढ़।** रामगढ़ कॉलेज बचाओ समिति के तत्वाधान में 13 अक्टूबर को छात्र संगठनों के एक प्रतिनिधि मंडल ने रामगढ़ कॉलेज की जमीन की चहारदीवारी एवं मापी करने के संबंध में रामगढ़ उपयुक्त से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल के नेतृत्व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व प्रदेश संयोजक राजेश ठाकुर ने किया। मौके पर राजेश ठाकुर ने कहा की हमने उपायुक्त को बताया की कॉलेज के उत्तरी छोर पर लाइब्रेरी के पास चहारदीवारी था। जिसे लोकसभा चुनाव के दौरान बड़े वाहनो के आने जाने के लिए हटा दिया गया। उन्होंने कहा की ज्ञापन में हमने बताया की इसके बाद कॉलेज में असामाजिक किस्म के लोगों का आना जाना लगा रहता है। कहा की इसलिए कॉलेज की भूमि की मापी और चहारदीवारी आवश्यक है। ज्ञापन की प्रतिलिपि महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री कार्यालय, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, झारखंड और कुलपति विनोबा भावे विश्वविद्यालय को प्रेषित की गई है।

## प्रबंधन विभाग में नवागंतुक छात्रों ने मनाया फ्रेशर डे



**नवीन मेल संवाददाता**

रामगढ़। राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग में नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभाग के छात्र - छात्राओं ने अपना - अपना परिचय दिया । मौके पर कुलाधिपति बी.एन.साह ने कहा कि आपका काम आपके जीवन के एक बड़े हिस्से को भरने वाला है और वास्तव में जीवन में संतुष्ट होने का एकमात्र यही तरीका है। जबकि कुलपति प्रो. (डॉ.) शुक्ला महन्ती ने व्यापार जगत में होने वाली डिजाइन के बारे में कहा की डिजाइन केवल वह नहीं है जो वह दिखता है और जैसे लगता है। डिजाइन का मतलब है, यह कैसे काम करता है। कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल ने विद्यार्थियों को नियमित क्लास, अनुशासन एवं आधुनिक व्यापार को पारम्परिक व्यापार के आपसी समन्वय रखने पर जोर दिया।

### अबुआ वीर दिशोम अभियान को लेकर गैड़ा में आमसभा का आयोजन

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के गैड़ा पंचायत सचिवालय में अबुआ वीर दिशोम अभियान 2023 के क्रियान्वयन तथा वनाधिकार कार्यक्रम के तहत आम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक अंचल निरीक्षक सुरेन्द्र पासवान मुखिया प्रतिनिधि श्याम प्रसाद साव रोजगार सेवक शिवकुमार यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय मुखिया सुमन देवी तथा संचालन उप मुखिया चन्द्रदीप पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम के तहत गैड़ा गांव के जंगल समिति का गठन किया गया। अध्यक्ष योगेंद्र पाण्डेय सचिव कौशल्या देवी और सदस्य संगीता देवी, सकलदेव साव, मथुरा पंडित, सतीश मोदी, अंशु देवी, बबीता देवी, पुनियां देवी ,सुमित्रा देवी,किशोर पासवान, दुलारी देवी, कामेश्वर नायक को बनाया गया। मौके पर नव निर्वाचित सदस्यों ने जंगल बचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक आयोजित, बोले

## पूरे पंचायत में संगठन मजबूत करें



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** झारखंडी भाषा भाषा खतियान संघर्ष समिति की दुलमी प्रखंड में पंचायत स्तरीय बैठक कमेटी विस्तार को लेकर 13 अक्टूबर को असनाटांड, माथागोड़ा, कुल्ही में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मदन गंझू एवं संचालन गोपाल प्रसाद ने किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा की जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष टाईगर जयराम महतो आज के समय में एक व्यक्ति नही एक विचार हैं ।कहा की वे राज्य के शोषित,पीड़ित,वंचित, गरीब, दबे कुचले,मध्यम वर्ग के लोगों की आवाज हैं। कहा की हम सभी को टाइगर जयराम महतो के विचारों को जन जन तक पहुंचाकर कर रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में संगठन को मजबूत बनाना है। बैठक में महिलाओं को जागरुक करके पूरे पंचायत में संगठन को मजबूत करने का निर्णय लिया गया। इस दौराम रामगढ़ जिला के सभी प्रभारियों ने बारी बारी से अपने बाते को रख कर बैठक को सफल बनाने में योगदान दिया । बैठक में मुख्य रूप से पनेश्वर, संतोष टिडूआर,देवानंद महतो, योगेश भारती, लीलावती महतो, प्रवीण कुमार महतो,निर्मल महतो, अरविंद नायक, परमेश्वर महतो, बालेश्वर महतो, हेमंत महतो, रूपेश कुमार, मिथलेश कुमार, रमेश कुमार महतो ,रूपा महतो, देवन्ती देवी, मुलासो देवी,रीता देवी, राखी देवी, सुषमा देवी भारती कुशवाहा, सुलेखा देवी, संजय महतो, नीतीश कुमार, रंजीत भोगता, अमृत भोगता, कार्तिक गंझू, रविकांत महतो टिकेश्वर महतो, दीपक महतो, अशोक चौधरी, सहदेव कुमार, प्रेम कुमार आदि उपस्थित थे ।

## दुर्गापूजा को लेकर शांति समिति की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** दुगार्पूजा को लेकर बीडीओ सी आर इंदीवर के अध्यक्षता में बरही थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई. जिसमे सीओ रामनारायण खलखो, प्रमुख मनोज कुमार रजक, सांसद प्रतिनिधि डोमन पांडेय, विस विधायक प्रतिनिधि छट्ठू यादव, सुनील साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहिप जिल सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, मुखिया विजय कुमार यादव आदि सहित सार्वजनिक दुगार्पूजा समिति धनबाद रोड, गया रोड, पटना रोड, अफीम कोठी आदि पूजा समिति के पदाधिकारी, संरक्षक, स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और बुद्धिजीवी मौजूद रहे. बैठक का संचालन इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने किया. उपस्थित लोगों ने शांतिपूर्ण तरीकों से दुर्गा पूजा मनाने की अपील किया. पूजा समिति के सदस्यों ने त्योहार के दौरान साफ सफाई, ट्रैफिक, पानी, बिजली आदि सहित विशेष पेट्रोलिंग व्यवस्था की बात कही. सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति गया रोड के अध्यक्ष उदय केसरी ने पूजा पंडाल के समीप अग्निशमन दल की मौजूदगी का प्रस्ताव रखा. उपस्थित अन्य लोगो ने भी शांति और सौहार्द पूर्ण वातावरण में पूजा मनाने की अपील किया. सीओ ने सभी पूजा समिति से प्रवेश और निकास द्वार को बड़ा रखने की बात कही. इसके साथ ही प्रत्येक पंडाल में सीसीटीवी कैमरा सहित समुचित संख्या में वोलेंटियर्स रखने की बात कही. बीडीओ ने सभी पूजा समिति से सरकार के निर्धारित मापदंड के आधार पर पूजा मनाने की बात कही. इसके साथ ही ध्वनिविस्तारक यंत्रों को निर्धारित आवाज में बजाने और फूहड़ गानों से परहेज करने की बात कही.

### राष्ट्रीय डाक सप्ताह के तहत खाताधारी दंपती को किया सम्मानित

**रामगढ़।** चितरपुर उप डाकघर में शुक्रवार को दुलमी प्रखंड कुरूम निवासी लक्ष्मी देवी पति टिकेश्वर साव का राष्ट्रीय डाक सप्ताह के तहत दो लाख रुपए का महिला सम्मान बचत पत्र खाता खोलकर उन्हें पासबुक सौंपा गया। मौके पर डाक सहायक रविशंकर राय ने कहा कि महिला सम्मान बचत पत्र डाकघर बचत की सबसे अच्छी योजना है। जिसे प्रधानमंत्री ने महिलाओं के सम्मान मे लागू किया है। उन्होंने बताया इस योजना में दो वर्षो में 7.5% ब्याज दिया जा रहा है। इस दौरान डाक सप्ताह के तहत खाता खोले गए महिला सम्मान बचत खाताधारी दंपती को सम्मानित भी किया गया।

## एनपीपीसीएफ के तहत जांच शिविर आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** सिविल सर्जन रामगढ़ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद के निदेर्शानुसार जिला नोडल पदाधिकारी एनपीपीसीएफ डॉ तूलिका रानी के नेतृत्व में राजकीय बुनियादी विद्यालय चितरपुर में एनपीपीसीएफ कार्यक्रम के तहत फ्लोरोसिस बीमारी से संबंधित जाँच कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प के दौरान डिस्ट्रिक्ट कन्सल्टेंट डॉ पल्लवी कौशल एवं सीएचओ सलोमी कुजूर के द्वारा कुल 126 बच्चों की जांच की गई एवं मौके पर 26 बच्चों में फ्लोरोसिस के लक्षण पाए जाने पर जितेन्द्र कुमार द्वारा उनका यूरिन सैम्पल का जांच किया गया एवं 05 बच्चों में फ्लोरोसिस बीमारी की पुष्टि की गई। वहीं, कार्यक्रम के दौरान जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी-सह-नोडल पदाधिकारी एनपीपीसीएफ डॉ तूलिका रानी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि फ्लोरोसिस एक लाइलाज बीमारी है जो धीरे-धीरे हड्डियों को खत्म करने की क्षमता रखती हैं एवं बचाव ही इसका इलाज है। इस बीमारी से बचाव सभी को अपने खाने में हरी सब्जी, फल एवं दुध जैसे पदार्थों को शामिल करना चाहिए और काला नमक के उपयोग से परहेज करना चाहिए क्योंकि काला नमक फ्लोरोसिस बीमारी का एक बहुत बड़ा कारण है। साथ ही उन्होंने सभी को जानकारी देते हुए बताया कि कोई भी व्यक्ति फ्लोरोसिस की निःशुल्क जाँच सदर अस्पताल में करा सकते हैं।

## सुझाव

### नैक पीयर की टीम ने अन्नदा कॉलेज का लिया जायजा

## तीनों संकायों के सभी 21 विभागों का देखा प्रेजेंटेशन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** अन्नदा महाविद्यालय में दो दिनों तक निरीक्षण करने के बाद नेशनल असेसमेंट एंड एक्रिडिएशन काउंसिल (नैक) पीयर की टीम ने कॉलेज प्रशासन के साथ एक्जिट मीटिंग ली. इसमें उन्होंने अधिकांश व्यवस्थाओं पर संतुष्टि जताते हुए कुछ व्यवस्थाओं को सुधारने की जरूरत भी बताई. टीम ने दो दिनों तक निरीक्षण करने के बाद शुक्रवार को रिपोर्ट तैयार की तथा शाम को एक्जिट मीटिंग कर निरीक्षण समाप्त किया. नैक की टीम डॉ वी बी काकड़े, शिवाजी यूनिवर्सिटी कोल्हापुर की अध्यक्षता में 12अक्तूबर को अन्नदा महाविद्यालय आयी थी. उन्होंने गुरुवार को निरीक्षण शुरू किया. पहले दिन उन्होंने प्राचार्य डॉ नीलमणि मुखर्जी व महाविद्यालय के इंटरनल क्वालिटी एस्योरेंस सेल के समन्वयक डायरेक्टर डॉ. बरनांगो बनर्जी के प्रस्तुतीकरण देखने के बाद निरीक्षण प्रारंभ किया. पहले दिन उन्होंने तीनों संकायों के सभी 21 विभागों का प्रेजेंटेशन देखा. इसमें शिक्षकों ने स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से विभागों की उपलब्धियों व अब तक किए गए कार्यों के बारे में जानकारी दी. उसके बाद उन्होंने कला संकाय का अवलोकन किया. वहीं टीम के दूसरे सदस्य डॉ वाई वी रेड्डी समन्वयक, श्री वेंकटेश्वर यूनिवर्सिटी आंध्रप्रदेश ने साइंस फैकल्टी का दौरा कर प्रेजेंटेशन देखा. एक अन्य सदस्य डॉ मनोज कुमार पटेल, आनंद कला महाविद्यालय गुजरात ने मैनेजमेंट विभाग में कॉमर्स फैकल्टी का प्रेजेंटेशन देखा. वहीं दूसरे सत्र में टीम महाविद्यालय के विद्यार्थियों, पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं तथा अभिभावकों से वार्ता की. संध्याकालीन सत्र में टीम के समक्ष महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया. दूसरे दिन शुक्रवार को टीम सुबह राष्टीय सेवा योजना के पदाधिकारी डॉ कृष्ण यादव से एनएसएस की ओर से गोद लिए गए कृष्णानगर गांव और वहां राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से कराए गए कार्यों की जानकारी ली. राष्ट्रीय कैडेट कोर के सभी कैडेट्स तथा एसोसिएट एनसीसी पदाधिकारी से मिलकर एनसीसी के सभी कार्यों की जानकारी ली. एनसीसी के प्रदर्शन से टीम संतुष्ट दिखी. टीम ने उसके बाद अन्नदा महाविद्यालय के अकाउंटेंट और परीक्षा नियंत्रक से मुलाकात की. फिर टीम ने केंद्रीय कार्यालय के विभिन्न विभागों का अवलोकन किया. टीम ने महाविद्यालय में बने विभिन्न केंद्रों की जानकारी ली और कुछ केंद्रों का निरीक्षण भी किया. उन्होंने पुस्तकालय और कैंपस में खेल की सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया. उन्होंने शिक्षकों व शिक्षकेतर कर्मचारियों से बातचीत भी की. टीम के सदस्यों ने महाविद्यालय में व्यवस्थाओं और साफ-सफाई का जायजा लिया.

## नैक की टीम दूसरी बार करेंगे आरएनवाईएम मवि. का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) की टीम दूसरी बार रामनारायण यादव महाविद्यालय का निरीक्षण करेगा. निरीक्षण की तैयारियों के लेकर प्राचार्य डॉ बिमल किशोर ने महाविद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक किया. उन्होंने बताया कि नैक ने अपने प्रथम निरीक्षण में 2017 में महाविद्यालय को बी ग्रेड देकर सबों को गौरवान्वित किया है. दूसरे निरीक्षण में महाविद्यालय को पुनः अच्छा ग्रेडिंग मिले यह सभी का प्रयास हो. इसके लिए सभी लोगों को जिम्मेवारी देते हुए निष्ठतापूर्वक पूरा करने की बात कही. नैक के निदेर्शानुसार महाविद्यालय के सभी कार्यों को पूर्ण डिजिटल होना अनिवार्य है. इसके लिए महाविद्यालय के पुस्तकालय, अध्ययन कक्ष, एकाउंट इत्यादि को शत प्रतिशत डिजिटल बनाने पर जोर दिया. जिससे दूसरे निरीक्षण में भी महाविद्यालय को बी++ ग्रेड मिल सके. इसके लिए प्राचार्य ने सबों से सार्थक सहयोग की उम्मीद करते हुए टीम भावना में बंधकर कार्य करने की बात कही. बैठक में मुख्य डॉ अरुणा रानी, डॉ संजय कुमार बर्णवाल, डॉ अजय रविदास, डॉ गिरिधारी यादव, डॉ सुषमा कुमारी, डॉ बद्री साव, डॉ अजय प्रताप सिंह, डॉ ब्रह्मदेव मोदी, डॉ अजय रंजन, डॉ सरिता सिन्हा, डॉ अशोक कुमार, प्रो अनिरुद्ध चंद्र बसु, प्रो हिरामन साव, प्रो जागेश्वर यादव, प्रो अंजली कुसुम ओम, पुस्तकालयाध्यक्ष निजामुद्दीन अकेला, प्रधान लिपिक दिनेश्वर यादव, निर्मला रीना, हरेन्द्र सिंह, गामा कपरदार, महेंद्र ठाकुर, अर्चना, सुमित्रा आदि उपस्थित थे.

## गागर में सागर

### सियालदह एक्सप्रेस ट्रेन में रिटायर्ड जवान ने फायरिंग की, गिरफ्तार

**कोडरमा।** सियालदह एक्सप्रेस में एक यात्री के फायरिंग करने की खबर सामने आ रही है. यह घटना गुरुवार देर रात की है. जानकारी के अनुसार, एक व्यक्ति की टीटीई से टिकट को लेकर विवाद हुआ. जिसके बाद उसने टीटीई पर गोली चला दी. गनीमत रही कि किसी को गोली नहीं लगी. बताया जाता है कि आरोपी शराब के नशे में धुत था. गोली चलाने वाले की पहचान सिख रेजिमेंट के रिटायर जवान हरपिंदर सिंह के रूप में हुई है. ट्रेन में गोली चलने की खबर के बाद ट्रेन को एस्कॉर्ट कर रहे आरपीएफ के जवानों ने तुरंत गोली चलाने वाले को गिरफ्तार किया. साथ ही उसके पास रखी रिवाल्वर को जब्त कर ली. कोडरमा जीआरपी ने आरोपी जवान को मेडिकल जांच के लिए भेजा है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि हरपिंदर सिंह नशे में धुत था. रिटायर्ड जवान का टीटीई से टिकट दिखाने को लेकर विवाद हुआ था. जिसके बाद उसने लाइसेंसी रिवॉल्वर से एक राउंड फायरिंग कर दी. वहीं आरोपी द्वारा यात्रियों के साथ भी दुर्व्यवहार करने की बात भी सामने आ रही है. पूरा मामला वीवीआइपी ट्रेनों में सुमार 12313 सियालदह-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन के बी-8 कोच का है. घटना की सूचना पर धनबाद रेल मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कोडरमा रेलवे स्टेशन की पुलिस की मदद से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सेना का रिटायर्ड जवान पंजाब के गुरदासपुर का रहने वाला है. वह धनबाद के किसी कोलियरी में प्राइवेट सिक्योरिटी की जॉब करता है. वहीं जवान के पास से हावड़ा राजधानी का टिकट मिला है. लेकिन वह धनबाद से सियालदह राजधानी ट्रेन में सवार होकर सफर कर रहा था.

### राशन लेने जा रही महिला के ऊपर भंवरा ने किया हमला, गंभीर

**सिमडेगा।** सिमडेगा के बाघलता डूमरटोली गांव में राशन लेने जा रही 60 वर्षीय तेरेसा मिंज नामक महिला के ऊपर भंवरा के द्वारा जानलेवा हमला कर दिया। इधर अचानक हमले से महिला पूरा गंभीर रूप से जख्मी हो गई और किसी तरह वह तालाब में डुबकी लगाकर अपनी जान बचाई ।बाद में परिवार वालों की इसकी जानकारी दी तब परिवार वाले उसे घर ले और वहां उसकी स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल सिमडेगा में भर्ती कराया है। जानकारी देते हुए उसके बेटे ने बताया कि वह बगल गांव राशन लाने जा रहे थे इसी दौरान सामने पेड़ में भंवरा के छत्ता द्वारा उसके ऊपर जानलेवा हमला कर दिया ।इधर हमले की वजह से महिला पूरी तरह से जख्मी हो गई, जिसका इलाज सदर अस्पताल सिमडेगा में चल रही है।

### करंजटोली गांव में फांसी लगाकर 17 वर्षीया किशोरी ने की आत्महत्या

**सिमडेगा।** सिमडेगा के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत कोचेडेगा पंचायत के बेन्दोजोर करंजटोली गांव में फांसी लगाकर 17 वर्षीय किशोरी ने आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान आभा स्वीटी कल्लू के रूप में हुई। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद घटनास्थल पर पुलिस पहुंची एवं शव को उतार कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी शैलेंद्र पासवान ने बताया कि रेमेज्यूस कुल्लु की 17 वर्षीय पुत्री आभा स्वीटी किसी बात को लेकर नाराज होकर गांव से ही पास में एक पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ।मृतका के पिता ने बताया कि किसी प्रकार की कोई लड़ाई झगड़ा घर में नहीं हुआ था। इधर पुलिस आत्महत्या के सभी बिंदुओं पर छानबीन कर रही है। वही पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया इस मामले में यूडी केस दर्ज की गई है।

### नाबालिग ने बाइक से ट्रक ड्राइवर को मारी टक्कर, अस्पताल में भर्ती

**कोडरमा।** सदर थाना क्षेत्र के कॉलटेक्स के समीप एक नाबालिक युवक ने राह चलते एक व्यक्ति को बाइक से टक्कर मार दी. जिसमें राजस्थान के भिलवाड़ा जिला के ग्राम हंसेड़ा, थाना कचूड़ा निवासी 35 वर्षीय रामनिवास बड़ाइक घायल हो गया. मिली जानकारी के अनुसार घायल युवक ट्रक चालक है, जो ट्रक को सड़क किनारे खड़ी कर कुछ सामान खरीदने के लिए उतरा था. इसी दौरान पीछे से आ रहे पूरनानगर निवासी एक नाबालिक ने बाइक से टक्कर मार दी.

### डोमचांच बीडीओ को समारोह आयोजित कर दी गई विदाई

**कोडरमा।** डोमचांच प्रखंड के निवर्तमान बीडीओ उदय कुमार सिन्हा का तबादला साहेबगंज के राजमहल में किया गया. शुक्रवार को डोमचांच प्रखंड सभागार में उनके लिए विदाई सह समारोह का आयोजन किया गया. बीडीओ उदय कुमार सिन्हा ने कहा कि यहां के कर्मचारी और जनता ने कभी मुझे शिकायत का मौका नहीं दिया, हर कार्य में मेरा सहयोग किया. जिस कारण मेरा कार्यकाल आप सबों के बीच अच्छा रहा. वहीं मौके पर जिप सदस्य रामधन यादव, प्रखंड प्रमुख सत्यनारायण यादव, सीडीपीओ ने बुके और गुलदस्ता देकर बधाई दी. ब्लॉक के सभी कर्मचारियों, मुखिया, रोजगार सेवक ने बीडीओ के सम्मान में अपनी-अपनी बातों को रखा.

### केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा पहुंचे कोलेबिरा, ग्रामीणों ने माला पहनाकर किया स्वागत

# 38 करोड़ की लागत से बनेगा एकलव्य मॉडल स्कूल








**नवीन मेल संवाददाता**

कोलेबिरा। खूंटी संसदीय क्षेत्र के सांसद सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने शुक्रवार को कोलेबिरा स्थित देवीगुड़ी मन्दिर के समीप सामुदायिक भवन का उद्घाटन एवं, नवाटोली पंचायत स्थित एकलब्य विध्यालय का शिलान्यास किया। अर्जुन मुंडा के पहुंचते ही उन्हें माला पहनाकर, पुष्प गुच्छ देकर और माथे पर तिलक लगाकर उनका भव्य स्वागत किया गया। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा की एकलव्य विद्यालय का मुख्य उद्देश्य हर परिवार के बच्चों को शिक्षित कर उस परिवार को खुशियां देना है। यहां से शिक्षित होकर जनजातीय बच्चे अपनी उन्नति की राह प्रशस्त करेंगे ।एकलव्य विद्यालय राज्य के सभी जिलों के सभी प्रखंडों में केंद्र विद्यालय के तर्ज पर एकलव्य विद्यालय का भी नेव रखा जा रहा है। जहां पर 480 छात्र-छात्राओं का ज्ञानवर्धन किया जाएगा। एकलव्य विद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास, खेल मैदान, रसोई, लैब रूम, प्रैक्टिकल रूम एवं सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। यह लगभग 12 एकड़ भूमि मे निर्मित होकर केंद्र सरकार के माध्यम से संचलित होगा। एकलव्य विद्यालय की योजना लगभग 38 करोड रुपए से अधिक का होगा। शिक्षा, स्वास्थ्य पर प्रत्येक परिवार को विशेष ध्यान रखना चाहिए सामाजिक जीवन में शिक्षा और स्वास्थ्य को बेहतर रखना बेहद जरूरी है क्योंकि यह दोनों चीजें आपको अनेकों रूप से अवसर देता है। केंद्र सरकार आम जनों और गरीब किसानों के लिए बहुत सारी महत्वाकांक्षी और लाभकारी योजनाएं चल रही हैं। उन्होंने सरकार की जन कल्याण कारी योजना जिसका सीधे लाभ आम जनता को मिल रहा है। आप सभी लोग सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें।वही उद्घाटन समारोह के उपरान्त केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा सामुदायिक स्वास्थ्य कोलेबिरा में एक्स-रे मशीन का उद्घाटन कर लोगों को जानकारी दिया कि इस क्षेत्र में लोगों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब वो दूर हो गई अब मरीजों को दूर-दराज क्षेत्र जाना नहीं पड़ेगी लोगों की सुविधा हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्स-रे मशीन का उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम मे जिला उपायुक्त अजय कुमार सिंह, जिला पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार अपर समाहर्ता अमरेंद्र सिंह अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र कुमार पुलिस निरीक्षक, विद्यानंद शंकर जिला परिषद् अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग, प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरोम उप प्रमुख सुनीता देवी, थाना थाना प्रभारी इंद्रेश कुमार, कोलेबिरा मुखिया अंजना लकड़ा, नवाटोली मुखिया कल्पना देवी, रैंसिया पंचायत समिति उषा कुमारी,जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाइक मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार श्रीवास्तव कोलेबिरा मंडल अध्यक्ष अशोक इंद्वार,मंडल महामंत्री रोहित साहू के साथ गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहें।

## मजदूरों का शोषण बर्दाश्त नहीं : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखंड प्रदेश मजदूर यूनियन के बैनर तले नगर परिषद कार्यालय के समीप धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष दीपक लकड़ा के नेतृत्व में आयोजित धरना प्रदर्शन में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, जिप सदस्य जोसिमा खाखा, मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह उपस्थित थे। मौके पर विधायक ने कहा कि मजदूरों के साथ गलत व्यवहार करने एवं उनके साथ शोषण करने वाले संवेदक एवं अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आज भी ठेकेदार व सरकारी अफसर मजदूरों का खून चूस रहे है। मजदूरों को सरकारी दर पर लागू मजदूरी नहीं दी जाती। अब मजदूरों पर शोषण कतई बर्दाश्त नहीं होगी। कोई ठेकेदार और सरकारी अफसर ऐसे करता है तो इसकी जानकारी दे। ऐसे लोगों पर करवाई हर हाल में होगी। उन्होंने मजदूरों को अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने की अपील की। ताकि आने वाला कल मजदूरों का बेटा-बेटी आईएएस,आईपीएस एवं अन्य बड़े अधिकारी बन सके। विधायक ने कहा कि राज्य की महागठबंधन सरकार गरीबों व मजदूरों की सरकार है। मजदूर श्रम विभाग में अपना निबंधन कराएं एवं सरकारी योजना का लाभ उठाएं। उन्होंने मजदूरों को ईमानदारी के साथ काम करने की भी अपील की।आपके अंदर किसी क्षेत्र के विकास को बदलने की भरपूर क्षमता है। धरना प्रदर्शन स्थानीय मजदूरों को काम दिलाने, बाहर राज्यों के मिस्त्री तथा कुलियों के शोषण से स?थानीय मजदूरों को बचाने, सरकारी कामों में स्थानीय मजदुरों को प्राथमिकता देने की मांग को लेकर किया गया। प्रदेश अध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि यूनियन वर्षों से मजदूरों के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ रही है। फिलहाल 18 जिलों में यूनियन का काम चल रहा है। जिले में दीपक लकड़ा को यूनियन का जिलाध्यक्ष बनाया गया। दीपक लकड़ा ने कहा कि मजदूर को उनका हक और अधिकार दिलाया जाएगा। वहीं अगुस्टीना सोरेंग ने कहा कि वे मजदूरों के साथ है। मौके पर विमल नायक, दुपति, सीमा कुमारी सहित भारी संख्या में मजूदर उपस्थित थे।

### नौ वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार

**सिमडेगा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र में एक नौ वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। घटना गुरुवार की है। पीड़ित किशोरी के माता पिता की शिकायत पर मुफस्सिल थाना में मामला दर्ज किया गया है। दर्ज मामले के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक कार्तिक मुंडा को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया। बताया गया कि पीड़िता गुरुवार को अपने घर के बाहर खड़ी थी। इसी क्रम में आरोपी युवक वहां पहुंचा और पीड़िता को बहलाकर घर ले गया। इसके बाद पीड़िता के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद पीड़िता ने घर आकर अपने माता-पिता को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद माता पिता के द्वारा मुफस्सिल थाना में मामला दर्ज कराया गया। पुलिस ने आईपीसी की धारा 341, 376, पोक्सो एक्ट की धारा 4, 8 और 12 के तहत मामला दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया।

## सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना जागरूकता रथ रवाना




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के माध्यम से सिमडेगा जिला अंतर्गत सभी योग्य बच्चियों व युवतियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने जिला समाहरणालय परिसर से जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर उन्होंने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद सिंह को वाहन का रोस्टर निर्धारित करते हुए जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कराने एवं उन्हें लाभ दिलाने का निर्देश दिया।झारखंड के मुख्यमंत्री द्वारा सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना चलाई जा रही है। इसका उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, बालिका शिक्षा पर जोर व बाल विवाह प्रथा का अंत, किशोरियों के स्वास्थ्य एवं वैयक्तिक स्वच्छता में सहायता करना है। योजना के तहत छात्राओं को आर्थिक सहायता मुहैया कराई जाएगी। इसमें कक्षा 8वीं एवं नौवीं में नामांकित बालिका को 2500 रुपये, कक्षा 10वीं, 11वीं एवं 12वीं में दाखिला लेने वाली बालिकाओं को 5000 रुपये तथा 18 से 19 वर्ष की आयु की बालिका को एक मुश्त अनुदान के रूप में 20,000 रुपये दिये जाएंगे।

## सिमडेगा बाजार समिति का निरीक्षण



**सिमडेगा।** झारखंड राज्य कृषि विपणन पार्षद के अध्यक्ष रविंद्र सिंह एक दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को सिमडेगा पहुंचे, जहां पर उन्होंने सर्वप्रथम सिमडेगा के पवित्र तीर्थ स्थल रामरेखा धाम पहुंचकर पूजन पाठ करने के पश्चात राज्य की खुशहाली हेतु प्रार्थना किया। इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश सचिव अनूप केसरी, कांग्रेस सेवा दल महासचिव प्रदीप केसरी मौजूद रहे ।वहां से लौटने का पक्ष सिमडेगा बाजार समिति पहुंचकर उन्होंने वहां के गोदाम, प्रशासनिक भवन, एवं गोदाम के रखरखाव सहित विभिन्न जगहों पर जाकर निरीक्षण किया। वहीं निरीक्षण करते हुए विपणन सचिव कृष्ण कन्हैया को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर उन्होंने कहा कि बाजार समिति की स्थिति काफी दयनीय हो गई है, जिसके लिए पूर्ववर्ती सरकार जिम्मेदार है ।पूर्ववर्ती सरकार ने बाजार समिति को भंग कर दिया और किसानों के साथ अन्याय किया। लेकिन वर्तमान सरकार एवं कृषि मंत्री इस मामले में पूरी तरह से गंभीर है और किस प्रकार से किसानों की आर्थिक जीवन में सुधार हो इसे बढ़ावा देने के उद्देश्य से बाजार समिति को पुनः मजबूत करने का काम कर रही है ।वर्तमान समय में सभी जिला के बाजार समिति का भ्रमण करने के पश्चात एक रिपोर्ट सरकार को सौंप जाएगी उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि जब से वर्तमान सरकार बनी है तब से 2 साल कोरोना हुआ और जब सरकार काम करना शुरू तो केंद्र में बैठी भाजपा सरकार ईडी सीबीआई सहित कई संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करते हुए राज्य सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रही है, लेकिन राज्य की जनता जानती है और आने वाले चुनाव में केंद्र और राज्य में कांग्रेस महागठबंधन की सरकार बनाएगी।

## ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनाया पुल



सिमडेगा। जब जनप्रतिनिधि और सरकार के सिस्टम साथ ना दे तब थक हारकर ग्रामीण अपनी समस्या का हल करने का प्रयास करते हैं।और इसी कड़ी में सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत अरानी कोयनरटांड़ से जीईएल प्राथमिक विद्यालय सराईपानी पथ पर बन्दरजोड़ीया नदी में अपनी अवागमन सुविधा के लिए लकड़ी का पुलिया निर्माण किया। ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के बाद से लेकर कई बार पुलिया की मांग को लेकर ग्रामीणों ने इसकी लिखित आवेदन प्रखंड प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को दिया लेकिन किसी प्रकार की कोई भी सुनवाई नहीं हुई, तब जाकर ग्रामीणों ने लकड़ी की पुलिया बनाकर आवागमन के लिए रास्ता बनाया। गौरतलब हो यहाँ के लोगों का प्रखण्ड सह जिला मुख्यालय, पंचायत सचिवालय, होस्पिटल, बच्चों का स्कूल आना जाना, राशन पानी लेने, एवं सप्ताहिक बाजार आदि अवागमन के लिए मुख्य रास्ता है।नदी में पुलिया नहीं होने के कारण लोगों को काफी मुश्किल एवं परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने पुलिया बनाने का निर्णय लिये और एकजुट होकर अपनी सुविधानुसार लकड़ी का पुलिया बनाये ज्ञात हो कि पानी, बिजली, सड़क, पुलिया आदि से ग्रामीण वंचित हैं।मौके में समाज सेवी अमृत डांग, शिशिर कुनूल जोजो, दीपक सुरिन, अकिलन समद, पतरस समद, बेन्यमीन डांग, निमलन समद, वार्ड सदस्य सुमन्ती समद, ग्लोरिया डांग, मोयलेन डांग, अनिमा जोजो, सुड़ालेन कंडुलना, अनिता समद आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## लापरवाही

### जलडेगा के रामजड़ी में फेल हो गई आईटीडीए की कृषि विकास योजना, एजेंसी ने कहा

# बाहर के मजदूरों को लेकर कराया था काम, किसानों ने नहीं ली रुचि


**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** प्रखंड के कुटुंगिया पंचायत अंतर्गत आदिवासी बहुल क्षेत्र रामजड़ी चीकटोली एवं पहान टोली में किसानों की खेती का विकास करके उनका पलायन रोकने के लिए आइटीडीए विभाग ने महत्वकांक्षी योजना बनाई थी। योजना के तहत दोनों गांवों के अलग अलग परिवार के कुल 50 किसानों की 50 एकड़ जमीन की घेराबंदी करके उसमें सिंचाई सुविधा देकर सालों भर सब्जी खेती कराने एवं पपीता और सहजन का पेड़ लगाने के साथ साथ इमारती लकड़ी वाले पौधे लगाए जाने थे। डीपीआर के अनुसार एजेंसी को 50 एकड़ में बीस हजार पौधे लगाने थे। काम लेने वाली एजेंसी को किसानों को प्रशिक्षित करना और उपकरणों का रखरखाव भी कुछ समय तक करते रहना था। किसानों ने बताया कि खानापूर्ति के लिए एक ही परिवार के पति और पत्नी दोनो सदस्यों को का आधार कार्ड लिए गए।कार्यस्थल में लगे योजना बोर्ड को देखने पर पता चला कि 3 वर्ष पूर्व चली इस योजना का काम जिले के ही आदित्य विकास संस्था पंडरूटोली लचडागढ नामक एजेंसी को दिया गया था। जिसमे पाइप आपूर्ति का काम श्रीभंडारी प्लास्टिक प्राइवेट लिमिटेड को मिला था। किसानों के मुताबिक शुरू में बोरवेल और पाइप लगाने का कुछ काम हुआ एक बोरवेल वार्ड सदस्य के आंगन में तो दुसरा खेत के मेढ में किया गया।उसके बाद कुछ चिन्हित किसानों के जमीन पर थोड़ी सब्जी खेती और पौधे लगाकर राशि निकाल ली गई। उसके बाद फिर किसी ने किसानों का हाल लेने के लिए नहीं आया। किसानों ने बताया कि योजना का लाभ नहीं मिलने पर आज भी गांव के कई किसान परिवार के लोग जीवन यापन के लिए पलायन कर गए हैं।

### किसान ने कहा : संस्था ने दूसरों के जमीन पर खेती व पौधा लगाने के लिए कहा, तो किसी ने भी रूचि नहीं ली

गांव के किसान प्रेमदान जोजो से जब योजना के बारे जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि आदित्य विकास संस्था ने ना बीज दिया, ना सिंचाई के लिए पानी, कोरम पूरा करने के लिए एक ही परिवार के पति और पत्नी का आधार कार्ड मांगे गए और लाभुक लिस्ट में नाम जोड़े गए थे लेकिन कुछ चिन्हित किसान जैसे हीरावती बडाईक पति स्व गणेश बडाईक, तारा बडाईक पति अकबर बडाईक, संजीत बडाईक पति राहुल बडाईक और तारसीला कन्डुलना पति अंकित जोजो के खेती में खेती किया गया एवं अन्य और सभी किसानों को भी इसी जमीन पर खेती करने के लिए कहा गया। लेकिन इसपर किसी किसान ने रूचि नहीं ली और किसी किसान ने भी खेती नहीं किया। वहीं पौधा के बारे में जब किसानो से पूछा गया तो किसान ने कहा कि स्वयं की जमीन नहीं होने के कारण किसी किसान ने पौधों नहीं थोड़ा बहुत जो लगाया भी वो सिंचाई के अभाव में मर गया आज धरातल में एक भी पौधा जिंदा नहीं है। वहीं पहानटोली के किसान बिनिता भेन्गरा पति निस्तोर जोजो, सुष्मा जोजो पति फिबियन जोजो, संजीता जोजो पति देवनीश जोजो, जसिंता जोजो पति सोतोंग जोजो, माग्रेट जोजो पति जोहन जोजो, रानी जोजो अनिल जोजो, सुकरमुनी केरकेट्टा पति लिनुस बरवा, अलिया जोजो, पति स्वः मरकुस जोजो, किशोरी जोजो स्व पियुस जोजो, भलेरिया जोजो पति प्रफुल्ल जोजो, रेजिना जोजो पति बिलयम जोजो, सुमन्ति पुर्ति पति जोसेफ जोजो, प्रिस्का जोजो पति लाजरूस जोजो ने कहा हमलोगों के नाम पर एक कलस्कर बना तो था, लेकिन हम लोगों को ना ही पानी मिला, ना खाद मिला और न ही बीज दिया गया। कलस्टर के नाम का चपाकल गांव के चार खेत पार दो सौ मीटर दूर रामजडी चीकटोली में खोदा गया। किसानों ने कहा पहानटोली क्लस्टर में खेती के नाम पर कुछ नहीं किया गया है संस्था ने किसानों के नाम का खानपूर्ति किया है।





## गागर में सागर

### मुखिया ने युवक के दाशकर्म के लिए उपलब्ध कराई खाद्यान्न सामग्री

**चंदवा।** शहर के कुसुमटोली निवासी शिवनंदन लोहरा पिता गोखुल लोहरा का बीते दिनों असामयिक निधन हो गया। युवक के निधन पर चंदवा पूर्वी मुखिया सह झामुमो युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रंजीत उरांव ने गहरा शोक व्यक्त किया है। युवक पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहा था जिसका इलाज के क्रम में निधन हो गया। मृतक की तीन बेटियां हैं। युवक के दाशकर्म हेतु मुखिया द्वारा पीड़ित परिवार को खाद्यान्न सामग्री उपलब्ध कराया है। साथ ही पारिवारिक लाभ योजना के तहत मदद दिलाने का भरोसा दिलाया है। परिजनों ने बताया कि मृतक ग्रीन फील्ड एकेडमी में कई वर्षों से स्कूल वैन चलाने का कार्य करता था। स्कूल प्रबंधन की तरफ से किसी प्रकार की मदद मिली है या नहीं पूछे जाने पर मृतक की पत्नी ने बताया कि अभी तक स्कूल प्रबंधन की ओर से किसी प्रकार की कोई मदद नहीं मिली है। मौके पर समाजसेवी मो सरफराज, संवयसेवक राजन कुमार, निमन कुजूर समेत कई लोग मौजूद थे।

### भाजपाइयों ने बीडीओ से की मुलाकात

**बालूमाथ।** भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा के नेतृत्व में भाजपा मंडल परिवार ने नव नियुक्त बीडीओ सोमा उरांव से शिष्टाचार मुलाकात की। मौके पर एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार,भाजपा मंडल महामंत्री रामकुमार गुप्ता, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुनंदन सोनी, झाबर मुखिया पति बासुदेव उरांव, भाजयुमो जिला सोशल मीडिया प्रभारी राजेंद्र प्रसाद, बरियातू एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष शंभू पासवान, गजेंद्र, हिमांशु, बालूमाथ पंचायत समिति सदस्य पिंटू नायक, राजेश सिंह, मंडल सोशल मीडिया प्रभारी पंकज सिन्हा, किसान मोर्चा मंडल महामंत्री विजय ठाकुर, महजू मुंडा, मनोज राम, निर्मल उरांव, ईश्वरी महतो आदि मौजूद रहे।

### स्वयंसेवकों व आवास मित्रों ने किया नव पदस्थापित बीडीओ का स्वागत

**बालूमाथ।** नव पद स्थापित बीडीओ सोमा उरांव को बालूमाथ स्वयंसेवक एवं आवास मित्र कर्मियों ने बुके देकर स्वागत किया है। मौके पर बीडीओ ने धन्यवाद करते हुए सभी लोगों का परिचय जाना। क्षेत्र को समुचित विकास के लिए सभी से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि अंतिम व्यक्ति तक विकास का योजना पहुंचना है जिसके लिए हम सब मिलकर काम करेंगे। मौके पर बालूमाथ पंचायत स्वयंसेवक आवास मित्र खुर्शीद आलम, सेरेगड पंचायत से अब्दुल अफीज, सुदेश राम बालू से बेरेंदर पर्जपति, चेताग से सुभाष यादव, बसिया से मो खालिद, बिजय परसाद, मारंगलोया से परमोद यादव और सभी पंचायत से स्वयंसेवक आवास मित्र उपस्थित रहे।

### अमृत कलश यात्रा का किया आयोजन




**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित बनवारी शाहू महाविद्यालय में शुक्रवार को अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने छात्र-छात्राओं एवं महाविद्यालय कर्मियों को पंच प्रण की शपथ दिलाई। अमृत कलश यात्रा ग्राम बानपुर में निकाली गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के सचिव अंजू गुप्ता एनजीओ के अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद गुप्ता, नेहरू युवा केंद्र लातेहार के जिला अधिकारी कंचन कुमारी, प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी, प्रोफेसर सीमा संजीत कुमार, रंजीत कुमार, योगेश्वर महतो, रेणु कुमारी, चंदा कुमारी, इशरत बानो एवं अनु कुमारी, आरती कुमारी, उषा कुमारी चौहान, कविता कुमारी, अंजू कुमारी, सुकांति कुमारी आदि मौजूद रहे।

### स्कूली शिक्षा पर निकली जागरूकता रैली



**हेरहंज।** सक्षम ग्राम पंचायत तासु में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के सहयोग से पिरामल फाउंडेशन की एबीसी (एस्पिरेशनल भारत कॉलबोरटिव) फेलो गायत्री कुमारी ने दैनिक जीवन में शिक्षा के महत्व के लिए जागरूकता रैली निकाली, जिसमें गायत्री कुमारी ने बच्चों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज का बच्चा कल का भविष्य तय कर सकता हैं इसीलिए अपने बच्चों को जरूर से जरूर पढ़ायें। विभिन्न प्रकार के जागरूकता से संबंधित नारे भी लगाए गए, जिसमें पंचायत की मुखिया सुकनी देवी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक जगन सिंह, सहायक शिक्षक नीरज कुमार, सहिया पुष्पा देवी एवं विशेषकर बच्चों ने प्रमुख रूप से भाग लेकर जागरूकता रैली को सफल बनाया।

## वॉटरवेज की भूमि को लेकर पुनः सक्रिय हुआ अंचल कार्यालय

# डंडई में अंचल निरीक्षक ने गुमटी व ठेला को हटाने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**



प्रखंड मुख्यालय के अंबेडकर चौक स्थित वॉटरवेज की भूमि का अतिक्रमण के खिलाफ अंचल कार्यालय डंडाई पुनःसक्रिय हो गया है। अंचल निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद यादव ने उक्त भूमि पर पूर्व से स्थापित दो दर्जन से भी अधिक ठेला वह गुमटी को अविलंब स्थल खाली करने का निर्देश दिया है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि दो दिनों के अंदर अतिक्रमित भूमि को खाली नहीं करने पर दल बल के साथ उक्त दुकानों को वहां से हटा दिया जाएगा। बताया जाता है कि बैलाझाखरा गांव निवासी नसीरुद्दीन हाफी द्वारा उक्त भूमि पर पूर्व से स्थापित गुमटी के पीछे उनके द्वारा नए सिरे से लोहयुक्त गुमटी का निर्माण कराया गया था, जिसकी शिकायत अंचल अधिकारी तक पहुंच चुकी थी। उन्हीं के निर्देश पर उक्त स्थल पहुंचे अंचल निरीक्षक ने शुक्रवार को दुकानदारों को वॉटरवेज की भूमि से दुकानें हटाने का निर्देश दिया है। अंचल निरीक्षक ने कहा कि गैर मजरुआ जमीन का मालिकाना हक सिर्फ और सिर्फ सरकार को होता है। वॉटरवेज भी एक सरकार का ही अंग है। उन्होंने कहा कि उक्त विभाग की भूमि पूरी तरह भूमानचित्र पर अंकित है। बावजूद उक्त भूमि को अतिक्रमण कर लोगों के द्वारा उपयोग किया जा रहा गया है। उधर प्रखंड 20 सूत्री उपाध्यक्ष भोलाराम ने कहा कि दो दर्जन से भी अधिक ठेला और गुमटी भी वॉटरवेज की चहारदीवारी के अंदर हैं। साथ ही कहा कि विभागीय पदाधिकारी की लापरवाही के कारण वॉटरवेज की भूमि अतिक्रमण का शिकार हो गई है। भोलाराम ने कहा कि विभागीय पदाधिकारी सक्रिय नहीं हुए तो बची खुची वॉटरवेज की भूमि का भी अतिक्रमणकर लिया जाएगा।

## सीओ ने अतिक्रमण हटाने का दिया आदेश

**नवीन मेल संवाददाता। रमना**



सीओ बासुदेव राय एवं थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा ने रमना मुख्य पथ एन एच -75पर अस्थाई अतिक्रमण को लेकर शुक्रवार को शहीद भगत सिंह चौक से लेकर गुलरही बांध तक अभियान चलाकर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को दो दिनों के अंदर अस्थायी अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है।

बासुदेय राय व कृष्ण कुमार कुशवाहा ने बताया कि उपायुक्त शेखर जमुआर से प्राप्त आदेश एवं पाल्हे-जतपुरा में आयोजित होने वाले लक्ष्मी-नारायण महायज्ञ को लेकर मुख्य पथ पर यातायात बाधित न हो इसको लेकर अभियान चलाकर अस्थायी अतिक्रमणकर्ता को दो दिनों के अंदर स्वयं अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया है। निर्देश का अनुपालन नहीं करने वाले लोगों पर नियमाकुल कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मुख्य पथ पर पार्किंग करने वालों, ऑटो चालकों, मोटरसाइकिल और अन्य वाहनों के मालिकों और चालकों को पार्किंग के नियमों का पालन करने का निर्देश दिया है। मुख्य पथ पर वाहन पार्किंग कर यातायात को अवरुध करने वाले वाहन चालकों, मालिकों पर कारवाई करते हुए वाहन को जब्त किया जाएगा। अभियान में अंचल निरिक्षक राजकुमार सिंह, राजस्व कर्मचारी दिवाकर सिंह, अंचल अमीन कुंदन कुमार ठाकुर शामिल थे।

## प्रयास कार्यक्रम गंभीरता से लागू करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**



प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में शुक्रवार को प्रखंड के सभी मध्य, उत्क्रमित मध्य, प्राथमिक, उत्क्रमित प्राथमिक व नव प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों की बैठक प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में बीईईओ पांडेय ने सभी प्रधानाध्यापकों को विद्यालय में प्रयास कार्यक्रम गंभीरता से लागू करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रयास कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी देते हुये विद्यालय में नामांकित बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी लोग समन्वय बनाकर कार्य करें तो बच्चों की उपस्थिति बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय से लगातार अनुपस्थित रहने वाले बच्चों को विद्यालय में वापस लाना सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने ई विद्या वाहिनी में सभी बच्चों का नियमित उपस्थिति दर्ज करने, एमडीएम का एसएमएस प्रतिदिन करने, सभी बच्चों का डाकघर या बैंक में खाता खुलवाने का निर्देश दिया। बीपीओ तहमीना प्रवीण ने शिक्षक सहायक और डीजी वीकली प्रैक्टिस चैट बोट के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में बीआरपी श्रीकांत चौबे, प्रकाश कुमार सिंह, सीआरपी शोभा पांडेय, संजय कुमार सिंह, सुबोध कुमार, अजय कुमार, शक्तिदास सिन्हा, बिरेंद्र प्रजापति, प्रधानाध्यापक अनिल कुमार विश्वकर्मा, अरुण कुमार, सुधीर चौबे, अखिलेश प्रसाद, नित्यानंद तिवारी, नरेंद्र श्रीवास्तव आदि प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

## नव पदस्थपित बीडीओ ने किया पदभार ग्रहण



**भवनाथपुर।** प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को नव पदस्थपित बीडीओ नंदजी राम ने अपना पदभार ग्रहण किया। उन्हें निवर्तमान बीडीओ जयपाल महतो ने पदभार ग्रहण कराया। पदभार ग्रहण के बाद नव पदस्थापित बीडीओ नंदजी राम ने कहा कि निवर्तमान बीडीओ जयपाल जी ने कर्मियों, जनप्रतिनिधियो व जनता के साथ जो समन्वय स्थापित किया है, वह सराहनीय है। कहा कि उनके अधूरे कार्यों को पूरा पूरा करने के लिए प्रयासरत रहूंगा। कहा कि समाज के दबे कुचले लोगों तक सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं का पहुचाने का कार्य करूंगा। उन्होंने कहा कि अगर प्रखंड मुख्यालय से जुड़ी लोगों को किसी तरह की शिकायत व समस्या हो तो वे बेझिझक मेरे पास आयें उनका अविलंब समाधान किया जायेगा।

## दुर्गा पूजा पंडाल के पास मांस-मछली व अंडे की दुकानें बंद करने की मांग



**श्री बंशीधर नगर।** शारदीय नवरात्र के अवसर पर शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित दुर्गा पूजा पंडाल के आसपास मांस मछली व अंडे की बिक्री की जाती है, जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है। इसे लेकर शहर के युवा समाजसेवी सह सब्जी बाजार स्थित जय भामा शाह क्लब के अध्यक्ष रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू ने शुक्रवार को श्री बंशीधर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार चौधरी को ज्ञापन सौंप कर क्षेत्र में सभी मांस मछली व अंडे की दुकानों को बंद करने की मांग की है।

उन्होंने बताया की 15 अक्टूबर से नवरात्र का पावन पर्व शुरू हो रहा है। इसमें श्रद्धालुओं द्वारा नौ दिनों तक पूजा अर्चना की जाती है। उन्होंने कहा कि शहर के सब्जी बाजार, चेचरिया स्थित अंबालाल पटेल बालिका उच्च विद्यालय के बगल में, भवनाथपुर मोड़ हनुमान चौक स्थित धमनी पुल के निकट आदि कई स्थानों पर मीट, मुर्गा, मछली व अंडे की दुकानें लगती हैं। वहीं आसपास दुर्गा पूजा महोत्सव का भी आयोजन किया जाता है, जहां से श्रद्धालु पूजा अर्चना करने के लिए आते हैं। मांस मछली की दुकानों के खुलने तथा पानी के दुर्गंध से लोगों को पूजन सामग्री की खरीदारी व व्रत उपवास रखने वाले लोगों को काफी परेशानी होती है। पूजा के लिए जाने पर महिलाओं को मुंह ढकना पड़ता है। नवरात्रों में लोगों की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए नवरात्र समाप्त होने तक क्षेत्र में सभी मांस मछली व अंडे की दुकानों को बंद कराने का आग्रह किया। इस संबंध में नपं के कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र चौधरी ने मामले को संज्ञान में लेकर संबंधित दुकानों को बंद कराने का आश्वासन दिया। कहा कि नवरात्र तक शहर के सभी मांस मछली व अंडे की दुकानें बंद रहेंगी। इन सभी विक्रेताओं को नोटिस भेजा जाएगा।

# कटौती कर राशन देने पर लाभुकों ने किया हंगामा

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**



प्रखंड मुख्यालय स्थित डंडाई गांव के पीडीएस दुकानदार ज्वाला महिला समूह की दुकान पर कटौती कर खाद्यान्न वितरण होने को लेकर शुक्रवार को लाभुकों ने खूब हो हंगामा किया। साथ ही दुकानदार से लाभुकों ने मानक के अनुसार खाद्यान्न देने की मांग की। लाभुकों का आरोप है कि किसी भी कीमत पर हम कटौतीकर खाद्यान्न नहीं लेंगे। दुकानदार का कहना है कि पहले 100 ग्राम प्रति किलो कटौती कर आप सभी को खाद्यान्न दिया जा रहा था, लेकिन इस बार मात्र 50 ग्राम कटौती कर ही आप सभी को खाद्यान्न देने का काम कर रहे हैं। मामले को लेकर लाभुकों और दुकानदार के बीच काफी कहासुनी हुई लेकिन लाभुक कटौती कर खदान लेने को तैयार नहीं हुए। समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्ष अपनी-अपनी बातों पर अडिग थे। खाद्यान्न लेने उक्त दुकान पर पहुंचे लाभुक दुखन राम, विजय साहू, तेतरी देवी, फुलेहन बेबी, साजदा खातून, अकबर अंसारी इत्यादि लोगों ने बताया कि दुकानदार का कहना है कि पहले की अपेक्षा इस बार कम कटौती कर सभी लोगों को खाद्यान्न दिया जा रहा है। वहीं लाभुकों ने जानकारी देते हुए बताया कि कटौती कर खाद्यान्न वितरण करने के आरोप में ही डीलर पारसनाथ प्रसाद की दुकान निलंबित हो गई है। मामले की शिकायत लाभुकों ने विभागीय अधिकारियों के पास करने की बात कही। खाद्यान्न प्राप्त लाभुक रानी देवी ने बताया कि हमको भी 50 ग्राम प्रति किलो के अनुसार कटौती कर खाद्यान्न दिया गया है। उधर सितंबर और अक्टूबर माह का खाद्यान्न वितरण नहीं होने की शिकायत पर गुरुवार को एमओ चुनाराम हेंब्रम बैरिया दामर के पीडीएस दुकानदार सफीक अंसारी के दुकान पर पहुंचे। पाधिकारियों को घर आने की भनक लगते ही दुकानदार सफीक वहां से भाग खड़ा हुआ। पदाधिकारी के चार-छह घंटे के इंतजार के बाद भी वह दुकान पर नहीं पहुंचा। उक्त दुकान पर पहुंचे एम ओ को लाभुकों ने जानकारी देते हुए बताया कि हम सभी को सितंबर और अक्टूबर माह का भी खाद्यान्न डीलर द्वारा नहीं दिया गया है। लाभुकों ने एमओ से अविलंब दोनों माह का खाद्यान्न दिलाने की मांग की।

## कराटे प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी कोलकाता रवाना



**बरवाडीह।** कोलकाता में 14 व 15 अक्टूबर को होने वाली नेशनल कराटे प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बरवाडीह से सुरज टोपनो, रमनदीप टोप्पो, ईत्थैन आशय टोप्पो एवं नेशनल जज व रेफरी सेन्सेई मदन लाल, कोच में सेम्पाई संगीता टोपनो शुक्रवार को शक्तिपुंज एक्सप्रेस से रवाना हुए। इससे पूर्व सुबह प्रखंड के रेलवे स्पोर्ट्स क्लब के मैदान में प्लस टु उच्च विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुनिता टोप्पो, जितेंद्र टोप्पो व लातेहार जिला कराटे डु एसोसिएशन सचिव जंग बहादुर सिंह ने खिलाड़ियों को शुभकामना देकर विदा किया। ये खिलाड़ी झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## मिड-डे मील में देरी पर बीडीओ के पास पहुंचे स्कूल के बच्चे

### कहा-हमेशा विलंब होता है, इसमें सुधार किया जाए



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड मुख्यालय से सटे मुगीर्डीह उत्क्रमित मध्य विद्यालय के बच्चे शुक्रवार को मिड-डे मील देरी से मिलने पर नाराज होकर शिकायत करने प्रखंड कार्यालय पहुंचे। बता दें कि विद्यालयों में प्रति दिन 12.20 से 1 बजे तक बच्चों को मिड-डे मील दिया जाता है, लेकिन शुक्रवार को उक्त विद्यालय के बच्चों को जब दोपहर 1:30 बजे तक भोजन नहीं मिला, तो भूख से बेहाल बच्चे इसकी शिकायत करने विद्यालय से 2 किलोमीटर दूर प्रखंड कार्यालय पहुंचकर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय से शिकायत की।

बच्चों का कहना था कि विद्यालय में खाना बनाने में हमेशा विलंब होता है, जिसमें सुधार किया जाए। मामले को गंभीरता देखते हुए बीडीओ ने सभी बच्चों की बातों को सुनते हुए उनकी समस्याओं का निदान करने का आश्वासन दिया। वहीं प्रखंड कार्यालय से प्रभारी कृषि पदाधिकारी देवलाल राम एवं पंचायत के मुखिया विपिन बिहारी सिंह को विद्यालय भेज कर विद्यालय में पढ़ने वाले सभी बच्चों को मिड-डे मील का भोजन उपलब्ध कराया। इस दौरान पाया गया कि विद्यालय में सभी बच्चों का भोजन बना हुआ था लेकिन भोजन बनाने में थोड़ी देरी हुई। इस संबंध में बीडीओ ने कहा कि विद्यालय में गैस खत्म होने के कारण खाना बनाने में थोड़ा विलंब हुआ। बाद में विद्यालय में सभी बच्चों को भोजन कराया गया। वहीं प्रभारी प्रधानाध्यापक केदार सिंह ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष द्वारा विद्यालय में मिड डे मील का भोजन संचालित किया जाता है। अध्यक्ष द्वारा गैस समय पर उपलब्ध नहीं कराए जाने के बाद मेरे द्वारा गैस उपलब्ध कराकर सभी बच्चों को मिड डे मील का भोजन कराया गया।

## धर्म-कर्म

### घर का कामकाज करते समय भी ईश्वर का स्मरण करते रहना चाहिए

# गाना ही है तो भगवान का भजन गाएं : जीयर स्वामी

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**



जीयर स्वामी महाराज ने कहास कि भोजन बनाते समय फिल्मी गीत गाना निषेध होता है। गाना ही है तो भगवान का भजन गाएं। श्री राम, भगवान कृष्ण का गीत गुनाइए। जिससे भोजन में स्वाद बढ़ेगा। वह भोजन जो पाएगा वह संस्कारवान होगा। श्रीमद्भागवत महापुराण में लिखा हुआ है कि यशोदा मईया जब भगवान कृष्ण के लिए दही का मंथन करती थी तो भगवान कृष्ण के गुण को गुनगुनाती रहती थी। आठ नियमों का पालन करने वाला व्यक्ति ही राजयोग अधिकारी होता है। पहला है यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि, इसी को राजयोग और अष्टांग योग कहा जाता है। इन आठ सिस्टम को जब हम जीवन में उतारते हैं तब सही मायने में हम राजयोग के अधिकारी होते हैं। यम का मतलब होता है अपने में संयमित होना। जब संयमित होंगे तब बताया गया है कि अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रम्हचर्य, यदि विवाह शादी हुआ हो तो पत्नी के मयार्दा में रहें, यदि विवाह शादी नही हुआ हो पूरी दुनिया की माताओं को माता समझ कर जीवन जीना यह ब्रह्मचर्य है। पांचवां है अपरिग्रह। परमात्मा को कभी उलाहना मत दीजिए। उन्होंने हमारे लिए क्या किया है। परमात्मा ने जो किया है बहुत किया है। इसी का नाम संतोष है। योग शास्त्र में 84 आसन प्रसिद्ध बताए गए हैं। इसमें दस आसन प्रसिद्ध है। इसमें से तीन आसन प्रसिद्ध है। सिंहासन, पद्मासन, सुखासन। चुकामुका बैठा जाता है उसका नाम है दरिद्राशन। इसको बनाया गया है शौच करने के लिए। यदि इस आसन में बैठकर पूजा करेंगे तो बताया गया है कि इन्द्र के समान भी धनी रहेंगे तो पद, गति और धन जाने में देर नही लगेगी। सबसे अच्छा है सुखासन, पद्मासन। जिसने आसन को जीत लिया वह कठिन से कठिन काम भी पुरा कर लेता है।

इस धरती पर ऐसा कोई इंसान नहीं है जिसके पास कोई समस्या नहीं है और ऐसी कोई समस्या नहीं है जिसका कोई समाधान नहीं ।

– अज्ञात



# झारखंड की धरती व संभावनायें

झारखंड की धरती रत्नगर्भा से भरी है। कोडरमा और गिरिडीह से निकलने वाले अभ्रक की चमक कभी पूरी दुनिया तक पहुंचती थी। अब इंटरनेशनल मार्केट में न तो अभ्रक की डिमांड रही और न ही उसकी खदानें बचीं। लेकिन इसी धरती के भीतर खोजे गये बेशकीमती खनिज लिथियम के बड़े भंडार ने देश में इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग के लिए अपार संभावनाएं जगाई हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है। इंटरनेशनल मार्केट में अगर किसी कारणों से हालात खरात हुए हैं तो उसकी पड़ताल जरूरी है। बहरहाल आज भी यहां अनेक प्रकार की संभावनायें हैं। बस जरूरत है उसे लागू करने की। ऐसे में राज्य टक्टकी लगाये सरकार की ओर देख रहा है। नेशनल मिनरल ट्रस्ट ने भू-तात्विक सर्वेक्षण में पाया है कि कोडरमा और गिरिडीह में लिथियम के अलावा कई दुर्लभ खनिजों का बड़ा भंडार है। पूरी दुनिया में आने वाले वर्षों में जीरो कार्बन ग्रीन एनर्जी के जिन लक्ष्यों पर काम चल रहा है, उसमें लिथियम को गेमचेंजर मिनरल के तौर पर देखा जा रहा है। लिथियम का उपयोग इलेक्ट्रिक वाहनों के अलावा मेडिकल टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री, मोबाइल फोन, सौर पैनल, पवन टरबाइन और अन्य रिन्यूएबल टेक्नोलॉजी में किया जाता है। जियोलाजिकल सर्वे ऑफ इंडिया ने हाल में कर्नाटक में 1600 टन और इसके बाद जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में 59 लाख टन लिथियम का भंडार खोजा था। अब झारखंड के कोडरमा, गिरिडीह के अलावा पूर्वी सिंहभूम और हजारीबाग में इस बेशकीमती धातु के उत्खनन की संभावनाओं पर काम चल रहा है।

**नेशनल मिनरल ट्रस्ट ने भू-तात्विक सर्वेक्षण में पाया है कि कोडरमा और गिरिडीह में लिथियम के अलावा कई दुर्लभ खनिजों का बड़ा भंडार है। पूरी दुनिया में आने वाले वर्षों में जीरो कार्बन ग्रीन एनर्जी के जिन लक्ष्यों पर काम चल रहा है, उसमें लिथियम को गेमचेंजर मिनरल के तौर पर देखा जा रहा है।**

झारखंड के कोडरमा जिले के तिलैया ब्लॉक और उसके आसपास जियोकेमिकल मैपिंग में यहां उपलब्ध लिथियम, सीज़ियम और अन्य तत्वों में हाई कन्स्ट्रेशन पाया गया है। फिलहाल देश का इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग अभी भी अपनी लिथियम आवश्यकताओं के लिए पूरी तरह से आयात पर निर्भर है। अभी हम लिथियम का आयात मुख्य तौर पर चीन से करते हैं। भारत सरकार ने 2030 तक ईवी को 30 फीसदी तक बढ़ाने का लक्ष्य तय किया है। इस लक्ष्य को हासिल करने में लिथियम सबसे आवश्यक धातु है। इसलिए लिथियम के उत्खनन की संभावनाओं पर सरकार का खास तौर पर फोकस है। ऐसे में कर्नाटक और जम्मू-कश्मीर के बाद झारखंड में लिथियम के भंडार की खोज को भविष्य की दृष्टि से बेहद अहम माना जा रहा है। जीएसआई के सर्वे के अनुसार झारखंड के कोडरमा के तिलैया ब्लॉक और ढोढ़ाकोला-कुसुमा बेल्ट में लिथियम के अलावा सिजियम, गिरिडीह के गांवा ब्लॉक और कोडरमा के पिहरा बेल्ट में एलआइ (ली), सिजियम, आरईई और आरएम जैसे धातुओं का भंडार होने की संभावनाएं हैं। झारखंड सरकार के भूतात्विक पर्षद की उच्चस्तरीय बैठक में राज्य में लिथियम की खोज के परिणामों पर चर्चा की गई। सरकार ने राज्य में लिथियम खनन की संभावनाओं पर काम करना शुरू कर दिया है। निवेशकों ने भी इसे लेकर अपनी रुचि प्रदर्शित की है। बहरहाल लोहा-कोयला के बाद झारखंड में लिथियम का भंडार मिलने के बाद यहां के हालात और सुधरेगें। इसी उम्मीद के सहारे अपना झारखंड पूरी दुनिया में नंबर वन बनेगा। सरकार इन विषयों पर ध्यान दे।

# एशियाई खेल : देश की खेल राजधानी बनने की तैयारी में यूपी





आर.के.सिन्हा

***चीन*** के हांगझू शहर में हाल ही में समाप्त हुए एशियाई खेलों में भारत के शानदार प्रदर्शन के बीच इस बात को याद रखना होगा कि इन खेलों ने उत्तर प्रदेश (यूपी) को एक शक्तिशाली खेल राज्य के रूप में स्थापित किया है। भारत को 107 में से 55 पदक एकल स्पर्धा में मिले और शेष बाकी खेलों में। हरियाणा के खिलाड़ी 14 पदक लेकर सबसे आगे रहे। उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी सात पदक लेकर दूसरे स्थान पर रहे। यह सबको हैरान करने में सफल रहे। देखिये हरियाणा तो लंबे समय से खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन कर रहा है। पर उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों के उम्दा प्रदर्शन से साफ है कि राज्य में खेलों के इंफ्रास्ट्रक्चर पर अब तेजी से फोकस किया जा रहा है। सफल खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों के साथ-साथ अच्छे तरीके से पुरस्कृत भी किया जा रहा है। हरियाणा के बाद उत्तर प्रदेश और फिर तेलंगाना, केरल, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के हिस्से में 4-4 मेडल आये। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और दिल्ली के खिलाड़ी मात्र दो-दो पदक जीत सके। राजस्थान, ओडिशा, मणिपुर, असम, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक के खिलाड़ी एक-एक ही पदक दिलवा सके। ये सभी पदक एकल स्पर्धाओं में जीते गये। भारत की टोली में उत्तर प्रदेश से 36 खिलाड़ी थे। इनमें से छह अकेले मेरठ जिले से ही थे। उनमें से दो स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहे। बेशक, एशियाई खेलों में उत्तर प्रदेश के एथलीटों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा लिया। यह पहला मौका था जब उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों की झोली में इतने सारे पदक आये हों। उत्तर प्रदेश की खेल राजधानी मेरठ जिले के खिलाड़ियों ने सबसे चौंकाने वाला प्रदर्शन किया है। पारुल चौधरी मेरठ जिले की बेटी है। उन्होंने 5000 मीटर और 3000 मीटर स्टीपलचेज में एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीता। मेरठ के बहादुरपुर गांव की रहने वाली अन्नू रानी ने भाला फेंक में गोल्ड जीता। लंबी दूरी की दौड़ और गोला फेंक में क्रमशः कांस्य पदक हासिल करने वाले गुलवीर सिंह और किरण बालियान का भी मेरठ से नाता है। इन सभी ने अपने-अपने शहरों और जिलों में उपलब्ध सुविधाओं के बल पर ही शानदार प्रदर्शन किया। अलीगढ़ के गुलवीर सिंह ने भी कमाल कर दिया। उन्होंने 10 हजार मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता। तो कैसे उत्तर प्रदेश में खेल संस्कृति अचानक विकसित हुई? दरअसल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निदेर्शों के बाद सभी राज्य के खेलों से जुड़ी एसोसिएशन और कोच कसकर मेहनत करने लगे हैं। इसी कड़ी मेहनत का नतीजा है कि उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी एथलीट दुनिया में नाम कमा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए कई महत्त्वपूर्ण कदम उठाये हैं। राज्य सरकार खेलों को गति देने को लेकर कितनी गंभीर है, इसका अंदाजा इसी तथ्य से लग सकता है कि अब गांवों के स्कूलों में भी कोचिंग की व्यवस्था शुरू हो गई है। जिन खिलाड़ियों ने एशियाई खेलों में पदक जीते हैं, उनकी झोलियां भरने जा रही है इनामों से। स्वर्ण, रजत तथा कांस्य

**भारत को 107 में से 55 पदक एकल स्पर्धा में मिले और शेष बाकी खेलों में। हरियाणा के खिलाड़ी 14 पदक लेकर सबसे आगे रहे। उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी सात पदक लेकर दूसरे स्थान पर रहे। यह सबको हैरान करने में सफल रहे।**

**इन दिनों**

पदक विजेता खिलाड़ियों को क्रमशः 3 करोड़ रुपये, 1.5 करोड़ रुपये और 75 लाख रुपये पुरस्कार राशि प्रदान की जायेगी। ओलंपिक खेल में एकल प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर 6 करोड़ रुपये, रजत पदक में 4 करोड़ रुपये तथा कांस्य पदक में 2 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान की जाती है। टीम प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक पर 3 करोड़ रुपये, रजत पदक पर 2 करोड़ रुपये, कांस्य पदक पर 1 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। राष्ट्रमण्डल खेलों में भी स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को क्रमशः 1.50 करोड़ रुपये, 75 लाख रुपये और 50 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान किये जाने की व्यवस्था है। यही नहीं, उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश के पहले खेल विश्वविद्यालय का निर्माण भी मेरठ में करवा रही है, जिसमें अन्तरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर की सभी खेल गतिविधियों के प्रशिक्षण की सुविधा होगी। यहां अब उत्तर प्रदेश के कुछ उन खिलाड़ियों की भी बात करेंगे जो एशियाई खेलों की टीम स्पर्धाओं में पदक जीतने में कामयाब रहे। उदाहरण के रूप में क्रिकेट में रिंकू सिंह (अलीगढ़), महिला क्रिकेट में दीप्ति शर्मा (आगरा), हॉकी में ललित कुमार उपाध्याय (वाराणसी), शूटिंग में अखिलेश श्योरन (बागपत), कबड्डी में अर्जुल देशवाल (मुजफ्फरनगर) आदि शामिल हैं। दरअसल उत्तर प्रदेश में खेलों के विकास से जुड़े बहुत से जानकारों से बातचीत करने पर यह समझ आया कि राज्य में खेलों की संस्कृति अपने पैर जमा चुकी है। अब अभिभावक भी खुलकर अपने बच्चों को प्रेरित करते हैं कि वे खेलों में अपना करियर बनाये। वे अपनी बेटियों को खेलों के संसार में सफल होने के लिए भी भेज रहे हैं। अब आप देख लें कि इस बार जिन बेटियों ने पदक जीते हैं, उनका संबंध खांटी ग्रामीण पृष्ठभूमि से है। उन्हें उनका अपना परिवार और ग्रामीण समाज खेलों में लंबी छलांग लगाने के अवसर दे रहा है। उनके रास्ते में अवरोध नहीं खड़ा कर रहा है। यह वास्तव में खेलों की प्रगति के लिये बहुत सुखद और सकारात्मक स्थिति है। हालांकि, कुछ साल पहले तक यह स्थिति नहीं थी। इसके अलावा, अब उत्तर प्रदेश का समाज मात्र क्रिकेट को ही खेल नहीं मानता। अब यहां पर तमाम दूसरे खेलों में भी नौजवान अपने हिस्से का आसमान छूने का ख्वाब देखने लगे हैं। यकीन मानिए कि सरकार के प्रयासों और जिन खिलाड़ियों ने हालिया एशियाई खेलों में अपनी सफलता के झंडे गाडे हैं उनसे राज्य के हजारों-लाखों नौजवान प्रेरित होकर खेलों की दुनिया में आयेंगे। अंत में एक बात कहने का मन कर रहा है कि राजधानी दिल्ली में अनेक बड़े स्टेडियम होने के बावजूद गिनती के पदक विजेताओं का ही निकलना चिंता का कारण है। इस तरफ सोचने की जरूरत है। इसी तरह से बिहार और झारखंड से सफल खिलाड़ियों का न निकलना निराश करता है। बिहार में उभरती हुई प्रतिभाओं को अधिक सुविधायें देनी होंगी। झारखंड से बेहतरीन हॉकी खिलाड़ी खास तौर पर निकलते रहे हैं। इन दोनों राज्यों में खेलों की संस्कृति को विकसित करने के लिए ठोस योजनाएं बनानी होंगी। इन्हें उत्तर प्रदेश से सीखना होगा जो देश की खेल राजधानी बनने की तरफ बढ़ रहा है।

**(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

**बोधि वृक्ष**

### *आइये सुनें धर्मराज व चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी*

**ॐ क्रों ह्रीं आं वैं वै वस्वताये धर्मराजाय भक्तानुग्रह कृते नमः**
किसी भी पवित्र शास्त्र में इस मंत्र का कोई प्रमाण नहीं मिलता है। वही पवित्र श्रीमद्भगवद गीता अध्याय 16 श्लोक 23-24 में मनमानी पूजा को निषेध बताया गया है। गीता अध्याय 17 श्लोक 23 स्पष्ट करता है कि जप करने का एकमात्र मंत्र 'ओम-तत्सत' जा सांकेतिक है; और केवल तत्वदर्शी संत ही इसकी व्याख्या कर सकते हैं, जिसका जाप करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है, बाकी सभी मंत्रों का फल व्यर्थ होता है। सच्चिदानंदघन ब्रह्म के अमृत वाणी में उल्लेख किया गया है कि त्रिदेवों ब्रह्मा, विष्णु और शिव की पूजा व्यर्थ है और साधकों को मुक्ति नहीं दे सकती है। फिर धर्मराज या यमराज जैसे अन्य देवता कैसे पूजनीय हो सकते हैं? सच्चे आध्यात्मिक ज्ञान की कमी के कारण निर्दोष साधक अपने बहुमूल्य मानव जन्म को मनमाने ढंग से पूजा करने में बर्बाद कर देते हैं जो बेकार है। धर्मराज मोक्ष देने वाला नहीं है, वह अमर भी नहीं है। वह भी जन्म-मरण के चक्र में है। श्रीमद्भगवद् गीता अध्याय 8 श्लोक 16 में काल (ज्योति निरंजन) कह रहा है कि 'हे अर्जुन! ब्रह्मलोक तक के सभी लोक पुर्नवर्त्ति में हैं। लेकिन हे कुंती के पुत्र, जो यह नहीं जानते, वे मुझे प्राप्त करके भी पुर्नजन्म लेते हैं"। इसलिए, भक्तों को सलाह दी जाती है कि वे तुरंत शास्त्र विरुद्ध साधना छोड़ कर और यह पता लगाने का प्रयास करें कि कौन पूज्य भगवान है जो मोक्ष प्रदान कर सकता है। आइये हम उन साक्ष्यों का अध्ययन करें जो यह जानकारी प्रदान करते हैं - पूज्य भगवान कौन है? धर्मराज (यम) जो काल की दुनिया में एक महत्वपूर्ण पद नियुक्त हैं, पूर्ण परमात्मा के दरबार में एक साधारण कार्यकर्ता की तरह हैं। कहा गया है कि **धर्मराज (यम) दरबानी चेरा, सुर-असुरों का करै निबेरा सत का राज धर्मराय करहीं, अपना किया सभैडण्ड भरहीं**

*(क्रमशः)*

# संकट में फंसे नागरिकों के प्रति मोदी सरकार की संवेदनशीलता



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

***दुनिया*** में कहीं भी संकट आया हो, भारत सरकार ने अपने नागरिकों को सुरक्षित वापस स्वदेश लाने में कोई कमी नहीं छोड़ी है और इस सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए इजरायल में फंसे हजारों भारतीय नागरिकों को सुरक्षित स्वदेश वापस लाने के लिये ऑपरेशन 'अजय' हम सभी के सामने है। केंद्र की मोदी सरकार यह कार्य ऐसे संकटकालीन समय में कर रही है जब हमास के आतंकवादियों ने इजरायल में घुस कर आम नागरिकों, यहां तक कि बच्चों को भी हैवानियत के साथ कत्ल किया है। देखा जाय तो इजरायल में करीब 18 हजार भारतीय नागरिक काम या पढ़ाई के सिलसिले में रह रहे हैं। यहां रहने वाले भारतीयों का एक बड़ा हिस्सा देखभाल करने वालों के रूप में काम करता है, लेकिन वहां लगभग एक हजार छात्र, कई आईटी पेशेवर और हीरा व्यापारी भी हैं, जिन्हें सुरक्षित निकालने का सिलसिला मोदी सरकार ने शुरू किया है। मौजूदा हालत में भारतीय लोगों की सहायता के लिए इमरजेंसी नंबर जारी हुए हैं और भारतीय नागरिकों का भारत लौटना भी शुरू हो गया है। भारत लौटने वाले लोगों के चेहरे पर खुशी देखते ही बन रही है, जैसे कि अब वे सभी चिंताओं से मुक्त हो गये हैं। लैंड होते ही यात्रियों ने भारत माता की जय और नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद के भी नारे भी लगाये। भारत लौटी रांची की विनिता, उत्तराखण्ड के आरती जोशी, आयुष मेहरा हों या मनोज कुमार, स्वाति पटेल एवं अन्य भारतीय, सभी आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और भारत सरकार द्वारा उनकी फिक्र किये जाने के लिए हर्षित हैं। केंद्रीय मंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने यह स्पष्ट कहा भी है, ''हमारी सरकार किसी भी भारतीय को कभी पीछे नहीं छोड़ेगी। हमारी सरकार, प्रधानमंत्री उनकी सुरक्षा के लिए, उन्हें सुरक्षित घर वापस लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'' वे यहां तक कहते हैं कि हम विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, विदेश मंत्रालय की टीम, एयर इंडिया के चालक दल के भी आभारी हैं जिन्होंने हमारे बच्चों को सुरक्षित और स्वस्थ घर वापस लाया और उनके प्रियजनों के पास वापस पहुंचाया। वस्तुतः यह पहला अवसर नहीं है जब किसी विदेशी धरती से भारत अपने नागरिकों को संकटकालीन समय में सुरक्षित स्वदेश लेकर आया है। इससे पहले भी कई बड़े ऑपरेशन सफलता पूर्वक कर चुका है। भारत ने हमेशा अपने एक-एक नागरिक के जीवन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। यूक्रेन-रूस युद्ध के समय भी हमने देखा, वॉर छिड़ने के तुरंत बाद, पीएम मोदी ने 'ऑपरेशन गंगा' नामक एक बहु-आयामी निकासी अभियान शुरू किया था। यूक्रेन में कीव, ल्वीव, चेर्निव्सि से भारतीयों का आना आरंभ हुआ, फिर इस निकासी प्रक्रिया को तेज करने के लिए, विदेश मंत्रालय ने पोलैंड में वॉरसा, शेहिनी-मेडिका और क्राकोविएक सीमा पार, हंगरी में जाहोनी, किप टायसा सीमा पार, स्लोवाक गणराज्य में विस्ने नेमेके सीमा पार और रोमानिया में सुसेवा सीमा पार पर अपनी टीमें तैनात कर दी थीं, ताकि किसी भी भारतीय को स्वदेश लाने में कोई दिक्कत न आये। संकटग्रस्त सूडान में फंसे भारतीयों को 'ऑपरेशन कावेरी' चलाकर सुरक्षित भारत लाया गया। यहां से आये भारतीयों ने तो स्पष्ट बताया कि सूडान में सबसे पहले भारत ही अपने नागरिकों को सुरक्षित स्वदेश लाने के लिए पहुंचा था। वहां स्थिति काफी खतरनाक थी मोदी सरकार से इस बचाव अभियान को भी बड़ी ही तेजी के साथ चलाया था। इससे पहले अफगानिस्तान में चले गृहयुद्ध को भी याद किया जा सकता है, जब तालीबानियों ने आम लोगों को अपना निशाना बनाया, तब भी भारतीय वायुसेना और एयर इंडिया के विमान लगातार अफगानिस्तान से भारतीयों को लेकर स्वदेश आते रहे।

**भारत लौटी रांची की विनिता, उत्तराखण्ड के आरती जोशी, आयुष मेहरा हों या मनोज कुमार, स्वाति पटेल व अन्य भारतीय, सभी आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व व भारत सरकार द्वारा उनकी फिक्र किये जाने के लिए हर्षित हैं।**

**संवेदनशीलता**

**फोटो की दुनिया**



फेसबुक वॉल से

**खुशी दुनिया की सर्वोतम दवा है इसलिए खुद भी खुश रहे और दुसरो को खुशिया बांटे।**

# आसान नहीं मुख्यमंत्री शिवराज का श्राद्ध



प्रमोद भार्गव

***विधानसभा*** चुनाव के महासंग्राम की शुरूआत होते ही कांग्रेस एवं भाजपा में श्राद्ध को लेकर जुबानी जंग छिड़ गई है। दरअसल सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का गंगा नदी के किनारे निश्चिंत व निर्लिप्त बैठे हुए एक चित्र जारी हुआ था। इसमें शिवराज चुनाव की चिंता और मुख्यमंत्री बनने की इच्छा से मुक्त नजर आ रहे थे। वास्तव में वे ऋषिकेश में स्थित परमार्थ निकेतन में स्वामी चिदानंद मुनि के आश्रम में समय बिताने पहुंचे थे। वे यहां गंगा दर्शन कर गंगा आरती में शामिल हुए और संतों का आशीर्वाद लिया। इस पल चित्र सोशल मीडिया पर किसी ने डालकर लिख दिया, 'मामा का श्राद्ध, श्राद्ध में भाजपा ने दिया शिवराज मामा को टिकट।' इसे कांग्रेस की हरकत बताते हुए शिवराज ने कहा कि सनातन धर्म को अपशब्द कहने वाली कांग्रेस सत्ता की भूखी है। जबकि कांग्रेस को अपनी कुंठित सोच और कुसंस्कारों का श्राद्ध करने की जरूरत है। मैं मर भी जाऊंगा तो राख के ढेर से फीनिक्स पक्षी की तरह फिर से पैदा हो जाऊंगा, जनता की सेवा के लिए।' हालांकि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने शालीनता बरतते हुए कहा कि 'शिवराज जी ईश्वर आपको दीघार्यु दे। मेरी समझ में नहीं आता कि आपको हर चीज के पीछे कांग्रेस पार्टी ही क्यों नजर आती है? श्राद्ध पक्ष में आपको टिकट आपकी पार्टी ने दिया है, आपके व्यक्तिगत दुश्मन आपकी पार्टी में बैठे हैं और आपका अहित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।' मिथकों में फीनिक्स को एक मायावी पक्षी माना जाता है। अरब, ईरानी, मिश्र और भारतीय दंत-कथाओं में ऐसे विलक्षण पंछी का उल्लेख मिलता है। धारणा है कि इसका जीवन चक्र 500 से 1000 वर्ष का होता है। उम्र पूरी होने पर वह जल जाता है और फिर अपनी ही राख से पुनः जीवन प्राप्त कर लेता है। यह अवधारणा भारतीय दर्शन के पुर्नजन्म से मेल खाती है। श्रीमद् भगवत गीता के इस दर्शन को दुनिया के अनेक वैज्ञानिक भी अब यह मानने लगे हैं। दरअसल पदार्थगत रूपांतरण को ही पुर्नजन्म माना जाता है। पदार्थ और ऊर्जा दोनों ही परस्पर परिवर्तनशील है। ऊर्जा कभी नष्ट नहीं होती है, परंतु रूपांतरित होकर अदृश्य हो जाती है। इसीलिए डीएनए यानी महा रसायन मृत्यु के बाद भी संस्कारों के रूप में अदृश्य अवस्था में उपस्थित रहता है और नये जन्म के रूप में पुनः अस्तित्व में आ जाता है। इसीलिए सनातन दर्शन मृत्यु के साथ मनुष्य का पुर्णतः अंत नहीं मानता है। बल्कि मृत्यु के माध्यम से आत्मा को शरीर से अलग होकर वायुमंडल में विचरण करना मानता है। यही आत्मा मनुष्य के जीवित रहते हुए भी स्वप्न अवस्था में शरीर से अलग होकर भ्रमण करती है, लेकिन शरीर से उसका अंतसंबंध बना रहता है। बीमारी की स्थिति में भी आत्मा और शरीर का अलगाव बना रहता है। परंतु मृत्यु के बाद आत्मा शरीर से पृथक हो जाती है। ऋग्वेद में कहा भी गया है कि 'जीवात्मा अमर है और प्रत्यक्षतः नाशवान है।' इसे ही और अधिक विस्तार से गीता में उल्लेखित करते हुए कहा है, 'आत्मा किसी भी काल में न तो जन्मती है और न ही मरती है। जिस तरह से मनुष्य पुराने वस्त्रों को त्याग कर नये वस्त्र धारण कर लेता है, उसी अनुरूप जीवात्मा मृत शरीर को त्याग कर नये शरीर में प्रवेश कर जाती है।' इसलिए हमें बिना पढ़ी-लिखी या अल्पशिक्षित होने के बावजूद अनेक ऐसी प्रतिभाएं देखने में आती हैं, जिनके ज्ञान को देखकर आश्चर्य होता है। दरअसल वे पूर्व जन्म के संचित ज्ञान का ही प्रतिफल होती हैं। इसीलिए कहा जा सकता है कि जीवात्मा वर्तमान जन्म के संचित संस्कारों को साथ लेकर ही अगला जन्म लेती हैं। यहां यह भी रेखांकित किया जाना जरूरी है कि जींस (डीएनए) में पूर्व जन्म यह पैतृक संस्कार मौजूद रहते हैं।

**श्रीमद् भगवत गीता के इस दर्शन को दुनिया के अनेक वैज्ञानिक भी अब यह मानने लगे हैं। दरअसल पदार्थगत रूपांतरण को ही पुर्नजन्म माना जाता है। पदार्थ और ऊर्जा दोनों ही परस्पर परिवर्तनशील है।**

**श्राद्ध**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

## गागर में सागर

### पिस्टल दिखा कर महिला से तीन लाख के जेवरात छीने

**पूर्णिया।** पूर्णिया में इन दिनों अपराध रुकने का नाम नहीं ले रहा। बाइक चोरी से लेकर महिलाओं सहित पुरुषों के गले से भी चैन छीने जाने की घटना लगातार बढ़ते जा रही है। सुबह मॉर्निंग वॉक में निकली हुई महिलाएं हो या बाजार जाती हुई महिलाएं अभी वर्तमान में कोई सुरक्षित नहीं है कब अचानक कोई पीछे से आए और गले पर झपट्टा मार के चेन खींच ले गाना मुश्किल है। आज तो तब और हद हो गई जब अति व्यस्त भट्ठा बाजार में एक महिला से पिस्तौल दिखाकर उसके चैन और सोने की चूड़ी और अंगूठी छीन लिए गए।यह घटना सहायक खजांची थाना क्षेत्र के भट्ठा बाजार की है। महिला एक होटल से जलेबी लेकर भट्ठा बाजार के रास्ते वापस अपने घर जा रही थी। पीछे से दो बदमाश मोटरसाइकिल पर आए और उनसे बात करने लगे तथा कहीं का पता पूछने लगे। महिला उनसे बात कर ही रही थी कि अचानक उन लोगों ने पिस्तौल निकाल लिया और गले की चेन अंगूठी तथा सोने की चूड़ी सभी खुलवा लिए। दोनों बदमाश इस घटना को अंजाम देने के बाद भाग गए। बदमाशों की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित ने बताया की छीनी गई सोने की अंगूठी और चूरी की कीमत करीब 3 लाख है। पीड़ित महिला भट्ठा बाजार के गांगुली पाड़ा की रहने वाली है तथा उनका नाम सरोज देवी उम्र 49 वर्ष तथा पति का नाम रासबिहारी अग्रवाल है।

### अनियंत्रित ट्रक मोटरसाइकिल सवार के उपर पलटी, पिता-पुत्र की हुई मौत

**जगदलपुर।** जिले के बोधघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत आनंद ढाबा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर गुरुवार रात करीब 10 बजे पीडीएस चावल से भरे ओवरलोड ट्रक अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल सवार पिता-पुत्र के उपर पलट जाने से दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पंहुची पुलिस एम्बुलेंस और बचाव दल ने ट्रक के नीचे दबे पिता-पुत्र को कड़ी मशक्कत के बाद निकालकर पोस्टमार्टम के लिए मेकॉज भिजवाया। आज शुक्रवार को मेंकॉज में पोस्टमार्टम के बाद दोनों के शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दुर्घटना की जानकारी मिलते ही बोधघाट पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंचकर ट्रक के नीचे दबे पिता-पुत्र को निकालने का प्रयास करने लगी। ट्रक में चावल भरा होने के कारण उसे पहले खाली किया गया फिर पुलिस ने दो क्रेनों की सहायता से ट्रक का हटाया। जिसके बाद वहां क्षत विक्षत अवस्था में दो शव मिले, जिनकी पहचान देर रात अजय गुप्ता और उनके पुत्र शिखर गुप्ता के रूप में हुई है।

### पति की मौत के वियोग में पत्नी ने लगाई फांसी, दोनों की हुई मौत

**जालौन।** जालौन कस्बे के मोहल्ला गणेशजी निवासी उमेश चौरसिया 58 वर्ष काफी समय से बीमार चल रहे थे। उनका इलाज चल रहा था। गुरुवार देर रात बीमारी की वजह से मौत हो गई। पति की लाश को देख पत्नी ने भी वियोग में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी।

नगर की निवासिनी कविता चौरसिया 55 वर्ष ने पति को मृत देखा तो वह हताश हो गईं और घर के ही बरामदे में जाकर उसने चादर का फंदा गले में डालकर फांसी लगा ली। दम घुटने पर उनकी भी मौत हो गई। इस दौरान जब दंपति के दोनों बच्चे सोकर उठे तो कमरे में मृत पिता और बरामदे में साड़ी से लटके मां के शव को देख उनके होश उड़ गए। दोनों का बुरा हाल हो गया। चीख पुकार से आस पड़ोस के लोग आए और पुलिस को मौके पर बुलाया गया। मौके पर आई पुलिस व फोरेंसिक टीम ने अपनी जांच पड़ताल शुरू कर दंपति के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### फिरौती नहीं देने पर स्वर्ण व्यवसाई के अगवा बेटे की हत्या, शव बरामद

**बेतिया।** बिहार के पश्चिम चंपारण जिले में कुमारबाग ओपी क्षेत्र के स्वर्ण व्यवसाई नगनारायण साह के बेटे आशीष कुमार (14) का शव एक तालाब से बरामद किया गया। आशीष का बुधवार को अपहरण कर लिया गया था और अपहरणकताओं ने स्वर्ण व्यवसाई को फोन कर 20 लाख रुपए की फिरौती की मांग की थी। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि अगवा आशीष का शव गुरुवार की रात 11 बजे के करीब कुमार बाग स्टील प्लांट के पीछे एक तालाब से बरामद किया गया।पुलिस ने रात में ही शव का पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। शुक्रवार सुबह शव का अंतिम संस्कार भी कर दिया गया। इधर, पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि गिरफ्तार किए गए चार छात्रों में दो आशीष के सहपाठी हैं, जबकि दो उसी के स्कूल के पूर्ववर्ती छात्र हैं। उल्लेखनीय है कि नौवीं क्लास का छात्र आशीष बुधवार को स्कूल गया था और फिर वापस नहीं लौटा। शाम को जब वह नहीं लौटा तो परिजन स्कूल पहुंचे जहां से आशीष की साइकिल और बैग मिली थी।

# यूपी सरकार के कार्यक्रमों से पदक जीत रहे खिलाड़ी : योगी

**एजेंसी। अमेठी**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि एशियन गेम्स में भारत की शक्ति एवं सामर्थ्य का प्रदर्शन चीन में हुआ है। प्रधानमंत्री के प्रोत्साहन स्वरूप यहां पहली बार भारतीय खिलाड़ियों ने 107 मेडल जीते। इसमें देश के लिए 25 फीसदी मेडल यूपी के खिलाड़ियों ने जीते। मुख्यमंत्री योगी अमेठी सांसद खेलकूद प्रतियोगिता-2023 के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने यहां बटन दबाकर 700 करोड़ की 879 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। भव्य आयोजन के लिए मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री एवं स्थानीय सांसद स्मृति ईरानी और प्रतिभाग के लिए 1.11 लाख खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अमेठी संसदीय क्षेत्र में सांसद खेलकूद प्रतियोगिता रोचक एवं प्रभावी रही है। योगी ने कहा कि यूपी की खिलाड़ी एथलेटिक्स में पहले चीन से पीछे चल रही थी लेकिन अंतिम 30 सेकेंड में उसने पासा पलट दिया। जब उससे पूछा गया कि अंतिम समय में कैसे बाजी मारी तो उसने कहा कि इसके पीछे प्रधानमंत्री मोदी का प्रोत्साहन और यूपी सरकार द्वारा खिलाड़ियों के लिए किए जा रहे कार्यक्रम हैं। डिप्टी एसपी की नौकरी प्राप्त करनी है, इसलिए गोल्ड मेडल आवश्यक था। स्वर्ण पदक पाने वाले खिलाड़ियों को राज्य की तरफ से तीन-तीन करोड़ एवं डिप्टी एसपी का पद अभी से तैयार बैठा है। जब कहेंगे तो नियुक्ति पत्र जारी कर देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे आयोजन आज से पहले सपना हुआ करते थे। प्रधानमंत्री ने खेलो इंडिया खेलो की बात कहकर देश के खिलाड़ियों व प्रत्येक युवाओं का फिट रहने के लिए आह्वान किया था। देश में खेलकूद प्रतियोगिताएं बढ़ती गईं। यही सिलसिला फिट इंडिया मूवेंट के माध्यम से बढ़ता गया। तीसरे संस्करण के रूप में सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन यह नया अनुभव था। तीन-चार वर्षों से हर संसदीय क्षेत्र में गांव से लेकर न्याय पंचायत, स्कूल से लेकर कॉलेज स्तर समेत पूरे संसदीय क्षेत्र के खिलाड़ी को विभिन्न प्रतियोगिताओं से जुड़ने का अवसर मिलता है। पहले चरण में सैकड़ों, दूसरे संस्करण में हजारों व तीसरे संस्करण में 1.11 लाख खिलाड़ियों के प्रतिभाग से अमेठी ने रिकॉर्ड तोड़ दिया।

#### बंगाल मनी लॉन्ड्रिंग केस

## ईडी अधिकारी को बहाल की गई जांच की जिम्मेदारी

**एजेंसी। कोलकाता**

कलकत्ता हाईकोर्ट की एकल न्यायाधीश पीठ ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में मनी लॉन्ड्रिंग से संबंधित मामलों की जांच की जिम्मेदारी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सहायक निदेशक मिथिलेश कुमार मिश्रा को बहाल कर दी है, इन्हें पहले उसी पीठ के एक पूर्व आदेश के बाद मामले में अपनी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया था। न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने खुद पिछले महीने के अंत तक इस मामले में मिश्रा को कार्यमुक्त करने का आदेश दिया था, अब शुक्रवार को उन्होंने जिम्मेदारियों को बहाल कर दिया है। गुरुवार को मिश्रा और ईडी ने न्यायमूर्ति सिन्हा की पीठ में उनके पहले के आदेश में संशोधन के लिए एक याचिका दायर की थी। उनकी पीठ में शुक्रवार दोपहर को बंद कमरे में सुनवाई हुई, जहां केवल मिश्रा और ईडी के वकीलों को शारीरिक रूप से उपस्थित होने की अनुमति दी गई। ईडी के एक संयुक्त निदेशक भी नई दिल्ली स्थित एजेंसी के मुख्यालय से सुनवाई में शामिल हुए। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि सुनवाई के दौरान वकीलों और संयुक्त निदेशक ने मिश्रा पर आरोप बहाल करने का अनुरोध किया और यह भी तर्क दिया कि एक कुशल अधिकारी होने के नाते वह जांच को सही दिशा में ले जाने में सक्षम होंगे। आखिरकार, जस्टिस सिन्हा ने मिश्रा की ओर से दी गई दलीलों से संतुष्ट होकर उनकी ज़िम्मेदारियां बहाल कर दीं।

## नीतीश सरकार प्रोन्नति योग्य कर्मियों को देगी प्रभार

**एजेंसी। पटना**

बिहार सरकार ने दुर्गा पूजा के पहले सरकारी कर्मचारियों को तोहफा दिया है। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में प्रोन्नति योग्य सरकारी कर्मचारियों को प्रभार देने के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मंत्रिमंडल सचिवालय के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने बताया कि इस बैठक में कुल आठ प्रस्तावो को मंजूरी दी गई है। उन्होंने बताया कि बिहार में सामान्य प्रशासन विभाग के तहत राज्याधीन सेवाओं में प्रोन्नति के पदों पर योग्य कर्मियों को कार्यकारी प्रभार देने की स्वीकृति कैबिनेट में दी गई है। प्रमोशन में एससी-एसटी कर्मियों को कोटे के अंदर कोटा दिया जाएगा। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय में राज्य कर्मियों की प्रोन्नति का मामला लंबित है। इसके तहत राज्य सरकार कार्यकारी व्यवस्था के रूप में अपने ही वेतनमान में कर्मियों को प्रभार देकर कार्य कराती थी। इस निर्णय के बाद



राज्य सरकार द्वारा उच्चतर पदधारकों को उसी उच्चतर पद का वेतनमान दिया जायेगा। इसके तहत एससी-एसटी के 17 फीसदी पद सुरक्षित रखकर प्रोन्नति दिया जाएगा। एससी वर्ग के कर्मियों को 16 प्रतिशत और एसटी वर्ग के कर्मियों के लिए एक फीसदी को आरक्षित रखा जाएगा। सरकार के इस फैसले से करीब 5 लाख सरकारी सेवक को फायदा होगा। उन्होंने बताया कि बैठक में उग्रवाद प्रभावित राज्यों में केन्द्र प्रायोजित 'विशेष आधारभूत संरचना योजना' (वर्ष 2022-26) के तहत कार्य बल एवं उग्रवाद प्रभावित जिलों के जिला पुलिस बल के उन्नयन एवं सुदृढीकरण के लिए 37 करोड़ 83 लाख रुपए दिए जाएंगे। बिहार सरकार किसानों

## राहुल के बाद प्रियंका गांधी ने भी मध्य प्रदेश के लोगों को झूठी गारंटी दी : सीएम शिवराज

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ पर राहुल गांधी के बाद प्रियंका से भी झूठी गारंटी दिलाने का आरोप लगाया है।

मुख्यमंत्री चौहान ने प्रियंका गांधी के मंडला में आयोजित जनसभा में छात्रों को 500 से 1,500 रुपये मासिक दिए जाने की घोषणा पर गांधी परिवार और कमलनाथ पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिस गांधी परिवार ने पूरे देश को और देश की जनता को ठगा, उस गांधी परिवार को कमलनाथ ठग रहे हैं। 2018 में कमलनाथ ने राहुल गांधी से झूठे वचन दिलवाए और 2023 में प्रियंका गांधी से झूठी गारंटियां दिलवा रहे हैं।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आगे कहा कि मंडला में प्रियंका गांधी ने बिना पढ़े ही 'पढ़ो-पढ़ाओ' की घोषणा कर दी, कांग्रेस पूरी तरह से कंफ्यूज है। जिस तरह से प्रियंका से घोषणाएं करवाई गई। मैंने वह वीडियो देखा, कई घोषणाएं करके बैठ गईं। फिर, कांग्रेस नेता उठे और बोले, एक और करो। अच्छा उन्हें पता ही नहीं, क्या घोषणा करनी है, उन्हें कांग्रेस के नेताओं द्वारा घोषणाएं पढ़ाई ही नहीं गई।

प्रियंका गांधी की घोषणा का जिक्र करते हुए मुख्यमत्री ने कहा कि पहले मैडम बोलती हैं कि अभी-अभी एक और घोषणा मुझे बताई है, कक्षा एक से लेकर 12वीं तक बच्चों की स्कूली शिक्षा निशुल्क होगी। कमलनाथ फिर टोक रहे हैं प्रियंका को, करेक्शन करा रहे हैं, प्रियंका बोलती हैं, आप ही बोलिए, वो कहते हैं नहीं आप बोलिए। फिर, वह दोबारा पढ़ती हैं, पहली से लेकर आठवीं तक 500 देंगे, नौवीं से लेकर दसवीं तक 1000 देंगे, 10 से 12 तक 1500 हर साल देंगे। फिर सुरजेवाला कहते हैं, हर साल नहीं, हर महीना। फिर मैडम कहती हैं, लिखा तो इसमें हर साल है। अब आप कल्पना कर सकते हैं कि पहले कुछ लिखते हैं, फिर पढ़ने को कहते हैं, कितने गंभीर हैं वह कि हर साल में काम नहीं चलेगा तो हर महीने आ जाओ। न लेना है, न देना है, बस झूठी घोषणाएं करनी हैं।

मुख्यमंत्री चौहान ने बताया कि कांग्रेस ने अपने पुराने वचन पत्र में कहा था कि शालेय स्तर के कई बच्चों को गणवेश, पाठ्यपुस्तक अन्य पठन की उच्च कोटि की सामग्री निःशुल्क उपलब्ध करवाएंगे। लेकिन, जो भाजपा सरकार लैपटॉप देती थी, बंद कर दिए थे। साइकिल देना बंद कर दी। मेधावी विद्यार्थी योजना इन्होंने ठंडे बस्ते में डाल दी। बच्चों की फीस तक छीन ली।

## बंगाल में भाजपा को रोकने के लिए तृणमूल कांग्रेस को हराना जरूरी : सीपीआई (एम)

**एजेंसी। कोलकाता**

सीपीआई (एम) ने कहा कि पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को उखाड़ फेंके बिना भाजपा को रोकना असंभव है। पार्टी ने कहा कि विपक्ष के अन्य घटक 'इंडिया' ब्लॉक को इस जमीनी हकीकत को समझना चाहिए। बंगाल में पार्टी के मुखपत्र के वार्षिक उत्सव संस्करण में लिखे गए एक लेख में, सीपीआई (एम) पोलित ब्यूरो सदस्य और पश्चिम बंगाल में पार्टी के राज्य सचिव एमडी सलीम ने कहा कि चूंकि तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा को यहां अपनी पकड़ मजबूत करने में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी को हराने के लिए यह एक तत्काल आवश्यकता है।

उन्होंने कहा, देश में भाजपा विरोधी ताकतों को पश्चिम बंगाल की जमीनी हकीकतों से अवगत कराने की जरूरत है, जहां स्थापना के बाद से



ही तृणमूल कांग्रेस भाजपा की संभावित सहयोगी रही है और अब वे सिर्फ बिछड़े हुए सहयोगी हैं, हालांकि इस बात की पूरी संभावना है कि दोनों एक-दूसरे से अलग हो जाएंगे।"सलीम ने अपने लेख में यह भी स्पष्ट किया है कि पश्चिम बंगाल के परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखते हुए भाजपा विरोधी सहयोगियों के बीच राष्ट्रीय स्तर पर सीट बंटवारे के समझौते का कोई सवाल ही नहीं है।सलीम ने कहा, विभिन्न राजनीतिक दलों की अपनी राजनीतिक मजबूरियां हो सकती हैं। लेकिन, राष्ट्रीय स्तर पर एक निश्चित सीट-बंटवारा न तो संभव है और न ही यथार्थवादी है। आवश्यकता संबंधित राज्य की जमीनी हकीकत को ध्यान में रखते हुए राज्य-विशिष्ट रणनीतियों को अपनाने की है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि सलीम का लेख जमीनी स्तर के सीपीआई (एम) कार्यकताओं और कट्टर पार्टी के वफादारों की सामान्य भावना और सीपीआई (एम) महासचिव सीताराम येचुरी पर उनकी बढ़ती शिकायतों का प्रतिबिंब है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी एक ही फ्रेम में फंस गए हैं। साथ ही सलीम के इस लेख को पार्टी के पोलित ब्यूरो के उस फैसले का विस्तार भी कहा जा सकता है, जिसमें उन्होंने इंडिया ब्लॉक की समन्वय समिति में कोई प्रतिनिधि नहीं भेजने का फैसला किया था, जहां अभिषेक बनर्जी सदस्य हैं। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने दावा किया कि यह लेख इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि वास्तव में पश्चिम बंगाल में भाजपा को कौन फायदा पहुंचाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा, सीपीआई (एम) का एकमात्र उद्देश्य राज्य में भाजपा विरोधी वोटों को विभाजित करके भगवा खेमे को फायदा पहुंचाना है।

## भाजपा विधायक का पार्टी और विधानसभा से इस्तीफा

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश के सतना जिले की मैहर विधानसभा से भाजपा के विधायक नारायण त्रिपाठी ने शुक्रवार को विधायक पद के साथ-साथ भाजपा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। साथ ही उन्होंने कहा है कि आगे की रणनीति जल्द बनेगी। पार्टी का सम्मान करते हुए इस्तीफा दिया है। कांग्रेस में जाने की अटकलें तेज हो गई हैं। दरअसल, त्रिपाठी टिकट नहीं मिलने से नाराज चल रहे थे। इस्तीफा देते ही अब उनके कांग्रेस में जाने की अटकलें तेज हो गई हैं। बीते कई दिनों से वे कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के संपर्क में थे।

नारायण त्रिपाठी ने 2018 के विधानसभा चुनाव में मैहर से भाजपा के टिकट पर जीत हासिल की थी, लेकिन वे अपनी ही पार्टी के लिए परेशानी का सबब बने हुए थे। वे बीते सालों में समय-समय पर कांग्रेस का समर्थन करते नजर आए थे। इसी के चलते इस बार



भाजपा ने उनका टिकट दिया। इस बार भाजपा ने मैहर से श्रीकांत चतुर्वेदी को अपना उम्मीदवार बनाया है। इसके बाद से ही नारायण त्रिपाठी के अलग होने की अटकले लग रही थी। आखिकार उन्होंने अपने पद और पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने शुक्रवार को अपने इस्तीफे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम को भेज दिए हैं। पिछले चुनाव में भाजपा से जीते थे, लेकिन प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी। तब उन्होंने मैहर को जिला बनाने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री कमल नाथ को राजी कर लिया था।

**परेशानी**

#### समस्याओं से जूझ रहा है कुम्हार समाज, प्रशासन से लगाई गुहार

# सरकार की उदासीनता से बढ़ रही बेरोजगारी

**दिनों दिन बढ़ रही कच्ची सामग्रियों की कीमतें**

**खनिज नियम से प्रभावित हो रही कुम्हारों की रोजी-रोटी**

**एजेंसी। धमतरी**

महंगाई के इस दौर में अपने पुश्तैनी कार्य को संभाले हुए कुम्हार परिवार कई तरह की समस्या से दो-चार हो रहे हैं। पुश्तैनी कार्य करके जीवनयापन कर रहे कुम्हार समाज के लोगों को खनिज नियमों सहित अन्य शासकीय नियमों के चलते समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं के निराकरण की मांग जिला कुम्हार समाज धमतरी ने की है। कुम्हार समाज के लोगों का कहना है कि छत्तीसगढ़ राज्य में अन्य समाजों की तरह कुम्हार समाज भी निवासरत है और अपने पुश्तैनी कार्य घड़ा मटका, हस्तशिल्प के साथ ही लाल ईंट निर्माण से जुड़े हैं। खनिज संबंधी विधि नियमों के कारण उनकी रोजी रोटी छिन रही है। कुम्हार समाज की मांग है कि राज्य के कुम्हार समाज के लोगों को लाल ईंट निर्माण एवं विक्रय पर रायल्टी छूट सहित समाज के लोगों के लिये खनिज नियम में महाराष्ट्र, राजस्थान और मध्यप्रदेश की तरह विशेष राहत दिया जाये। इसी तरह जाति प्रमाण पत्र को लेकर भी समस्या का सामना



करना पड़ रहा है। राज्य विभाजन के पूर्व मध्यप्रदेश के भौगोलिक क्षेत्र के व्यक्ति जो वर्तमान छत्तीसगढ़ राज्य के भौगोलिक राज्य में 1984 के बाधा को शिथिल करते हुए कुम्हार समाज के लोगों को यहां का निवासी मानते हुए जाति प्रमाण पत्र बनाया जाए। क्योंकि कई पीढ़ियों से यहां निवासरत है। घुमंतु जीवन जीने के कारण कोई स्थाई रिकार्ड नहीं है और ग्रामसभा से प्रस्ताव देने भी कोई ग्राम पंचायत सहमत नहीं है। इस समस्या पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए नियम को शिथिल किया जाए।

शिवकुमार कुंभकार, मनोज कुंभकार, देवेंद्र कुंभकार ने कहा कि महंगाई के इस दौर में कच्ची सामग्रियों की कीमतें काफी बढ़ गई हैं। मिट्टी भी आज के समय में खरीद कर लानी पड़ रही है। ऐसे में दिनों दिन यह कार्य महंगा होता जा रहा है। मिट्टी से बने कलश दीये, घड़े व अन्य खिलौने इसी कारण से हर साल महंगे महंगे होते जा रहे हैं। यदि इन सामग्रियों की कीमत कम होती है तो खिलौनो, घड़ों को कम कीमत में ग्राहकों बेंच पाते। सरकार की ओर से चलाई जा रही कई योजनाओं का जैसा लाभ मिलना चाहिए वह नहीं मिल पा रहा है। यही कारण है कि आज पुश्तैनी कार्य को छोड़कर कई कुम्हार परिवार के सदस्य अन्य व्यवसाय में रोजगार तलाशने लगे हैं। सरकार को इस दिशा में ठोस निर्णय लेते हुए कुम्हारों को रियायत देनी चाहिए।

### भारी मात्रा में हेरोइन के साथ एसटीएफ के हत्थे चढ़ा तस्कर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने भारी मात्रा में हेरोइन के साथ एक तस्कर को धर दबोचा है। एसटीएफ के एसपी आईपीएस इंद्रजीत बसु ने शुक्रवार दोपहर इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक दिन पहले गुरुवार की रात पुख्ता सूचना के आधार पर मुर्शिदाबाद जिले के भगवान गोला रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर घेराबंदी की गई थी। जैसे ही वह संदिग्ध शख्स पहुंचा, उसे घेर कर गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी पहचान 31 साल के मोहम्मद फखरुद्दीन अली अहमद उर्फ फखरुल के तौर पर हुई है। उसके पास से एक किलो 29 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है, जिसकी बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपये हैं। पूछताछ में बताया है कि नदिया जिले के रहने वाले एक अन्य यात्री से उसने हेरोइन खरीदी है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## गागर में सागर

### सिख गुरुओं का ऋणी है देश : शाह



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश सिख गुरुओं का ऋणी है। समाज और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका वंदनीय है। शाह ने शुक्रवार को दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से आईसीएआर कन्वेंशन सेंटर नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सिख पंथ की गुरु परंपरा को वह शीश झुका कर प्रणाम करते हैं। सिख पंथ की 10 पीढ़ियों की गुरु परंपरा ने आक्रान्ताओं के सामने अन्याय और बर्बरता के खिलाफ संघर्ष और बलिदान का उत्कृष्ट उदाहरण दुनिया के सामने रखा है। शाह ने कहा कि गुरुनानक देव जी ने अपने जीवन में ''चार उदासियां'' से कई देशों के अंदर सर्वधर्म समभाव का उपदेश दिया। कर्नाटक से लेकर मक्का तक उनके चरण मिले हैं। बिना किसी स्वार्थ के प्रेम के संदेश के लिए उस जमाने में पैदल चल कर इतनी यात्रा करने की थी। सालों पहले जब सभी मजहब अपने-अपने पंथ को लेकर युद्ध लड़ रहे थे, उस दौरान नानक देव साहब से लेकर दशम पिता तक जो उपदेश दिए, उन उपदेशों पर आज पूरी दुनिया चल रही है। शाह ने कहा कि सिख समुदाय धर्म व कर्म दोनों को समान रूप से लेकर आगे चलता है। धर्म के लिए जान देने की बारी आती है, तो एक सच्चा सिख कभी पीछे मुड़ कर नहीं देखता। देश की आजादी से लेकर आज देश की सुरक्षा तक सिख भाइयों का बलिदान सबसे अधिक है।

### भाजपा ने किरेन रिजिजू को बनाया मिजोरम का चुनाव प्रभारी



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मिजोरम में 7 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू को राज्य का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। इसके साथ ही नगालैंड के उपमुख्यमंत्री यानथुंगो पैटन और राष्ट्रीय सचिव अनिल एंटनी को सह चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। शुक्रवार को भाजपा महासचिव अरुण सिंह द्वारा जारी आदेश के मुताबिक राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने चंडीगढ़ भाजपा इकाई में बदलाव करते हुए जतिंदर पाल मल्होत्रा को नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। ये नियुक्तियां तुरंत प्रभाव से लागू होंगी।

# आतंकवाद मानवता के विरुद्ध सबसे बड़ा अपराध : प्रधानमंत्री



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित पार्लियामेंट 20 का आगाज किया और दुनिया को शांति का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय विकास और कल्याण का है और यह शांति बिना संभव नहीं है। साथ ही उन्होंने आतंकवाद को लेकर एक बार फिर विश्व को चेताया की यह मानवता के विरुद्ध सबसे बड़ा अपराध है और इस पर दोहरे मानदंड नहीं होने चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने दुनिया की सबसे अमीर अर्थव्यवस्था वाले जी-20 देश के संसदीय प्रतिनिधिमंडल को यहां यशोभूमि द्वारका में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भारत की 5000 साल पुरानी सभ्यता और उसमें रचे बसे लोकतंत्र का परिचय कराया। उन्होंने बताया कि हजारों साल पहले भी हमारे यहां संवाद वा चर्चा के माध्यम से जनहितैषी व्यवस्था काम करती थी। प्रधानमंत्री मोदी ने दुनिया में चल रहे रूस-यूक्रेन और इसराइल-हमास संघर्ष के बीच अपने शांति संदेश में कहा कि संकट भरी दुनिया किसी के हित में नहीं है। शांति के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। प्रधानमंत्री ने इस बात का उल्लेख किया कि आज शाम दुनिया भर से आए संसदीय प्रतिनिधिमंडल भारत की संसद की यात्रा करेंगे और वहां स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा को श्रद्धांजलि देंगे। साथ ही उन्होंने यहां आतंकवाद की उस घटना का भी जिक्र किया जिसमें भारतीय संसद पर आतंकियों ने हमला किया था। इसी क्रम में उन्होंने आतंकवाद के खतरे के प्रति दुनिया को आगाह कराया। प्रधानमंत्री ने इस बात पर दुख व्यक्त किया कि दुनिया अभी तक आतंकवाद की परिभाषा पर आम सहमति नहीं बन पाई है। उन्होंने कहा कि इस रवैया का फायदा मानवता के दुश्मन उठा रहे हैं।

### वैश्विक चुनौतियों पर एकजुटता का प्रमाण है पी20 : लोस अध्यक्ष



**लोकसभा** अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों पर हम (जी20 देश) एकजुट हैं। हम साझा चुनौतियों को लेकर गंभीर हैं और समाधान चाहते हैं। इस दिशा में पी20 शिखर सम्मेलन मील का पत्थर साबित होगा। बिरला ने शुक्रवार को दिल्ली में 9वें जी20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन (पी20) को संबोधित करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण संरक्षण, आतंकवाद सहित सभी वैश्विक समस्याओं पर हमें मिलकर समाधान निकालना होगा। जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान भी कई साझा समस्याओं पर सार्थक संवाद हुआ और भारत की अध्यक्षता में जी 20 लीडर समिट में नई दिल्ली डिक्लेरेशन को सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। ये हमारे वैश्विक दृष्टिकोण को दशार्ता है। बिरला ने कहा कि लोकतंत्र हमारी सबसे अमूल्य विरासत है। लोकतंत्र हमारी जीवनशैली, आचार, विचार, व्यवहार में है। एक तरह से ये हमारी संस्कृति और संस्कार में आत्मसात है। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान भारत की संसद से पास हुए महिला आरक्षण विधेयक के बारे में भी मेहमानों को अवगत कराया।

## वायु सेना में जल्द शामिल होगी स्वदेशी एयर टू एयर एस्ट्रा एमके-1 मिसाइल



मिग-29, लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस और नौसेना के मिग-29ए विमानों में लगेगी मिसाइल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वायु सेना के हथियार खजाने में इस साल के अंत तक स्वदेशी एयर टू एयर एस्ट्रा एमके-1 मिसाइल शामिल हो जाएगी। इन मिसाइलों के थोक उत्पादन के लिए भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) को मंजूरी भी मिल गई है। हाल ही में तेजस विमान से भी इसका सफल परीक्षण किया गया था। भारतीय वायु सेना और नौसेना पहले से एस्ट्रा मिसाइल का इस्तेमाल कर रही हैं, लेकिन अब एस्ट्रा एमके-1 मिसाइलों को भारतीय वायु सेना के मिग-29, लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस और भारतीय नौसेना के मिग-29ए विमानों के साथ लैस किये जाने की योजना है। वायु सेना ने पहले ही इन मिसाइलों के लिए बीडीएल के साथ 2 अनुबंध कर रखे हैं। अब स्वदेशी एस्ट्रा एमके-1 बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल की क्षमता 100 किमी. से बढ़ा कर 160 किमी. कर दी गई है। साथ ही दोहरे पल्स रॉकेट मोटर की सहायता से 160 किमी. की विस्तारित सीमा के साथ एस्ट्रा एमके-2 को विकसित किया जाना है। भारतीय वायु सेना और नौसेना पहले से एस्ट्रा मिसाइल का इस्तेमाल कर रही हैं, लेकिन अब एस्ट्रा एमके-1 मिसाइलों को भारतीय वायु सेना के मिग-29, लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट 'तेजस' और भारतीय नौसेना के मिग-29ए विमानों के साथ लैस किया जा रहा है। बीडीएल को स्वदेशी एयर टू एयर एस्ट्रा एमके-1 मिसाइलों के थोक उत्पादन की मंजूरी भी मिल गई है। हाल ही में तेजस विमान से भी इसका सफल परीक्षण किया गया था। वायु सेना के हथियार खजाने में इस साल के अंत तक स्वदेशी एयर टू एयर एस्ट्रा एमके-1 मिसाइल शामिल हो जाएगी। वायु सेना एस्ट्रा एमके-2 का स्टेटिक फायर करके परीक्षण कर चुकी है। आने वाले वर्षों में एस्ट्रा एमके-1 और एमके-2 एयर टू एयर क्षेत्र में भारतीय वायु सेना का मुख्य हथियार होंगे। भारतीय वायु सेना के सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान पहले ही एस्ट्रा मिसाइलों के साथ एकीकृत है और इसका उत्पादन भारत डायनामिक्स लिमिटेड कर रही है। लद्दाख सीमा पर तनाव बढ़ने के बाद दोनों सेनाओं के लिए 248 स्वदेशी एस्ट्रा एमके-1 मिसाइल खरीदने का ऑर्डर किया गया था। इसमें 200 मिसाइलें वायु सेना के लिए और 50 नौसेना के लिए थीं। बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर 50 मिसाइलों की पहली खेप भारतीय वायु सेना को अक्टूबर, 2020 में मिली थी। यह मिसाइल इलेक्ट्रॉनिक काउंटर-काउंटरमेशर्स से लैस है, इसलिए दुश्मन के प्रयासों को नाकाम करके अपने ऑपरेशन को अंजाम देती है। एस्ट्रा एमके-1 मिसाइल 3.6 मीटर (12 फीट) लंबी है और 4.5 मैक की गति तक अधिकतम 20 किमी. (66 हजार फीट) की ऊंचाई से संचालित हो सकती है।

## जटिल रोगों के ऑपरेशन की लाइव स्ट्रीमिंग पर रोक की याचिका पर केंद्र को नोटिस

**आरएनएम। नई दिल्ली**

इन दिनों कई अस्पतालों में जटिल रोगों के ऑपरेशन की लाइव स्ट्रीमिंग की जाने लगी है। जिस पर रोक लगाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय में दायर याचिका में कहा गया है कि लाइव सर्जरी प्रसारण से कानूनी और नैतिक मुद्दे उत्पन्न हो रहे हैं। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला व न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। पीठ ने दिल्ली के कुछ लोगों की तरफ से दायर याचिका पर केंद्र और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। अब इस मामले में तीन हफ्ते बाद सुनवाई होगी। मालूम हो कि यह मामला मेडिकल साइंस के साथ-साथ ऑपरेशन थियेटर के विचलित करने वाले नजारों को आम नागरिकों तक पहुंचाने का है। सर्वोच्च न्यायालय की पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को सर्जरी के लाइव प्रसारण की नियमित निगरानी करने का निर्देश देने की मांग की है। याचिकाकर्ता इस संबंध में दिशा निर्देश तैयार करने के लिए एक समिति गठित करने का निर्देश देने की मांग कर रहे हैं। इस मामले में अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद होगी।

### इजरायल से 212 भारतीयों को लेकर विमान दिल्ली पहुंचा

**नई दिल्ली।** हमास-इजरायल के बीच शुरू हुए युद्ध को आज 7 दिन हो चुके हैं। भारत सरकार ने इजरायल में फंसे भारतीयों को वापस लाने के लिए प्रयास किए। ऑपरेशन अजय तहत शुक्रवार को 212 भारतीयों को लेकर सुबह 5.59 बजे दिल्ली पहुंचा।

## विधायकों के अयोग्यता मामले में विस अध्यक्ष की देरी से सुप्रीम कोर्ट नाराज

**आरएनएम । नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और कई विधायकों की अयोग्यता से संबंधित याचिका पर फैसला करने में देरी को लेकर विधानसभा अध्यक्ष के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा कि वे शीर्ष अदालत के आदेशों की अनदेखी नहीं कर सकते। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली पीठ ने कहा, किसी को विधानसभा अध्यक्ष को यह सलाह देनी होगी कि वह उच्चतम न्यायालय के आदेशों की अनदेखी नहीं कर सकते। उन्होंने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से इस मुद्दे पर निर्णय लेने की समय सीमा के बारे में शीर्ष अदालत को अवगत कराने को कहा। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि अयोग्यता याचिकाओं पर फैसला अगले विधानसभा चुनाव से पहले लेना होगा, नहीं तो पूरी प्रक्रिया निरर्थक हो जाएगी। पीठ ने कहा कि यदि वह विधानसभा अध्यक्ष की समय सीमा से संतुष्ट नहीं होती, तो वह निर्देश देगी कि निर्णय दो महीने के भीतर लिया जाए। मुख्य न्यायाधीश की अगुवाई वाली इस



पीठ ने कहा, भारत के संविधान के विपरीत फैसला होने पर इस अदालत की व्यवस्था को माना जाना चाहिए। बेंच ने संकेत दिया कि वह याचिका पर सोमवार या मंगलवार को सुनवाई कर सकती है। मालूम हो कि सर्वोच्च न्यायालय ने बीते 18 सितंबर को महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष को निर्देश दिया था कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे व अन्य विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर फैसले के लिए समय सीमा बताएं। लेकिन इस मुद्दे पर पत्रकारों से विधानसभा अध्यक्ष ने कहा था कि उचित समय पर निर्णय लेंगे। इनके इस कहे से टाल मटोल करते हुए लंबा खींचते जाने का संकेत जा रहा है।

## सिंधिया के रास चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने 2020 में मध्य प्रदेश से राज्यसभा के लिए ज्योतिरादित्य सिंधिया के चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। जस्टिस हृषिकेश रॉय और जस्टिस संजय करोल की पीठ ने कहा कि मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के उस आदेश के खिलाफ कांग्रेस नेता गोविंद सिंह की याचिका में हस्तक्षेप का कोई मामला नहीं बनता है। गोविंद सिंह ने 19 जून, 2020 को हुए सिंधिया की उम्मीदवारी को इस आधार पर चुनौती दी थी कि शपथ पत्र के साथ नामांकन पत्र जमा करते समय उन्होंने भोपाल में दर्ज एफआईआर के संबंध में जानकारी का खुलासा नहीं किया था। यह तर्क दिया गया कि सिंधिया ने अपने नामांकन पत्र में एफआईआर का खुलासा न कर तथ्यों को छुपाया जो धोखाधड़ी और भ्रष्ट आचरण के बराबर है और उनके चुनाव को शून्य घोषित किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत के समक्ष दायर याचिका में तर्क दिया गया कि हाई कोर्ट ने चुनाव याचिका की समीक्षा करने से इसलिए इनकार कर दिया था कि केवल एफआईआर दर्ज करना एक 'लंबित आपराधिक मामला' नहीं बनता है जिसका खुलासा नामांकन पत्रों में किया जा सके। सिंधिया ने हाईकोर्ट में कहा था कि उनके खिलाफ कोई आपराधिक केस नहीं है और तर्क दिया था कि केवल एफआईआर दर्ज कर लेने से अपराध साबित नहीं हो जाता।

## 2023 वैश्विक भूख सूचकांक — भारत 111वें स्थान पर

# सरकार ने रिपोर्ट को बताया 'त्रुटिपूर्ण'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत 2023 ग्लोबल हंगर इंडेक्स (जीएचआई) में 125 देशों में से 111वें स्थान पर है, जो पिछले साल से चार स्थान फिसल गया है। हालांकि, सरकार ने रिपोर्ट को त्रुटिपूर्ण और गलत बताते हुए खारिज कर दिया है। आयरलैंड और जर्मनी के गैर-सरकारी संगठनों क्रमशः कंसर्न वर्ल्डवाइड और वेल्ट हंगर हिल्फे द्वारा गुरुवार को जारी वैश्विक रिपोर्ट में कहा गया है, 2023 ग्लोबल हंगर इंडेक्स में 28.7 अंक के साथ, भारत में भूखे रहने वालों का स्तर गंभीर है। 2022 में भारत 125 देशों में से 107वें स्थान पर था।

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने एक बयान में दावों का



खंडन किया और कहा कि सूचकांक भूख का एक त्रुटिपूर्ण माप बना हुआ है और भारत की वास्तविक स्थिति को प्रतिबिंबित नहीं करता है।

जीएचआई रिपोर्ट में पाकिस्तान को 102वें, बांग्लादेश को 81वें, नेपाल को 69वें और श्रीलंका को 60वें स्थान पर रखा गया है। दक्षिण एशिया और उप-सहारा अफ्रीका सबसे अधिक भूख स्तर वाले क्षेत्र थे।

मंत्रालय ने कहा, सूचकांक भूख का एक गलत माप है और गंभीर पद्धतिगत मुद्दों से ग्रस्त है। सूचकांक की गणना के लिए उपयोग किए जाने वाले चार संकेतकों में से तीन बच्चों के स्वास्थ्य से संबंधित हैं और पूरी आबादी का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकते।

इसमें कहा गया है, चौथा और सबसे महत्वपूर्ण संकेतक 'कुपोषित (पीओयू) आबादी का अनुपात' 3,000 के बहुत छोटे नमूना आकार पर किए गए एक जनमत सर्वेक्षण पर आधारित है। इस बीच, रिपोर्ट में भारत को दुनिया की सबसे अधिक 18.7 प्रतिशत बाल कमजोरी दर के साथ गिना गया है, जो तीव्र कुपोषण का संकेत देता है।

भारत में अल्पपोषण की दर 16.6 प्रतिशत और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर 3.1 प्रतिशत है।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 15 से 24 वर्ष की आयु की महिलाओं में एनीमिया की व्यापकता 58.1 प्रतिशत है।

### संजय सिंह की न्यायिक हिरासत 14 दिन और बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को शराब घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उनकी तीन दिन की ईडी हिरासत की अवधि समाप्त होने पर उन्हें राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल के समक्ष पेश किया गया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद जज ने उन्हें 27 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सिंह ने शुक्रवार को ही अपनी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती देते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया। हाईकोर्ट सिंह की याचिका पर शुक्रवार को ही सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया जब उनके वकील ने मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति संजीव नरूला की खंडपीठ के समक्ष मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने का उल्लेख किया।

## FILMY हलचल

### विक्की कौशल ने अपनी फिल्म 'सैम बहादुर' का टीजर वीडियो शेयर किया





**अभिनेता** विक्की कौशल पिछले कुछ महीनों से अपनी आगामी फिल्म सैम बहादुर को लेकर चर्चा में हैं। फैंस भी विक्की की फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वह अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इस फिल्म से जुड़ी अपडेट्स शेयर करते रहते हैं। अब उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का टीजर वीडियो शेयर किया है। इसके साथ ही उन्होंने इस फिल्म की तैयारी का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर अपने फैंस को दिखाया। कल विक्की ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर 'सैम बहादुर' का फर्स्ट लुक शेयर किया था, जिसे दर्शकों से काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। लोगों ने उनके लुक पर कमेंट किए और दिलचस्पी दिखाई। अब विक्की कौशल ने टीजर वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। टीजर में विक्की कौशल फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ की भूमिका में नजर आ रहे हैं। इस रोल के लिए विक्की ने इतनी मेहनत की है। यह साफ दिख रहा है कि उनके डायलॉग्स और बॉडी लैंग्वेज परफेक्ट हैं।

### अभिनेत्री भैरवी वैद्य का निधन



**अभिनेत्री** भैरवी वैद्य का निधन हो गया है। उन्होंने 67 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। करीब 45 साल से फिल्म इंडस्ट्री में काम कर रहीं भैरवी अब तक कई हिंदी व गुजराती सीरियल और फिल्मों में काम कर चुकी हैं। वह पिछले छह महीने से कैंसर से लड़ रही थीं। इस बीच जानकारी सामने आई है कि उनकी मौत 8 अक्टूबर को हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, भैरवी पिछले 6 महीने से कैंसर से पीड़ित थीं। प्रतीक गांधी ने भैरवी वैद्य के साथ पुरानी यादें ताजा कीं। उन्होंने कहा, 'मुझे फिल्म ''वेंटिलेटर'' में उनके साथ काम करने का मौका मिला। हमारे बीच अच्छी बॉन्डिंग थी। वह बहुत प्यारी थी। मैं उनका मुस्कुराता हुआ चेहरा कभी नहीं भूल सकता।'

### प्रभास की फिल्म से डर रहे हैं शाहरुख खान






**बॉक्स ऑफिस** पर इस वक्त धमाल देखने को मिल रहा है। साल के अंत तक कई बड़े बजट की फिल्में दर्शकों के सामने आने के लिए तैयार हो रही हैं। शाहरुख खान की 'डंकी' से लेकर प्रभास की 'सालार' और रणबीर कपूर की 'एनिमल' तक कई बड़ी फिल्में आने वाली हैं। वहीं, प्रभास की फिल्म 'सालार' की सीधी टक्कर शाहरुख खान की 'डंकी' से हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शाहरुख खान अपनी फिल्म 'डंकी' को लेकर बड़ा फैसला लेने की तैयारी में हैं। संभावना है कि शाहरुख अपनी फिल्म रिलीज में देरी कर सकते हैं। फिल्म ट्रेड विश्लेषकों ने भी राय जताई है कि अगर दो बड़ी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर टकराएंगी तो भारी नुकसान होगा। इसीलिए शाहरुख खान 'सालार' से सीधे मुकाबले से बचने के लिए अपनी फिल्म 'डंकी' की रिलीज में देरी कर सकते हैं। राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित शाहरुख खान की 'डंकी' दिसंबर 2023 की बजाय अगले साल की शुरूआत यानी 2024 में रिलीज हो सकती है। इससे दो बड़े बजट की फिल्मों से सीधी टक्कर भी नहीं होगी और नए साल में एक बार फिर शाहरुख खान का जादू देखने को मिलेगा। शाहरुख खान की फिल्म 'पठान' ने साल 2023 की धमाकेदार शुरूआत की है। ऐसे में नए साल में भी उनकी फिल्म से उम्मीदें हैं। हालांकि, फिल्म की रिलीज टालने को लेकर शाहरुख खान, रेड चिलीज एंटरटेनमेंट या राजकुमार हिरानी की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। मीडिया रिपोर्ट्स में यह भी कहा जा रहा है कि यह घोषणा जल्द ही हो सकती है। शाहरुख खान की 'डंकी' और प्रभास की 'सालार' 22 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होंगी। दोनों फिल्मों की रिलीज का ऐलान पहले ही हो चुका है।

## गागर में सागर

### औंधे मुंह गिरा बाजार, खुलते ही सेंसेक्स 350 अंक से ज्यादा डाउन



**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार ने सप्ताह के अंतिम दिन शुक्रवार को कारोबार की खराब शुरूआत की। बाजार में कारोबार की शुरूआत होते ही दोनों प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़क गए। आज के कारोबार में आईटी शेयरों में भारी गिरावट देखी जा रही है। सेंसेक्स ने करीब 360 अंक के नुकसान के साथ कारोबार की शुरूआत की। हालांकि चंद मिनटों के कारोबार में बाजार ने गिरावट को थामने का प्रयास दिखाया। सुबह के 9 बजकर 20 मिनट पर सेंसेक्स करीब 315 अंक के घाटे के साथ 66,100 अंक से नीचे कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी करीब 80 अंक गिरकर 19,715 अंक के पास था। घरेलू बाजार पर आज प्री-ओपन सेशन से दबाव बना हुआ है। प्री-ओपन सेशन में सेंसेक्स 375 अंक के घाटे में था, जबकि निफ्टी करीब 140 अंक लुढ़ककर कारोबार कर रहा था। गिफ्ट सिटी में निफ्टी का वायदा लगभग स्थिर था। इससे संकेत मिल रहा था कि बाजार पर आज कल की तुलना में ज्यादा प्रेशर दिख सकता है और लगातार दूसरे दिन बाजार घाटे में जा सकता है। इससे पहले गुरुवार को बाजार की लगातार दो दिनों की तेजी पर ब्रेक लग गया था। सेंसेक्स करीब 65 अंक के नुकसान में 66,400 अंक के पास बंद हुआ था, जबकि निफ्टी 19,800 अंक से नीचे गिरकर बंद हुआ था।

### रिजर्व बैंक ने दिया पेटीएम पेमेंट्स बैंक को झटका, लगाया 5.39 करोड़ रुपये का जुर्माना

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड पर अपने ग्राहक को जानो या 'नो योर कस्टमर' (केवाईसी) नियमों समेत कुछ प्रावधानों का पालन नहीं करने पर 5.39 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। देश के सेंट्रल बैंक ने आज यह जानकारी दी है। रिजर्व बैंक ने पाया कि पेमेंट्स बैंकों को लाइसेंस देने के लिए आरबीआई की गाइडलाइंस, बैंकों में साइबर सेफ्टी फ्रेमवर्क और यूपीआई इकोसिस्टम सहित मोबाइल बैंकिंग एप्लीकेशन्स को सुरक्षित करने से संबंधित कुछ प्रावधानों का पूरी तरह से पालन करने में कुछ खामियां रहीं। आधिकारिक बयान के मुताबिक, बैंक की केवाईसी/एंटी मनी लॉन्ड्रिंग के नजरिए से एक स्पेशल जांच की गई और आरबीआई द्वारा चुने गए ऑडिटर्स ने बैंक का व्यापक ऑडिट किया। आरबीआई के बयान के मुताबिक रिपोर्ट का निरीक्षण करने के बाद पाया गया कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक पेमेंट सर्विसेज प्रदान करने के लिए शामिल संस्थाओं के बारे में बेनेफिशयरीज को नहीं पहचान सका। बयान में कहा गया कि बैंक ने पेमेंट ट्रांजेक्शन्स की निगरानी नहीं की और पेमेंट सर्विसेज का फायदा उठाने वाली संस्थाओं के रिस्क का निर्धारण नहीं किया। केंद्रीय बैंक ने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक ने पेमेंट सर्विसेज का फायदा ले रहे कुछ कस्टमर के एडवांस अकाउंट्स में दिन के आखिर में बैलेंस रकम की रेगुलेटरी लिमिट का उल्लंघन किया।

### सैमसंग का भारत में रेवेन्यू एक लाख करोड़ के करीब पहुंचा

**नई दिल्ली।** कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और अप्लायंसेज बनाने वाली दक्षिण कोरिया की दिग्गज कंपनी सैमसंग भारत में एक लाख करोड़ रुपए के सालाना रेवेन्यू के करीब पहुंच गई है। कंपनी ने 27 साल पहले भारत में अपना ऑपरेशन शुरू किया था। सैमसंग के पूर्ण स्वामित्व वाली सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड की 2022-23 में कुल इनकम 98,924 करोड़ रुपए रही। कंपनी ने हाल में रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज को दी गई जानकारी में यह जानकारी दी है। सैमसंग इंडिया की फाइनेंशियल ईयर 2023 में सेल दिग्गज एफएमसीजी कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड से 65 फीसदी और आईटीसी लिमिटेड से 35 फीसदी ज्यादा है। सैमसंग इंडिया की सेल में फाइनेंशियल ईयर में 2023 में 16 फीसदी की तेजी आई जबकि इसका नेट प्रॉफिट गिरकर 3,452 करोड़ रुपए रहा। फाइनेंशियल ईयर 2021-22 में यह 3,844 करोड़ रुपए रहा था। पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही से स्मार्टफोन, टेलीविजन और हाउसहोल्ड अप्लायंसेज की डिमांड में गिरावट आई है। कंपनी ने आरओसी फाइलिंग में फाइनेंशियल ईयर 2023 की अर्निंग परफॉरमेंस के कारणों के बारे में नहीं बताया है। इस बारे में सैमसंग इंडिया को भेजे गए ईमेल का कोई जवाब नहीं आया। लगातार दूसरे साल सैमसंग इंडिया के प्रॉफिट में गिरावट आई है। सैमसंग देश की सबसे बड़ी मोबाइल कंपनी है। फाइनेंशियल ईयर 2023 में कंपनी का मोबाइल फोन बिजनेस से रेवेन्यू 70,292 करोड़ रुपए रहा। यह आईटीसी (70,251 करोड़) और एचयूएल (59,144 करोड़) के स्टैंडअलोन रेवेन्यू से अधिक है।

### आईटी कंपनियों में गई हजारों लोगों की नौकरियां

# पिछले छह महीने से बिगड़ा हुआ है हाल

**एजेंसी। नई दिल्ली**



आईटी सेक्टर रोजगार देने के मामले में सबसे प्रमुख क्षेत्रों में एक गिना जाता रहा है। हालांकि अभी आईटी सेक्टर के हालात ठीक नहीं चल रहे हैं। बीते छह महीने के दौरान इस सेक्टर में काफी लोगों की नौकरियां गई हैं और आने वाले कुछ महीने तक हालात में सुधार के संकेत भी नहीं दिखाई दे रहे हैं। आईटी सेक्टर की कंपनियों ने जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए रिजल्ट का ऐलान शुरू कर दिया है। इसकी शुरूआत देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टीसीएस ने इसी सप्ताह की। उसके बाद इंफोसिस और एचसीएल टेक भी सितंबर तिमाही के लिए वित्तीय परिणाम जारी कर चुकी है। तीनों टॉप आईटी कंपनियों के रिजल्ट का आकलन करने से आईटी सेक्टर में जॉब के प्रोस्पेक्ट के बारे में पता चलता है। आईटी सेक्टर में रोजगार के मामले में हाल अप्रैल-जून तिमाही से बिगड़ा हुआ है। तीनों टॉप आईटी कंपनियों के वित्तीय परिणामों का विश्लेषण बताता है कि पिछले छह महीने के दौरान इन कंपनियों में हजारों लोगों की नौकरियां गई हैं। बीते छह महीने के दौरान तीनों टॉप आईटी कंपनियों की कर्मचारियों की कुल संख्या में करीब 25 हजार की कमी आई है। इसके मुख्य कारण कंपनियों के द्वारा अपनाए जा रहे लागत बचाने के उपाय, खाली जगहों के लिए लोग नहीं मिल पाने और हायरिंग में कमी बताए जा रहे हैं। सबसे बड़ी आईटी कंपनी टीसीएस ने इस सप्ताह बुधवार को परिणाम जारी किया। कंपनी के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी मिलिंद लक्कड़ ने बताया कि सितंबर तिमाही में कंपनी के कुल कर्मचारियों की संख्या में करीब 6000 की कमी आई है। उन्होंने आशंका जताई कि आने वाले महीनों में भी कर्मचारियों की कुल संख्या इसी तरह से कम हो सकती हैं।

## सितंबर में घरेलू एयर पैसेंजर्स की संख्या में जबरदस्त बढ़ोत्तरी




**एजेंसी। नई दिल्ली**

नागर विमानन महानिदेशालय ने गुरुवार को सितंबर 2023 के घरेलू एयर ट्रैफिक के आंकड़े जारी कर दिए हैं। इस दौरान घरेलू यात्रा करने वाले पैसेंजर्स की संख्या में सालाना आधार पर 18.13 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई है और पिछले महीने कुल 1.23 करोड़ यात्रियों ने घरेलू हवाई यात्रा की है। डीजीसीए के डाटा के मुताबिक जनवरी से सितंबर 2023 के बीच घरेलू एयर ट्रैफिक में 29.1 फीसदी तक की बढ़त दर्ज की गई है और कुल 11.28 करोड़ यात्रियों ने इस दौरान यात्रा की है। ध्यान देने वाली बात ये है कि अगर अगस्त 2023 के डाटा की बात करें तो इस दौरान कुल 1.24 करोड़ यात्रियों ने हवाई सेवा का लाभ लिया था, जो सितंबर 2023 में घटकर 1.23 करोड़ हो गया है। ध्यान देने वाली बात ये है कि भारत में हवाई यात्रियों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। सितंबर 2019 में घरेलू हवाई यात्रा करने वालों की संख्या 1.15 करोड़ थी। घरेलू मार्केट की सबसे बड़ी एयरलाइंस इंडिगो का दबदबा अभी भी बरकरार है। सितंबर में एयरलाइंस के मार्केट शेयर में 10 बेसिस प्वाइंट्स की बढ़ोतरी हुई है और यह बढ़कर 63.4 फीसदी तक पहुंच गया है। अगस्त में इसका मार्केट शेयर 63.13 फीसदी था। इस दौरान एयरलाइंस ने कुल 77.70 लाख पैसेंजर्स को अपने डेस्टिनेशन तक पहुंचाया है। ध्यान देने वाली बात ये है कि मई में गो फर्स्ट के ऑपरेशन बंद होने के बाद से ही लगातार इंडिगो के मार्केट शेयर में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है।

### इंफोसिस ने जारी किया 18 रुपये का डिविडेंड

## 138 करोड़ रुपये बढ़ी ऋषि सुनक की पत्नी अक्षता मूर्ति की संपत्ति

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय आईटी सेक्टर की प्रमुख कंपनी में से एक इंफोसिस ने वित्त वर्ष 2023-24 के दूसरी तिमाही का रिजल्ट घोषित कर दिया है। कंपनी ने दूसरी तिमाही के दौरान योग्य शेयधारकों को 18 रुपये प्रति शेयर पर अंतरिम डिविडेंड जारी किया है। इंफोसिस ने एलान किया कि 25 अक्टूबर 2023 डिविडेंड का रिकॉर्ड डेट होगा। कंपनी के डिविडेंड एलान के बाद बिट्रेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की पत्नी अक्षता मूर्ति की नेटवर्थ साल 2023 में करीब 138 करोड़ रुपये बढ़ने की संभावना है। शेयरहोल्डर्स पैटर्न के मुताबिक, ऋषि सुनक की पत्नी अक्षता मूर्ति इंफोसिस में एक बड़ी प्रमोटर में से एक हैं। ऋषि सुनक के पास 3,89,57,096 इंफोसिस के शेयर हैं। इतना शेयर कंपनी के 1.05 फीसदी की हिस्सेदारी है। ऐसे में 18 रुपये का डेविंडेड प्रति शेयरों पर इनकी संपत्ति में 70 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है। 2023 के पहले तिमाही में जारी हुए रिजल्ट में 17.50 रुपये प्रति शेयर का डिविडेंड जारी किया गया था। इंफोसिस शेयर 2 जून 2023 को 17.50 रुपये का अंतरिम डिविडेंड जारी करने के बाद एक्स डिविडेंड पर ट्रेड कर रहे थे। इस दौरान अक्षता मूर्ति की संपत्ति में 68 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ था। इसी तरह अब 18 रुपये प्रति शेयर का डिविडेंड जारी किया गया है। ऐसे में पूरी संभावना है कि अक्षता मूर्ति की संपत्ति 70 करोड़ रुपये से ज्यादा बढ़ेगी यानी कि साल 2023 में 138 करोड़ रुपये बढ़ने की संभावना है।

### देश का निर्यात सितंबर में 2.6% घटकर 34.47 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** देश का निर्यात इस साल सितंबर में 2.6 प्रतिशत घटकर 34.47 अरब डॉलर रहा। पिछले साल इसी महीने में निर्यात 35.39 अरब डॉलर था। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार सितंबर में आयात भी 15 प्रतिशत घटकर 53.84 अरब डॉलर रहा। पिछले साल इसी महीने में यह 63.37 अरब डॉलर था। इससे व्यापार घाटा सितंबर 2023 में 19.37 अरब डॉलर रहा। चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-सितंबर के दौरान निर्यात 8.77 प्रतिशत घटकर 211.4 अरब डॉलर रहा। वहीं इन छह महीनों में आयात 12.23 प्रतिशत गिरकर 326.98 अरब डॉलर रहा। इस बीच, वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा, ह्यह्यभारत-ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत जारी है और हम मतभेदों को दूर कर रहे हैं।

# विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष भारत की अर्थव्यवस्था होगी बढ़ोत्तरी

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**



इस विश्व दृष्टि दिवस पर जारी किया गया नवीन शोध यह स्पष्ट करता है कि दृष्टि हानि से बचाव के परिणामस्वरूप भारत की अर्थव्यवस्था में प्रति वर्ष 27 बिलियन अमेरिकी डॉलर (2.2 ट्रिलियन रु.) का इजाफा होगा। लव योर आइज कैंपेन इस बात पर प्रकाश डालने के लिए आँकड़ें जारी कर रहा है कि बेहतर नेत्र स्वास्थ्य आखिर उत्पादकता को किस प्रकार बढ़ावा देता है। साथ ही, यह बिजनेस लीडर्स से आग्रह कर रहा है कि इस विश्व दृष्टि दिवस वे कार्यस्थल के स्वास्थ्य एजेंडा में नेत्र स्वास्थ्य को शामिल करें। उक्त अध्ययन इंटरनेशनल एजेंसी फॉर प्रिवेंशन ऑफ ब्लाइंडनेस (आईएपीबी) और जॉन्स हॉपकिन्स के प्रोफेसर केविन फ्रिक द्वारा किया गया। इसके तहत 50 से अधिक उम्र के लोगों के बीच दृष्टि हानि से बचाव की लागत की गणना की गई। इस अध्ययन में सभी देशों की तुलना में भारत में तीसरी सबसे अधिक संभावित बचत दर्ज की गई। जैसे-जैसे टेक्नोलॉजी के चलते काम करने के तौर-तरीकों में बदलाव देखने को मिल रहे हैं, इसके फलस्वरूप भविष्य की अर्थव्यवस्था के तहत सेवा उद्योगों और कार्यालय-आधारित नौकरियों के वर्चस्व में भी तेजी से इजाफा होगा, जिसमें लंबे समय तक स्क्रीन का उपयोग शामिल होगा। यदि उचित सावधानियाँ न बरती जाएँ, तो यह आँखों पर तनाव का बड़ा कारण बन सकता है और इसकी वजह से आँखों के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। ग्लोबल आई हेल्थ पर लैंसेट ग्लोबल हेल्थ कमीशन के अनुसार, दृष्टि हानि से वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रति वर्ष 411 बिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान होता है। अनुमान है कि दृष्टि हानि वाले 30% लोगों को रोजगार की कमी का सामना करना पड़ता है। इसकी वजह से महिलाएँ, ग्रामीण समुदायों के लोग और विभिन्न जातियों के अल्पसंख्यक समूह सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। हालाँकि, समय पर इसका पता चलने और उचित उपचार के माध्यम से दृष्टि हानि का 90% तक बचाव किया जा सकता है। भारत में वर्तमान में 7 करोड़ लोग दृष्टिबाधित हैं। आँखों की स्थितियों, जिनमें मोतियाबिंद और मायोपिया शामिल हैं, का शीघ्र पता लगाना और उपचार के साथ दृष्टि हानि को रोकना एक व्यापक माँग है, जो कि आजीविका की रक्षा करने और व्यवसायों को पनपने देने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

## विदेश

### ईरान की खुली धमकी, 'गाजा पर बमबारी बंद नहीं हुई तो...'

# इजरायल को बर्बाद करने के लिए तैयार किया15 प्वाइंट का प्लान

**एजेंसी। तेहरान**



इजरायली सेना ने हवाई हमलों से हमास शासित गाजा पट्टी को तबाह कर दिया। इजराइल ने कहा कि शनिवार को इजराइल में एक अप्रत्याशित अप्रत्याशित हमले के दौरान हमास द्वारा बंदी बनाए गए लगभग 150 बंधकों की रिहाई तक गाजा में कुछ भी अनुमति नहीं दी जाएगी, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए थे। वहीं अब इस बीच ईरान ने इजरायल को खुली धमकी दी है कि अगर गाजा पर बमबारी बंद नहीं की तो अन्य मोर्चों पर युद्ध होगा। ईरान ने इजरायल को धमकी दी है ईरान ने कहा है कि अगर इजरायल ने गाजा पर जारी हमले बंद नहीं किए तो अन्य मोर्चे पर युद्ध शुरू हो सकता है। इतना ही नहीं आतंकी संगठन हमास ने भी इसराइल को धमकी देते हुए कहा कि हमने इसराइल को बर्बाद करने के लिए 15 प्वाइंट का प्लान तैयार किया है, हमला ऐसा होगा इसराइल ने सपने में भी नहीं सोचा होगा। इसके अलावा संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि इजराइल ने उत्तरी गाजा में 1.1 मिलियन लोगों को निकालने का आदेश दिया है। व्हाइट हाउस ने गुरुवार को कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका अपने नागरिकों को इजराइल से निकालने के लिए चार्टर उड़ानों की व्यवस्था करेगा। फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के हमलों में अब तक 27 अमेरिकी नागरिकों की मौत हो चुकी है और 14 लापता है। बता दें कि 7 अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमले के बाद इजराइल से अपने नागरिकों को निकालने वाला भारत पहला देश है। गौरतलब है कि फिलिस्तीन के संगठन हमास ने बिते शनिवार को इजरायल पर भीषण हमला कर दिया था। इन हमलों में अब तक इजरायल में 1200 लोगों की मौत हो गई है।

### खून से लाल हुई गाजा की धरती, मुर्दाघर में भी नहीं मिल रही लाशों को रखने की जगह

**युरूशलम।** इजरायली सेना ने हवाई हमलों से हमास शासित गाजा पट्टी को तबाह कर दिया और संभावित जमीनी हमले से पहले गुरुवार को भोजन, पानी, ईंधन और बिजली की आपूर्ति को बंद कर दिया है क्योंकि फिलिस्तीनियों ने आपूर्ति पर स्टॉक करने की कोशिश की। इजराइल ने कहा कि शनिवार को इजराइल में एक अप्रत्याशित अप्रत्याशित हमले के दौरान हमास द्वारा बंदी बनाए गए लगभग 150 बंधकों की रिहाई तक गाजा में कुछ भी अनुमति नहीं दी जाएगी, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए थे। इजरायल सेना ने हमास पर हमला करते हुए 1537 लोगों को मौत के घाट उतार दिया है।

### खुल गई खालिस्तानी आतंकी पन्नू की पोल

## फिलिस्तीन पर हुआ दयावान

**एजेंसी। तेल अवीव**



फिलहाल दुनियाभर में फिलिस्तीन-इजराइल के बीच छिड़ी हुई जंग को लेकर प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। चारों तरफ से इजराइल को समर्थन मिलता दिखा क्योंकि फिलिस्तीन के आतंकी संगठन हमास ने गाजा में अचानक हमला बोला था, जिससे सैंकड़ों लोगों की जान चली गई और कईयों को बंदूक की नोक पर अगवा कर लिया गया। इस बीच कुख्यात खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की भी बड़ी पोल खुल गई है। दरअसल, पन्नू ने एक और वीडियो जारी किया है, जिसमें वह सरेआम आतंकी संगठन हमास का समर्थन करते हुए नजर आ रहा है। खुद को आतंकी नहीं मानने वाला पन्नू इजराइल के खिलाफ ही नहीं, बल्कि भारत के खिलाफ भी जहर उगल रहा है। भारत ने इजराइल का समर्थन किया। इजराइल पर हुए अचानक हमले में कई अन्य देशों के नागरिक भी जान गंवा बैठे, लेकिन खालिस्तान को बढ़ावा देने वाले पन्नू का मानना है कि फिलिस्तीन ने जो किया वो सही है। वीडियो में आप देख सकते हैं कि कैसे पन्नू फिलिस्तीन का समर्थन करने के लिए अपने साथियों को आग्रह कर रहा है।

## पेज एक के शेष

### सुरक्षा के...

है तो उसके खिलाफ त्वरित कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि नदियों- तालाबों और अन्य जलाशय को स्वच्छ रखना आज बहुत बड़ी चुनौती है। नदियों का प्रदूषण स्तर बढ़ना काफी खतरनाक है। ऐसे में पूजा को स्वच्छता अभियान से जोड़ने की पहल करें और इसके लिए सभी पूजा समितियां से सहमति बनाने का प्रयास करें।

इस मौके पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, डीजी फायर सर्विसेज अनिल पाल्टा, डीजी सीआईडी अनुराग गुप्ता, सचिव अमिताभ कौशल, सचिव अबु बकर सिद्दीक, एडीजी अभियान संजय आनंद लाटकर, आईजी ऑपरेशन होमकर अमोल विणुकान्त, आईजी स्पेशल ब्रांच प्रभात कुमार और आईजी सीआईडी असीम विक्रांत मिंज तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक मौजूद थे।

### चाईबासा में ...

बताया कि 10 अक्टूबर से गोईलकेरा थाना क्षेत्र के कुईडा, छोटा कुईडा, मारादिरी, मेरालगड़ा, हाथीबुरू, तिलयबेड़ा, बोयपाई, ससांग, कटम्बा, बायहातु, बोरोय के सीमावर्ती क्षेत्र तथा टोंटो थाना क्षेत्र के हुसिपी, राजाबासा, तुम्बाहाका, रेगड़ा, गोबुरु के सीमावर्ती क्षेत्र में संयुक्त सर्च अभियान शुरू किया गया था। गुरुवार रात गोईलकेरा थाना क्षेत्र के मारादिरी के आसपास जंगल और पहाड़ी इलाकों में यह सफलता मिली। एसपी ने कहा कि नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है। इस अभियान में चाईबासा पुलिस, झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ 157, 60, के अलावा बम निरोधक दस्ता, सीआरपीएफ 157 और 60 बटालियन के जवान शामिल है। कोल्हान के जंगल में एक करोड़ रुपये के इनामी नक्सली मिसिर बेसरा समेत कई बड़े नक्सली सक्रिय हैं। इनके खिलाफ अभियान तेज किया गया है।

### ईडी के ...

समन के खिलाफ हाईकोर्ट में रिट दायर किया था। इसमें समन को कानून के खिलाफ बताया गया था और पीएमएलए एक्ट की विभिन्न धाराओं की वैधता को भी चुनौती दी गयी थी। इसके पहले सोरेन सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, लेकिन कोर्ट ने इसे एंटरटेन करने के बजाय उन्हें पहले हाईकोर्ट जाने को कहा था।

### गुरूजी ऐप से...

लेकर स्कूलों में तैयारी शुरू कर दी गई है। स्मार्ट क्लास के साथ-साथ बच्चों को इस ऐप के माध्यम से मिलने वाली शिक्षा को लाभप्रद होगा। इसके बारे में बताते हुए जगन्नाथपुर मध्य विद्यालय के शिक्षक ओम प्रकाश सिन्हा कहते हैं कि सरकारी स्कूलों में आमतौर पर आर्थिक रूप से कमजोर बच्चे पढ़ाई करते हैं, ऐसे में फ्री डिजिटल कंटेंट के साथ मिलने वाला यह सुविधा काफी लाभदायक होगा। इस ऐप में इस तरह की व्यवस्था की गई है कि बच्चों को सेल्फ स्टडी करने में कोई कठिनाई नहीं होगी। स्मार्ट क्लास के बाद सरकारी स्कूलों के बच्चे अब इस ऐप के माध्यम से शिक्षा ग्रहण करने वाले हैं। सरकार को उम्मीद है कि निजी स्कूलों के तर्ज पर सरकारी स्कूलों के बच्चे भी हाईटेक माध्यम से शिक्षा लेकर निश्चित रूप से आगे बढ़ेंगे।

### कार्रवाई — हमास के आतंकवादी गाजा सिटी के सुरंगों में छिपे रहने की जानकारी

# इजराइली सेना ने नागरिकों से गाजा सिटी खाली करने दिया आदेश

**एजेंसी। युरूशलम**



**संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि इजराइल ने एक व्यापक निकासी आदेश जारी किया है**

इजराइल की सेना ने गाजा सिटी में रहने वाले हजारों लोगों को वहां से चले जाने का शुक्रवार को निर्देश दिया, जिससे बाद क्षेत्र में इजराइल की ओर से जमीनी कार्रवाई किए जाने की आशंका तेज हो गई है। इन निदेशों के बीच संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि उसे उत्तरी गाजा में रहने वाले 11 लाख लोगों को 24 घंटे के भीतर वहां से सुरक्षित निकालने की चेतावनी इजराइल से मिली है। फलस्तीनी आतंकवादी समूह हमास ने शनिवार को इजराइल पर ताबड़तोड़ हवाई हमले किए थे, जिसके जवाब में इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने हमास के मुख्य ठिकानों को निशाना बनाकर कार्रवाई की है। संघर्ष का आज सातवां दिन है। इजराइली सेना के इस आदेश में गाजा सिटी के नागरिकों को गाजा पट्टी में सुदूर दक्षिण की ओर जाने के लिए कहा गया है। इजराइल ने अपने निर्देश में आरोप लगाया है कि हमास के आतंकवादी गाजा सिटी में सुरंगों में छिपे हुए हैं। गाजा सिटी में संयुक्त राष्ट्र फलस्तीनी शरणार्थी एजेंसी की अधिकारी इनास हमदान ने कहा, पूरी तरह अराजकता का माहौल है, किसी को नहीं पता कि करना क्या है।" उन्होंने कहा कि गाजा सिटी और उत्तरी गाजा में संयुक्त राष्ट्र के सभी कर्मचारियों को राफा के दक्षिण में जाने के लिए कहा गया है। इजराइली सेना ने गाजा सिटी के नागरिकों को भेजे गए संदेश में कहा, यह निकासी आपकी सुरक्षा के लिए है। इस आदेश का निहितार्थ यह हो सकता है कि जमीनी हमले तेज किए जा सकते हैं, हालांकि इजराइल की सेना ने इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी है। बृहस्पतिवार को सेना ने कहा था कि वह जमीनी हमले की तैयारी कर रहा है लेकिन इस संबंध में फिलहाल कोई निर्णय नहीं लिया गया है। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि इजराइल ने एक व्यापक निकासी आदेश जारी किया है जिसमें गाजा की आधी आबादी को 24 घंटे के भीतर क्षेत्र के दक्षिण की ओर जाने के लिए कहा गया है। हालांकि इजराइल की सेना ने व्यापक निकासी आदेश की तत्काल पुष्टि नहीं की है। गाजा के उत्तरी क्षेत्र के लिए व्यापक आदेश संयुक्त राष्ट्र के सभी कर्मचारियों और उन हजारों लोगों पर भी लागू होता है जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र के स्कूलों और अन्य प्रतिष्ठानों में शरण ली हुई है। दुजारिक ने कहा, संयुक्त राष्ट्र का मानना है कि यह असंभव है कि ऐसा अभियान बिना मानवीय त्रासदी के पूरा हो जाए।" उन्होंने कहा, संयुक्त राष्ट्र इस प्रकार के किसी भी आदेश को रद्द करने की अपील करता है ताकि पहले से ही विनाशकारी हालात को और बिगड़ने से रोका जा सके। संयुक्त राष्ट्र के एक अन्य अधिकारी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र इजराइली अधिकारियों से राजनीतिक स्तर पर इस आदेश के संबंध में सच्चाई जानने की कोशिश कर रहा है।




# न्यूजीलैंड ने लगाई जीत की हैट्रिक

## बांग्लादेश को हराकर टॉप पर पहुंची टीम





**एजेंसी। चेन्नई**

वर्ल्ड कप 2023 के 11वें मैच में न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को 8 विकेट से हरा दिया। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बांग्लादेश की टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 245 रन बनाए। कीवी टीम ने 246 रन का टारगेट 42.5 ओवर में हासिल कर लिया। यह उसकी लगातार तीसरी जीत थी। वह अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। बांग्लादेश की ओर से मुश्फिकुर रहीम ने 75 गेंद पर 66 रन बनाए। महमूदुल्लाह 41 रन बनाकर नाबाद रहे। शाकिब अल हसन ने 40 और मेहदी हसन मिराज ने 30 रन बनाए। लॉकी फर्ग्युसन ने 3 विकेट लिए। इसके अलावा ट्रेंट बोल्ट और मैट हेनरी ने 2-2 विकेट लिए। मिचेल सैंटनर और ग्लेन फिलिप्स ने 1-1 विकेट लिए। केन विलियमसन ने इंटरनेशनल क्रिकेट में छह महीने बाद वापसी करते हुए शानदार बल्लेबाजी की। वह 78 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुए। डेरिल मिचेल 89 रन और ग्लेन फिलिप्स 16 रन बनाकर नाबाद रहे। डेवोन कॉन्वे ने 45 रन बनाए। मुस्तफिजुर रहमान और शाकिब अल हसन ने 1-1 विकेट लिए। केन विलियमसन की ओपनर विल यंग की जगह प्लेइंग 11 में आए। बंग्लादेश की टीम में महमूदुल्लाह की महेदी हसन की जगह प्लेइंग 11 में वापसी हुई। कीवी टीम शानदार फॉर्म में है। उसने पहले मैच में इंग्लैंड को हराया। दूसरे मैच में उसने नीदरलैंड्स को पटखनी दी। अब बांग्लादेश को हराया। बांग्लादेश की टीम 3 में से 2 मैच हार चुकी है।

### स्कोर बोर्ड

| बांग्लादेश | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| लिटन कुमार दास | 0 | 1 | 0 | 0 |
| तंजिद हसन | 16 | 17 | 4 | 0 |
| मेहदी हसन मिराज | 30 | 46 | 4 | 0 |
| नजमुल शान्तो | 7 | 8 | 1 | 0 |
| शाकिब अल हसन | 40 | 51 | 3 | 2 |
| मुशफि कुर रहीम | 66 | 75 | 6 | 2 |
| मो. तौहीद हृदोय | 13 | 25 | 0 | 0 |
| महमुदउल्लाह | 41 | 49 | 2 | 2 |
| तस्किन अहमद | 17 | 19 | 0 | 2 |
| मुस्तफि जुर रहमान | 4 | 10 | 0 | 0 |
| शोरिफुल इस्लाम | 2 | 3 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 9, **कुल :** 245/9 (50 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-0, 2-40, 3-56, 4-56, 5-152, 6-175, 7-180, 8-214, 9-225
**गेंदबाजी :** ट्रेंट बोल्ट 10-0-45-2, मैट हेनरी 10-0-58-2, लॉकी फर्ग्युसन 10-0-49-3, मिचेल सैंटनर 10-1-31-1, ग्लेन फि लिप्स 2-0-13-1, रचिन रविंद्र 7-0-37-0, डैरिल मिचेल 1-0-11-0

| न्यूजीलैंड | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डेवन कॉन्वे | 45 | 59 | 3 | 0 |
| रचिन रविंद्र | 9 | 13 | 2 | 0 |
| केन विलियमसन | 78 | 107 | 8 | 1 |
| डैरिल मिचेल | 89 | 67 | 6 | 4 |
| ग्लेन फि लिप्स | 16 | 11 | 1 | 1 |

**अतिरिक्त :** 11, **कुल :** 248/2 (42.5 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-12, 2-92, 2-200*. डीआरएस
**गेंदबाजी :** मुस्तफि जुर रहमान 8-0-36-1, शोरिफुल इस्लाम 7.5-1-43-0, तस्किन अहमद 8-0-56-0, शाकिब अल हसन 10-0-54-1, मेहदी हसन मिराज 9-0-58-0

### वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | नेट प्वाइंट्स | नेट प्वाइंट्स |
|---|---|---|---|---|---|
| न्यूजीलैंड | 3 | 3 | 0 | 6 | +1.604 |
| सा. अफ्रीका | 2 | 2 | 0 | 4 | +2.360 |
| भारत | 2 | 2 | 0 | 4 | +1.500 |
| पाकिस्तान | 2 | 2 | 0 | 4 | +0.927 |
| इंग्लैंड | 2 | 1 | 1 | 2 | +0.553 |
| बांग्लादेश | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.699 |
| श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.161 |
| नीदरलैंड्स | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.800 |
| ऑस्ट्रेलिया | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.846 |
| अफगानिस्तान | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.907 |

# भारत-पाक मैच से पहले होगा जश्न

## अरिजीत सिंह से शंकर महादेवन तक कई सिंगर्स करेंगे परफॉर्म




**एजेंसी। नई दिल्ली**

बीसीसीआई ने आधिकारिक तौर पर घोषणा की है कि सिंगर अरिजीत सिंह भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व कप 2023 के रोमांचक मुकाबले से पहले अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में परफॉर्म करेंगे, जिससे क्रिकेट फैंस का मजा डबल होने वाला है। वर्ल्ड कप 2023 की शुरूआत में कोई ओपनिंग सेरेमनी नहीं हुई थी, लेकिन भारत और पाकिस्तान के महा-मुकाबले से पहले रंगारंग कार्यक्रम होगा और अब इस खबर पर बीसीसीआई ने मोहर भी लगा दी है। इस कार्यक्रम में संगीत की दुनिया के दिग्गज कलाकार शंकर महादेवन और सुखविंदर सिंह का भी नाम शामिल है। बॉलीवुड, राजनीति और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी मशहूर हस्तियों की लंबी लिस्ट भी इस हाई-प्रोफाइल विश्व कप मुकाबले की शोभा बढ़ाते नजर आएंगे। मौजूदा टूर्नामेंट में दोनों टीमों के प्रदर्शन की बात करें तो भारत और पाकिस्तान ने अपने सभी मैचों में जीत हासिल की है। जहां भारत ने अलग-अलग मैदानों पर अपना कौशल दिखाते हुए ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के खिलाफ जीत हासिल की, वहीं पाकिस्तान नीदरलैंड और श्रीलंका के खिलाफ विजयी हुआ। एकदिवसीय विश्व कप मैचों में भारत ने अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ सभी सात मुकाबले जीतकर एक शानदार रिकॉर्ड बनाए रखा है और शनिवार के मैच में भी इसे कायम रखने के इरादे से मैदान में उतरेगा।

# भारत को हराकर फैंस के सामने हीरो बनने का सुनहरा मौका : बाबर आजम



**एजेंसी। अहमदाबाद**

नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आज भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाले हाई वोल्टेज मुकाबले को लेकर चल रहे प्रचार और दबाव के बीच, कप्तान बाबर आजम को लगता है कि यह मैच उनकी टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करके हीरो बनने का सुनहरा मौका है। दुनिया के बेस्ट स्टेडियम में गिने जाने वाले नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत-पाकिस्तान मैच का लुत्फ उठाने करीब 1,32,000 की भारी संख्या में फैंस के आने की उम्मीद है। इस मैच से पहले पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो हां, भारत-पाकिस्तान मैच एक बड़ा मुकाबला है। मैंने टीम से बस यही कहा है कि वो अपना बेस्ट दें। एक खिलाड़ी के रूप में, एक टीम के रूप में यह हमारा विश्वास है और हम इस मैच में अपनी पूरी जान झोंक देंगे।

मुख्य बात हमारी योजनाओं को लागू और खुद पर विश्वास करना है। अहमदाबाद एक बड़ा स्टेडियम है और बहुत सारे प्रशंसक आ रहे हैं। इसलिए, यह हमारे लिए प्रशंसकों के सामने अच्छा प्रदर्शन करने और हीरो बनने का एक सुनहरा अवसर है। वनडे में आमने-सामने के रिकॉर्ड में पाकिस्तान भारत से 73-56 से आगे है। लेकिन जहां तक 50 ओवर के विश्व कप का सवाल है तो कहानी अलग है, क्योंकि भारत ने 1992 से लेकर अब तक अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ सभी सात मुकाबलों में जीत हासिल की है। बाबर आजम ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैं अतीत पर ध्यान केंद्रित नहीं करता। मैं भविष्य पर फोकस करने की कोशिश करता हूं।

### पाक के लिए खतरनाक साबित होंगे कुलदीप यादव : रमीज राजा



**पाक** के पूर्व क्रिकेटर रमीज राजा का मानना है कि बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव पाकिस्तान के बल्लेबाजों को खूब परेशान कर सकते हैं, क्योंकि बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम को स्पिन के खिलाफ संघर्ष करते देखा गया है। भारत के विश्व कप-2023 के शुरूआती मैच में कुलदीप ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार गेंदबाजी की। फिर, अफगानिस्तान के खिलाफ भी वो किफायती नजर आए। इस साल 2023 में भारतीय टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज होने के नाते, उम्मीद है कि वह शनिवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ रोहित शर्मा एंड कंपनी के लिए अहम भूमिका निभाएंगे। रमीज राजा ने कहा, ₹मेरा मानना है कि विराट कोहली सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी होंगे और निश्चित रूप से महत्वपूर्ण प्रदर्शन करेंगे क्योंकि वह उनके खिलाफ शानदार रहे हैं। साथ ही, पाकिस्तान का गेंदबाजी आक्रमण भी कोहली के अनुकूल है।

# तीरंदाजी में डीएवी गांधीनगर की अनुष्का ने जीता राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल सी सी एल गांधीनगर की तीसरी कक्षा की छात्रा अनुष्का तिवारी ने तेरहवीं एन टी पी सी चेरुकेरी लेनिन वोल्गा मिनी अंडर 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के लिए विजयवाड़ा आंध्रप्रदेश में आयोजित अखिल भारतीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में स्वर्णपदक प्राप्त कर झारखंड का नाम रौशन किया है। वहीं इसने पांचवीं एन टी पी सी लेनिन तीरंदाजी के नौ वर्ष के कम आयु वर्ग में व्यक्तिगत स्पर्धा में दो कांस्य पदक भी प्राप्त किये हैं। इसके अलाव पंद्रहवीं झारखंड राज्य तीरंदाजी प्रतियोगिता के 10 मीटर एवं 15 मीटर की स्पर्धा में स्वर्ण के साथ ओवर ऑल स्वर्ण पदक भी प्राप्त किया है । ध्यातव्य हो कि अनुष्का की माता अंकिता तिवारी भी राष्ट्रीय तीरंदाज रही है। उन्होंने राज्य स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर 34 पदक प्राप्त किया है। 12 अक्टूबर को मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन ने दो लाख पचास हजार की राशि देकर इस उभरती तीरंदाज को उत्साह भी बढ़ाया है। छात्रा की इस सफलता पर प्राचार्य एस के सिन्हा ने बच्ची की माता और बच्ची को सम्मानित कर बधाई दी है। विद्यालय के शिक्षकों ने भी उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# भारत-पाक मैच से पहले शुभमन गिल बने 'आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ'



**एजेंसी। दुबई**

भारत के युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को विश्व कप से पहले वनडे मैचों में दबदबा बनाने के बाद सितंबर 2023 के लिए आईसीसी पुरुष खिलाड़ी ऑफ द मंथ चुना गया है। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, शुभमन गिल ने सितंबर के दौरान 80 की औसत से 480 वनडे रन बनाने के बाद पुरस्कार का दावा करने के लिए टीम के साथी मोहम्मद सिराज और इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज डेविड मलान को पीछे छोड़ दिया। युवा खिलाड़ी ने 2023 में शानदार फॉर्म का नजारा दुनिया के सामने रखा, जिससे उन्हें आईसीसी पुरुष वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में भी बढ़त मिली है और अब वो पाकिस्तान के बाबर आजम से कुछ ही अंक पीछे हैं। इस सलामी बल्लेबाज ने एशिया कप में 75.5 की औसत से सर्वाधिक 302 रन बनाए, जिसमें नाबाद 27 रन भी शामिल थे, जिससे भारत ने फाइनल में श्रीलंका को 10 विकेट से हरा दिया। एशिया कप के समापन के बाद गिल एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शृंखला में चमके। उन्होंने मोहाली में 74 रन और इंदौर में 104 रन बनाए। आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुने जाने के बाद शुभमन गिल ने कहा, मुझे सितंबर महीने के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीतकर खुशी हो रही है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करना और टीम के हित में योगदान देना एक बड़ा सौभाग्य है।

# केंट क्रिकेट क्लब के कप्तान नियुक्त हुए डेनियल बेल-ड्रमंड



**लंदन।** केंट ने डेनियल बेल-ड्रमंड को सैम बिलिंग्स के स्थान पर क्लब का कप्तान नियुक्त किया है - हालांकि बिलिंग्स टी20 टीम का नेतृत्व करना जारी रखेंगे। 30 वर्षीय बेल-ड्रमंड, केंट अकादमी से आए और उन्होंने क्लब के लिए सभी प्रारूपों में 369 मैच खेले, उन्होंने बिलिंग्स की अनुपस्थिति में कई मौकों पर टीम की कप्तानी भी की है। पिछले सीजन में, उन्होंने नॉर्थहेम्पटनशायर के खिलाफ करियर की सर्वश्रेष्ठ नाबाद 300 रन की पारी खेली। क्लब का कप्तान नियुक्त किये जाने पर बेल-ड्रमंड ने कहा, मैं सात साल की उम्र से केंट क्रिकेटर रहा हूं; मुझे क्लब बहुत पसंद है।

# खिलाड़ी राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जरूर जीतेंगे : मोदी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री ने अमेठी की स्थानीय सांसद और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी द्वारा अमेठी मे सांसद खेल प्रतियोगिता-2023 के आयोजन के लिए उन्हें बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि अमेठी के भी युवा खिलाड़ी आने वाले वर्षों में राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मेडल जरूर जीतेंगे। अमेठी सांसद खेल प्रतियोगिता के समापन सत्र को वीडियो संदेश के जरिए पीएम संबोधित कर रहे थे। पीएम मोदी ने कहा कि देश में खेलों के लिए ये महीना बड़ा शुभ है। हमारे खिलाड़ियों ने एशियन गेम्स में मेडल की सेंचुरी लगा दी है। इन आयोजनों के बीच अमेठी के खिलाड़ियों ने भी खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। सांसद खेल-कूद प्रतियोगिता में शामिल हुए सभी खिलाड़ियों को वे बधाई देते हैं। इस प्रतियोगिता से आपको जो नई ऊर्जा और आत्मविश्वास मिला है, उसे आप भी महसूस करते होंगे, पूरे क्षेत्र के भी लोग महसूस करते होंगे। पीएम ने कहा कि बीते 25 दिनों में आपको जो अनुभव मिला है, वो आपके स्पोर्टिंग करियर की बहुत बड़ी पूंजी है। वे आज हर उस व्यक्ति को भी बधाई देते हैं, जिसने शिक्षक की भूमिका में, निरीक्षक की भूमिका में, स्कूल एवं कॉलेज के प्रतिनिधि की भूमिका में, इस महा अभियान से जुड़कर इन युवा खिलाड़ियों को समर्थन एवं प्रोत्साहन दिया है। एक लाख से ज्यादा खिलाड़ियों का जुटना, वो भी इतने छोटे से एरिया में यह अपने आप में बहुत बड़ी बात है और इसके लिए वह विशेष रूप से अमेठी की सांसद बहन स्मृति ईरानी को शुभकामना देते हैं, जिन्होंने इस आयोजन को इतना सफल बनाया। प्रधानमंत्री ने भाजपा सांसदों द्वारा चलाए जा रहे अभियान का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा के सैकड़ों सांसदों ने अपने-अपने क्षेत्र में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कर समाज और देश के विकास का नया रास्ता तैयार किया है। इन प्रयासों का परिणाम देश को आने वाले वर्षों में स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। उन्हें विश्वास है कि अमेठी के भी युवा खिलाड़ी आने वाले वर्षों में राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के मेडल जरूर जीतेंगे और इसमें इस प्रतियोगिता से मिला अनुभव भी बहुत काम आएगा। प्रधानमंत्री ने खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का जिक्र करते हुए आगे कहा कि जब कोई खिलाड़ी मैदान में उतरता है तो उसका सिर्फ एक ही लक्ष्य होता है वो कैसे खुद को, अपनी टीम को विजयी बनाए। आज पूरा देश खिलाड़ियों की तरह ही सोच रहा है। खिलाड़ी भी जब खेलते हैं तो राष्ट्र प्रथम की सोच रखते हैं। उस क्षण वो सब कुछ दांव पर लगाकर देश के लिए ही खेलते हैं, इस समय देश भी एक बड़ा लक्ष्य लेकर चल रहा है।

# भारत मिस्र में विश्व कैडेट शतरंज चैम्पियनशिप से हटा

**चेन्नई।** इजराइल-हमास के बीच चल रहे संघर्ष का असर भारतीय शतरंज पर पड़ा है और अखिल भारतीय शतरंज महासंघ ने 14 से 23 अक्टूबर तक मिस्र के शर्म अल शेख में होने वाली विश्व कैडेट शतरंज चैंपियनशिप से हटने की घोषणा की है। एआईसीएफ ने घोषणा की, इजरायल और हमास के बीच गाजा पट्टी में चल रही स्थिति और प्रतिभागियों की उम्र को ध्यान में रखते हुए, उचित विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया कि हमारा प्रतिनिधिमंडल विश्व कैडेट शतरंज चैंपियनशिप-2023 में भाग नहीं लेगा। भारतीय शतरंज निकाय ने कहा कि हमारे युवा खिलाड़ियों की सुरक्षा के सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया क्योंकि गाजा पट्टी शर्म अल शेख से केवल 397 किलोमीटर दूर है और संघर्ष अल्प सूचना पर मध्य पूर्व में वाणिज्यिक एयरलाइनों को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकता है।

## 2028 ओलंपिक

## भारोत्तोलन, आधुनिक पेंटाथलॉन को मिली मंजूरी

# मुक्केबाजी अभी भी संदेह के घेरे में



**एजेंसी।** 2028 में लॉस एंजेलिस ओलंपिक में खेल कार्यक्रम में मुक्केबाजी को शामिल करना अभी भी अनिश्चित है, भले ही अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के कार्यकारी बोर्ड ने भारोत्तोलन और आधुनिक पेंटाथलॉन को शामिल करने को मंजूरी दे दी है। ये तीन खेल उन 28 खेलों में से नहीं थे जिन्हें आईओसी ने इस साल फरवरी में लॉस एंजेलिस 2028 के लिए मंजूरी दी थी। अब यह सिफारिश सोमवार (15 अक्टूबर) से मुंबई में होने वाले 141वें आईओसी सत्र के दौरान रखी जाएगी।

आईओसी ईबी ने शुक्रवार को ओलंपिक में एक खेल के रूप में मुक्केबाजी की स्थिति पर चर्चा की क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) की मान्यता रद्द कर दी गई है और उसने फैसला किया है कि उसके लिए टोक्यो 2020 की तरह प्रतियोगिताओं का आयोजन करना संभव नहीं है और 2024 पेरिस में भी आयोजन नहीं हो पायेगा। आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाक ने कहा कि चूंकि उसके पास मुक्केबाजी के लिए कोई मान्यता प्राप्त भागीदार नहीं है, इसलिए ईबी ने 2028 में लॉस एंजेलिस ओलंपिक खेलों में इस खेल को शामिल करने पर रोक लगाने का फैसला किया है।

बाक ने शुक्रवार को मुंबई में कार्यकारी बोर्ड की दो दिवसीय बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, आईबीए की मान्यता वापस लेने के आईओसी सत्र के फैसले के बाद, आईओसी ने ओलंपिक मुक्केबाजी के लिए किसी अन्य शासी निकाय को मान्यता नहीं दी है। इसलिए, 2028 खेल कार्यक्रम में मुक्केबाजी को शामिल करने के संबंध में किसी भी निर्णय को रोक दिया गया है।

अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ द्वारा डोपिंग रोधी प्रबंधन को अंतर्राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी को सौंपने और 2028 के अंत तक कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट (सीएएस) को इसकी मंजूरी देने पर सहमति के बाद ईबी ने 2028 में भारोत्तोलन को शामिल करने की सिफारिश की है।

आईओसी ने शुक्रवार की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद जारी एक बयान में कहा, अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्लूएफ) द्वारा अपने डोपिंग रोधी प्रबंधन को अंतर्राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) को सौंपने और खेल पंचाट न्यायालय (सीएएस ) को इसकी मंजूरी देने के फैसले के बाद ईबी ने 2028 खेल कार्यक्रम में इसे शामिल करने की सिफारिश की है।

इसमें कहा गया है, पेरिस 2024 ओलंपिक योग्यता और ओलंपिक प्रतियोगिता के लिए डोपिंग रोधी कार्यक्रमों की प्रभावशीलता पर आईओसी द्वारा बारीकी से नजर रखी जाएगी, साथ ही आईडब्ल्यूएफ द्वारा अपनाए गए शासन और सांस्कृतिक परिवर्तनों के कार्यान्वयन पर भी नजर रखी जाएगी। ईबी ने 2028 खेल कार्यक्रम में आधुनिक पेंटाथलॉन को शामिल करने की भी सिफारिश की, क्योंकि इस खेल के लिए अंतरराष्ट्रीय महासंघ ने घुड़सवारी को, जो इस खेल में शामिल पांच विषयों का हिस्सा है, बाधा दौड़ के साथ बदलने पर सहमति व्यक्त की है। 2028 कार्यक्रम में इसे शामिल करने का एक अन्य कारण लागत और जटिलता को कम करने के लिए इंटरनेशनल मॉडर्न पेंटाथलॉन यूनियन (यूआईपीएम) द्वारा किया गया अनुकूलन कार्य था।

आईओसी के बयान में कहा गया है, घुड़सवारी को बाधा दौड़ से बदले बिना, इस खेल को कार्यक्रम में शामिल नहीं किया जाता। 2028 में आधुनिक पेंटाथलॉन प्रतियोगिताओं में अब बाधा दौड़, तलवारबाजी, पिस्तौल शूटिंग, फ्रीस्टाइल तैराकी और क्रॉस-कंट्री दौड़ शामिल होगी।

# चोट की चिंताओं के बीच फॉर्म में नजर आए मेसी



**एजेंसी। ब्यूनस आयर्स**

लियोनल मेसी ने विश्व कप क्वालीफायर में अर्जेंटीना की पराग्वे पर 1-0 की घरेलू जीत में दूसरे हाफ में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद अपनी फिटनेस को लेकर चिंताओं को दूर किया। मेसी, जो इन दिनों मांसपेशियों की समस्या से उबरने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वह दक्षिण अमेरिकी जोन 2026 विश्व कप क्वालीफायर में 53वें मिनट में जूलियन अल्वारेज के सबस्टिट्यूट के रूप में मैदान में आए। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 36 वर्षीय इंटर मियामी फॉरवर्ड ने अंतिम 20 मिनट में दो बार वुडवर्क पर हमला कर तत्काल प्रभाव डाला। इस दौरान टीम ने पराग्वे पर 1-0 से घरेलू जीत दर्ज की। मेसी ने कहा, मुझे अच्छा लग रहा है। मैं इतनी देर खेलने में सक्षम था, ये मौका मुझे लंबे समय के बाद मिला। मैं इस तरह महसूस करना जारी रखने के लिए जितना संभव हो सके प्रशिक्षण लेना चाहता हूं। मौजूदा विश्व चैंपियन अब अपना ध्यान मंगलवार को लीमा में पेरू के खिलाफ अपने अगले क्वालीफायर पर लगाएंगे।